वर्ष-31, अंक- 264, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 01, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
11 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### टोरी कोल साइडिंग में अपराधियों ने हाइवा में लगाई आग

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित कोल साइडिंग परिसर में एक बार फिर अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने साइडिंग में खड़ी एक हाईवा को आग के हवाले कर दिया। घटना बुधवार देर रात की है। करीब तीन की संख्या में आए अपराधियों ने तांडव मचाया। इस दौरान अपराधियों ने कोयला अनलोड कर साइडिंग में खड़ी एक हाईवा में पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। इस दौरान दहशत फैलाने के उद्देश्य से लगभग तीन राउंड फायरिंग भी की व घटना स्थल पर राहुल दुबे गैंग के नाम से धमकी भरा हस्तलिखित पर्चा छोड़ गये। इधर अपराधियों के जाने के बाद मौजूद कर्मियों ने हाईवा में लगे आग को बुझाया तब तक हाईवा पूरी तरह से जल चुका था। घटना की सूचना मिलने के बाद रात्रि में ही पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे लेकिन तब तक अपराधी मौके से फरार हो चुके थे। घटना स्थल से पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के नाम से पर्चा बरामद किया है। इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 161/25 दर्ज कर राहुल दुबे और प्रदीप गंझु को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

### दिन दहाड़े युवक को मारी गोली, घायल

**मझिआंव।** मझिआंव थाना अंतर्गत मुखदेव+2 उच्च विद्यालय के समीप चौराहे पर गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे अज्ञात अपराधियों ने चंदना गांव निवासी साकिब खान को गोली मारकर घायल कर दिया। वहीं घटना के बाद हाईस्कूल चौक पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। जिसके बाद आनन फानन में घायल साकिब खान को रेफरल अस्पताल मझिआंव लाया गया। जहां प्रथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति साकिब खान ने आरोप लगाया है कि उनका पड़ोसी सफीर खान के पुत्र वसीम खान के साथ उनका विवाद हुआ था। सुबह उसने धमकी दी थी कि आज गोली मरवा देंगे। साकिब खान ने बताया शेष पेज 11 पर...

## आज / कल




### मनातू के बंशीखुर्द में वन भूमि पर जुताई कर अवैध कब्जे की कोशिश

# वन विभाग की टीम पर हमला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के बंशीखुर्द में बुधवार की रात वन की जमीन पर अवैध कब्जा रोकने गई वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया।

प्रभारी वनपाल सहित सात वन कर्मियों की जमकर पिटाई कर दी गई। गंभीर रूप से जख्मी ड्राइवर को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है। सूचना मिलने पर मनातू पुलिस ने सभी वन कर्मियों को बाहर निकाला, जबकि हमला करने वाले ग्रामीण ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए हैं। वन विभाग के अनुसार मनातू के प्रभारी वनपाल संजय लकड़ा को बुधवार रात गुप्त सूचना मिली थी कि बंशीखुर्द गांव के गुलेरिया ढोढा में चौकीदार पिंटू कुमार राम फॉरेस्ट की जमीन पर कब्जा करने के लिए ट्रैक्टर से जुताई कर रहा है। सूचना पर सात वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और चौकीदार को रंगे हाथ पकड़ा। ट्रैक्टर को जब्त किया, लेकिन इसी बीच चौकीदार पिंटू ने शोर मचा कर ग्रामीणों को जुटा लिया और अचानक हमला बोल दिया। प्रभारी वनपाल संजय लकड़ा, फॉरेस्टर राजेश गुप्ता, वनरक्षी रंजीत कुमार यादव, इना यादव, मनोज कुमार और ड्राइवर देवशरण महतो की पिटाई शुरू कर दी। ड्राइवर सहित अन्य की वन कर्मियों ने किसी तरह गाड़ी में घुसकर अपनी जान बचाई। हालांकि इसके बाद भी चौकीदार पिंटू सहित अन्य ग्रामीणों ने ड्राइवर और वन कर्मियों की लाठी डंडे से पिटाई की।




सूचना मिलने पर मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और वन कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक की आंख सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। अन्य वनकर्मी का स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया।

इस संबंध में चौकीदार सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी है।

जख्मी चालक देवशरण ने गुरुवार सुबह एमएमसीएच में बताया कि बंशी खुर्द गांव में वन भूमि पर ट्रैक्टर से जुताई कर अतिक्रमण करने की सूचना मिली थी। वन कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करने की कोशिश की तो ग्रामीण उग्र हो गए। हमला कर दिया। ट्रैक्टर छुड़ा कर ले गए। गाड़ी में घुसकर जान बचाई। बाहर रहते तो मौत हो जाती। मनातू थाना पुलिस के आने के बाद उनकी जान बची।

इस संबंध में मनातू के प्रभारी थाना प्रभारी अनिश राज ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर मनातू वन प्रक्षेत्र के वनरक्षी सह प्रभारी वनपाल संजय लकड़ा ने 15 नामजद और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, वंशीखुर्द गांव के चौकीदार पिंटू राम समेत बिट्टू राम, मिठू राम, अरुण राम, प्रतिमा देवी, आरती देवी, सुनैना देवी, जीरवा देवी, रमेश राम, सुटन राम, कामेश्वर राम, जितेन्द्र राम, खुरजा भुइयां, मुकेश कुमार और संतोष कुमार को आरोपी बनाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त 15 से 20 अज्ञात महिला-पुरुष हमलावरों की भी पहचान की गई है, जो सभी लाठी-डंडा, रॉड और टांगी जैसे हथियारों से लैस थे। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### ग्रामीणों को उकसाने वाले दबंगों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएफओ

डीएफओ सत्यम कुमार ने कहा है कि क्षेत्र में कुछ दबंग तत्व हैं, जो ग्रामीणों को उकसाकर वन विभाग के कार्यों में बाधा डालते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की नजर ऐसे असामाजिक तत्वों पर है और उन्हें सख्त सजा दिलाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। इस मामले में मनातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी इस पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं। डीएफओ सत्यम कुमार ने बताया कि वे इस संबंध में पलामू एसपी से मिलकर वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराएंगे, ताकि दोषियों के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ददई दुबे नहीं रहे

- कांग्रेस ने खोया एक जमीनी नेता
- गांव की राजनीति से लेकर संसद व मंत्री पद तक का तय किया लंबा सफर
- दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में ली अंतिम सांस, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने जताया शोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह धनबाद के पूर्व सांसद, सह पूर्व मंत्री सह 79 वर्षीय मजदूर नेता चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का गुरुवार रात नई दिल्ली स्थित गंगा राम अस्पताल में निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार थे। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता एक ऐसे नेता को खो दिया, जो न केवल राजनीति के मंच पर हीं नहीं बल्कि आमजन के दिलों में भी राज करते थे। इनका जीवन संघर्ष, समर्पण व सेवा की मिसाल था। वे धनबाद से सांसद, झारखंड सरकार में मंत्री व मजदूरों की आवाज को सदन तक पहुंचाने वाले योद्धा थे। झारखंड की राजनीति का एक तेजस्वी चेहरा अब केवल स्मृतियों में रह गया है। उनकी ईमानदारी, बेबाक बोलने की शैली व जनता के लिए उनकी लड़ाई हमेशा विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। उन्के निधन पर राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने शोक जताया है।

हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य हृदयानंद मिश्रा ने ददई दुबे के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि बड़े भाई मजदूरों के मसीहा पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद चन्द्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे से मेरा पांच दशक पुराना आत्मीय संबंध था और वे मुझे अनुज की तरह स्नेह प्रदान करते थे। उनके निधन पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कमल किशोर पाण्डेय ने गहरा शोक व्यक्त किया है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को भी धैर्य प्रदान करे। झारखंड में कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाते थे चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे। बिश्रामपुर सीट से चार बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड उनके ही नाम पर है। साल 1945 में गढ़वा जिले के कंडी प्रखंड के चौका गांव में जन्मे चंद्रशेखर दुबे 1973 से 1985 तक बलियारी पंचायत के मुखिया रहे थे। 1985 में उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा और बिश्रामपुर से चुनाव लड़कर पहली बार विधायक बने थे।

शेष पेज 11 पर...

### भंडरिया पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में हुआ खुलासा

# धरातल पर नहीं मिला आम बागवानी योजना

- कई योजनाओं में प्राक्कलन राशि से अधिक कर दिया गया भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरिया।** बुधवार को भंडरिया पंचायत भवन के सभागार में मनरेगा योजना की पंचायत स्तरीय जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में भंडरिया पंचायत के आधा दर्जन आम बागवानी की योजनाएं धरातल पर नहीं पाए जाने का मामला सामने आया। इसके साथ ही मनरेगा के दीदी बाड़ी योजना में प्राक्कलन से अधिक भुगतान कर दिया गया। इसके साथ ही माफी पुस्तिका से कई योजनाएं में मुखिया पंचायत सचिव ने अधिक राशि की भुगतान कर दिया है। इसके अलावा दर्जनों योजनाओं का अभिलेख संधारण में त्रुटि पाया गया।

**137 योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण :** जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 23 /24 और 24 /25 में संचालित दीदी बाड़ी बिरसा हरित आम बागवानी सिंचाई कुप मेडबंदी और सोखता एवं अन्य प्रकृति की 137 योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जिसमें धरातल पर योजनाओं का गायब होने से लेकर प्राक्कलन से अधिक भुगतान और माफी पुस्तिका से अधिक भुगतान किए जाने जैसी 26 तरह की अनियमिताएं सामने आई। जनसुनवाई के दौरान जीवरी सदस्यों ने अनियमित के मामले में मुखिया पंचायत शेष पेज 11 पर...

# कैदियों, अधिवक्ता व जजों की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेवारी : डीआईजी

- डीआईजी नौशाद आलम ने जिला न्यायालय का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नौशाद आलम ने गुरूवार को जिला न्यायालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोर्ट परिसर के साथ साथ हाजत की सुरक्षा व्यवस्था को देखा। सुरक्षा व्यवस्था में कई खामियां मिलने पर उन्होंने पुलिसकर्मियों को कड़ी फटकार लगायी और तत्काल सुधार करने के निर्देश दिया। डीआइजी के साथ मेदिनीनगर के एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद भी थे। डीआइजी अचानक जिला न्यायालय पहुंचे और एक-एक करके तमाम सुरक्षा व्यवस्था का शेष पेज 11 पर...

### देवघर श्रावणी मेले का उद्घाटन उमड़ी भीड़

**रांची।** देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का उद्घाटन पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, श्रम मंत्री संजय यादव और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। 11 जुलाई से देवघर का विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू हो रहा है, जहां अब श्रद्धालु सुल्तानगंज से दुम्मा द्वार होते हुए देवघर के बाबा धाम मंदिर में जलाभिषेक करने सीधे पहुंच सकेंगे।

### 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

# रांची मेट्रो रेल परियोजना को स्वीकृति दें : हेमंत सोरेन

- बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे पर सहमति
- झारखंड के धार्मिक स्थलों को रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट में शामिल किया जाए

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रांची में गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य की समस्याओं, विकास की जरूरतों और लंबित मामलों को विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री ने झारखंड की ओर से 31 अहम मुद्दों को उठाते हुए राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

**सांस्कृतिक विरासत और साझा समस्याएं :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू की धरती से अतिथियों का स्वागत करते हुए की। उन्होंने कहा कि बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड की साझा सांस्कृतिक विरासत हमें एकजुट करती है। हमारी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां भी समान हैं। ऐसे में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद राज्यों के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग का मंच है। सीएम सोरेन ने खनन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और कमजोर वर्गों पर खनन के नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए मुख्यमंत्री ने डीएमएफटी नीति में संशोधन कर खनन प्रभावितों को अधिक लाभ देने की मांग की।

**केंद्रीय बलों की नियुक्ति पर राज्यों से राशि नहीं मांगी जाए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवाद से निपटने में झारखंड सरकार ने सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया है। उन्होंने केंद्र से मांग की कि केन्द्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति के एवज में राज्य से राशि की मांग नहीं की जाए, क्योंकि यह संयुक्त जिम्मेदारी है।

**मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए मदद की अपील :** उन्होंने कहा कि झारखंड में कुपोषण की स्थिति में सुधार हो रहा है, लेकिन इसे मजबूत करने के लिए 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के तहत 312 करोड़ रुपये की राशि शीघ्र दी जाए। इसके शेष पेज 11 पर...

### राज्यों के विकास में केंद्र हमेशा तत्पर : गृह मंत्री

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में गुरुवार को रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक में चार राज्यों झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से जुड़े 20 महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक सहमति बनी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राज्यों के समावेशी विकास की कार्ययोजनाओं के लिए हरसंभव मदद को तत्पर है। उन्होंने राज्यों की ओर से रखी गई मांगों पर समुचित कार्रवाई का भी भरोसा दिलाया। बैठक में चारों राज्यों की सरकारों ने विकास, जनकल्याण, क्षेत्रीय संतुलन, जल संसाधनों के वितरण और अपराध नियंत्रण से संबंधित विषयों पर बेहतर समन्वय के साथ काम करने का संकल्प लिया। बिहार की ओर से बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि बिहार में गंगा, कोसी सहित अन्य नदियों से होने वाले जलस्राव और गाद के कारण हर साल आने वाली बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए व्यापक गाद प्रबंधन नीति बनाने पर बैठक में सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि बैठक में बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे पर सहमति बन गई है। इन्द्रपुरी जलाशय और बाणसागर समझौते के तहत इस नदी का 5.75 एमएएफ जल बिहार को और 2.00 एमएएफ जल झारखंड को आवंटित होगा। बिहार सरकार के प्रतिनिधियों ने बैठक में फरक्का बराज के निर्माण शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# राजनीतिक ताकत बनती जनसंख्या पर काबू करेगा कौन?



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

बहुत पहले पीएम इंदिरा गांधी ने कहा था कि जितनी योजनाएं बनती हैं सभी ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो जातीं हैं और 1975 में तब के लोकप्रिय युवा नेता संजय गांधी का नसबंदी का अभियान जबरन टार्गेट पूरा करने के कारण विवादास्पद हो गया था पर इसकी अनिवार्यता को दर्शाता है जो आज वोट बैंक राजनीति और जनसंख्या को ही राजनीतिक ताकत बनाए जाने के कारण लगभग असंभव हो गया है । संभवतः इसी कारण जातीय जनगणना को हथियार बनाने वाले विपक्ष के सामने केंद्र सरकार भी जनसंख्या नियंत्रण की मात्र औपचारिकता पूरी कर रही है जबकि इसे स्वच्छ भारत अभियान,योग और डिजिटल इंडिया,खेलो इंडिया जैसी प्राथमिकता देनी चाहिए थी। देश में चुनौती बनती जनसंख्या वृद्धि पर रोक के लिए लंबे समय से कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे उपायों पर विचार कर रही हैं, अन्य चुप हैं । भारत जैसी जनसंख्या वाले चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दंपति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दंपतियों को तीन बच्चे करने की अनुमति वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट थी पर भारत की स्थिति विचित्र है।जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और



जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण के प्रयासों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बिना कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि अभिजात्य वर्ग की महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है। स्थिति यह है कि महानगरों की तरह झारखंड में भी पति-पत्नी यदि प्राइवेट या बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी करते हैं तो करियर के लिए बच्चों से परहेज करने लगे हैं तो दूसरी ओर अधिकाधिक बच्चों की अपील करने वाले समुदाय भी हैं जो इसे भीड़ के आधार पर सरकार पर कब्जा के रूप में देखते हैं।

# रात्रि गश्ती के बजाय अवैध वसूली में मशगुल पुलिसकर्मी



- प्रतिदिन रात्रि मालवाहक वाहनों से होती है हजारों की कमाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहरी क्षेत्र में पुलिस रात में मेदिनी ागर रांची मुख्य सड़क पर गस्ती के बदले ट्रक और अन्य मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली करती है। बताते चलें कि नो एंट्री खुलते ही ट्रक मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली शुरू हो जाती है। जिसे लेकर लगातार शिकायत मिलती रहती है। ताजा मामला बुधवार की रात देखा गया, जहां पुलिस वाहन खड़ा कर रेड़मा के सरकारी आईटीआई कॉलेज के सामने कई मालवाहक वाहनों को रोक कर पुलिस के जवान वसूली करते नजर आए। इस दौरान पुलिसकर्मी पैसे वसूलने में इतने मशगूल थे कि उनके द्वारा ऐंठे जा रहे पैसे का वीडियो बना लिया गया। फिर भी उन्हें इसका इल्म नहीं रहा।

**जांच के नाम पर पैसे की उगाही**

रात के करीब 10:30 बजे उक्त स्थान पर बारी-बारी से जांच के नाम पर रोक कर पूछताछ की जा रही थी इसके बाद वहां खड़े पुलिस जवानों द्वारा अवैध वसूली करते देखा गया। विदित हो कि रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ पर प्रतिदिन कई कोयला एवं अन्य सामान लदे ट्रक शहर से गुजरते हैं पुलिस जवानों द्वारा ट्रक में अवैध शेष पेज 11 पर...

# पांकी के निजी हॉस्पिटल में जच्चा-बच्चा की मौत

## परिजनों ने डॉक्टर व कर्मचारी पर लगाया नशे में ऑपरेशन करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिले के पांकी थाना क्षेत्र के लोहरसी रोड स्थित निजी किरण सिंह हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार देर रात की है जहां जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने निजी नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया। प्रसव हेतु किए गए ऑपरेशन में शामिल डॉक्टर और अस्पताल के कर्मि घटना के बाद कमरे में बंद हो गए । गुरुवार की सुबह जब मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिली जिसके मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों से हाथों-हाथ लिखित आवेदन भी लिया एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए किरण सिंह हॉस्पिटल के संचालक किरण सिंह एवं उनके पति अखिलेश यादव को हिरासत मे लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेदनीनगर सदर अस्पताल भिजवाया।





**स्थानीय लोगों ने किया हंगामा**

घटना की खबर मिलते ही निजी अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी, आक्रोशित भीड़ ने प्रशासन से तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े। जिसे पुलिस कर्मियों ने समझा बुझा कर वहां से हटाया। मिली जानकारी के अनुसार पांकी थाना क्षेत्र के कोनवाई निवासी सोनू कुमार सिंह ने अपनी पत्नी ममता देवी को प्रसव पीड़ा के बाद मेदिनीनगर में एक डॉक्टर से जांच कराई थी, जहां उसे रेफर किया गया था, रेफर के बाद ममता देवी को प्रसव के लिए पांकी स्थित किरण सिंह हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. जहां बुधवार की देर रात ऑपरेशन के दौरान ममता देवी और बच्चे की मौत हो गई। मृतका के पति सोनू सिंह ने बताया कि निजी नर्सिंग होम के संचालक ने कहा था कि वे स्थिति को संभाल लेंगे, रात में जब उनकी पत्नी की हालत बिगड़ने लगी तो उन्होंने रेफर करने की भी बात कही, लेकिन अस्पताल के डॉक्टर और अन्य कर्मचारियों ने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है, सब ठीक हो जाएगा। बाद में उनकी पत्नी और बच्चे की मौत हो गई। ममता देवी के चाचा सुरेंद्र सिंह का कहना है कि डॉक्टर और अन्य कर्मचारी नशे की हालत में मौजूद थे और शराब के नशे में ही ऑपरेशन कर रहे थे। इन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उन्होंने की है। मृतका के परिजनों की ओर से पांकी थाने में एक आवेदन भी दिया गया है जिसमें अस्पताल कर्मियों समेत उनके सहयोगी अन्य दो लोगों पर भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

**पूरे मामले की जा रही है जांच**

पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत होने की जानकारी मिली है। पीड़ित परिवार के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे मामले की सघनता से जांच कर रही है। फिलहाल अस्पताल के संचालक को हिरासत में ले लिया गया है।

**अवैध निजी नर्सिंग होम होंगे सील : सीएस**

घटना के संबंध में पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल निजी अस्पताल को सील किया गया है। इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र में अन्य निजी नर्सिंग होम की भी जांच की गई है। मापदंड पर खड़े नहीं उतरने वाले नर्सिंग होम संचालकों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की बातें उन्होंने कही है।

## सीताडीह की महिला से 49 हजार की ठगी



**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सीताडीह गांव निवासी मनीता कुमारी साइबर ठगी का शिकार हो गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को मनीता कुमारी को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को किसी सरकारी योजना से जुड़ा बताया और कहा कि उन्हें प्रसूति के लिए 9000 पैसा भेजा गया है उसे चेक कर लीजिए। इसके बाद उनके मोबाइल नंबर पर भेजे गए लिंक या कॉल पर बैलेंस चेक करने की बात कही गई। महिला ने जैसे ही बताए गए निर्देशों का पालन किया, तीन बार में कुल 49 हजार की निकासी हो गई। जब तक उन्हें कुछ समझ में आता, उनके खाते से पैसा साफ हो चुका था। वहीं पीड़िता मनीता के पति उमेश कुमार बाहर में मजदूरी कर घर चलाते थे।

### हुसैनाबाद में नगर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

## शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए जनसहयोग की जरूरत : एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को शहर के टाउन हॉल में एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता के निर्देश पर नगर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता ने की। संचालन कार्यपालक पदाधिकारी तरनिस कुमार हंस ने किया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने जल जमाव, अतिक्रमण, साफ सफाई, लाइट, और शहर में ट्रैफिक और यूरिनल आदि समस्याएं रखी गई। कार्यक्रम में निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा यह कार्यक्रम स्वागत योग्य है, कार्यक्रम को संबंधित करते हुए एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि नगर पंचायत की मुख्य समस्या जल जमाव, और अतिक्रमण है, इसका निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा की शहर को सुंदर और साफ सुथरा रखने में शहर वासियों का सहयोग जरूरी है। लोगों द्वारा बताए गए समस्याओं का निदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, समाजसेवी कृष्णा बैठा, एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सूर्यमणि सिंह, विधायक प्रतिनिधि खुर्शीद खान, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल मुख्य रूप से मौजूद थे। नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, अखिलेश यादव, नजिर अहमद, सुहैल आलम, कृष्णा बैठा, राजकुमार कश्यप, सुरेश मेहता, राजा ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, सोनी कुमारी, रीता, छाया, लता, अनुराधा , मीना देवी , अजय प्रसाद गुप्ता, राजेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



## मनाई गई 11वीं पुण्यतिथि

**ऊंटारी रोड़।** भारत सरकार के सलाहकार सह भाजपा नेता रामाशीष यादव की माता स्वर्गीय मन्ना देवी की ग्यारहवीं पुण्यतिथि मझिआंव-ऊंटारीरोड स्थित स्कूली बच्चों द्वारा पैतृक भूमी सिंडहा में पुस्प गुच्छ और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गयी। कार्यक्रम स्थल में सैकड़ों गरीब-असहाय महिलाओं और पुरूषों को राशन, अंग वस्त्र प्रदान किया गया। वहीं स्कूली बच्चों के बीच लेखन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित होकर स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। पुरे घर परिवार,समाज के द्वारा उनके पुण्य कर्मों को यादकर नम आंखों से स्मारक पर पुष्प गुच्छ तथा माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी गयी। तमाम उपस्थित सैकडों लोगों के साथ-साथ घरेलू सदस्यों में जेपी यादव, कृष्णा यादव, विश्वनाथ यादव, विजय यादव, पंचायत के उप मुखिया कर्मदेव यादव, केवल यादव, श्यामराज यादव,नरेश यादव, मुखराज यादव, सुरेश यादव, उमेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बस की चपेट में आने से 8 वर्षीय बच्चा घायल

**ग्रामीणों ने बस को कब्जे में लेकर थाना को सौंपा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** एनएच 139 औरंगाबाद-पंड़वा मुख्य पथ स्थित बाना गांव में सड़क पार करने की क्रम में 8 वर्षीय फैयाज खान नाम का बच्चा बाबा भोलेनाथ बस की चपेट में आ गया। घटना में बच्चे के सर में गंभीर चोट आई है। बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिवार के सदस्य संयुक्त स्थानीय लोगों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस मेदिनीनगर की ओर से लगभग 11:00 बजे औरंगाबाद की ओर जा रही थी। बालक सड़क पार कर रहा था, इसी क्रम में बस की चपेट में आ गया। मौके का फायदा उठाते हुए चालक गाड़ी छोड़ भागने में सफल रहा।



## श्रीराम जानकी मंदिर हैदरनगर में लगा श्रद्धा व भक्ति का संगम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** आषाढ़ मास की गुरु पूर्णिमा के पर हैदरनगर चौक बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर में गुरुवार को डूबा रहा। वैष्णव संप्रदाय के श्रद्धालुओं ने जगदाचार्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज की प्रतिमा का विधिवत पूजन कर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूजन कार्यक्रम जगतगुरु गोविंदाचार्य स्वामी जी महाराज के विशेष सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित सृष्टिकांत मिश्र, जयप्रकाश स्वामी, दिलीप तिवारी, प्रयाग तिवारी और दीन दयाल पांडेय पूजा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर अपने प्रवचन में स्वामी गोविंदाचार्य जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करने का पर्व है। त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के जीवन से हमें सच्चे ज्ञान, त्याग और आध्यात्मिकता का मार्गदर्शन मिलता है। गुरु ही हमारे जीवन में प्रकाश की वह लौ हैं, जिनके बिना आत्मिक उन्नति संभव नहीं। आरती के उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की सफलता में कृष्णा लाल अग्रवाल, ओम लाल अग्रवाल, नर्वदेश्वर सिंह, अरुण दुबे, शिवनंदन सिंह सहित अन्य श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा है। सभी श्रद्धालुओं ने भक्तिरस में डूबकर अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। गुरु पूर्णिमा का यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश भी लेकर आया है।

## हत्या मामले के आरोपी घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 114/24 के आरोपी बुधन मोची पिता स्व. बालेश्वर मोची ग्राम रेवारातु थाना लेस्लीगंज के घर पर बीएनएस 103(1), 238(ख)3/5 के तहत इश्तेहार चिपकाया गया। इस्तेहार के माध्यम से आरोपी को जिला न्यायालय के समक्ष पेश होने को कहा गया। मौके पर लेस्लीगंज थाना के सब इंस्पेक्टर राजू मांझी एवं सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

## 39 गांवों के 8501 घरों में पीने के पानी की सुविधा नहीं

**शंभू चौरसिया**

**केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन अधर में लटकी**

**मोहम्मदगंज।** प्रखड के 39 गांवों के 8501 घरों में जलजीवन मिशन की हर घर नल-जल योजना के तहत विशुद्ध जलापूर्ति का सपना पूरा नहीं हुआ। जबकि मार्च 2025 में ही इस काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित था। बताया जाता है कि कोयल नदी में कोल्हुआ गांव के समीप इंटकवेल और सोनबरसा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू किया गया है। लेकिन इंटकवेल के प्रारुप के अनुरूप नहीं बनाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विभागीय स्तर इसे फिर से बनाने का आदेश दिया गया है। पाइप आपूर्ति तो कर दी गई है, लेकिन इन्हें बिछाने का काम शुरू तक नहीं किया गया है।



**बस बुनियादी ढांचा भर तैयार**

पंसा-रामबांध एमवीएस के तहत आवंटित इस योजना के तहत कादलकुर्मी में 1.30,सोनबरसा में 8.30, डाली में 4 और गोड़ाडीह में 2.30 लाख लीटर की क्षमता की पानी टंकियों का निर्माण तो शुरू किया गया है, लेकिन कादलकुर्मी में कुछ ज्यादा जबकि अन्य स्थानों में बुनियादी ढांचा भर तैयार किया गया है। इसकी स्थिति का जाएजा लेने के बाद सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि इस प्रखंड में मात्र 15 प्रतिशत कार्य हुआ है। कंपनी दिसंबर 2024 से कार्य बंद कर लापता हो गई है। वस्तु स्थिति से सांसद विष्णुदयाल राम को अवगत कराएंगे। सांसद केंद्र सरकार की इस महत्त्वाकांक्षी योजना को पूरा कराने को लेकर गंभीर है।

## न्यूज बॉक्स

### बिलासपुर में मना गुरु पूर्णिमा सह गुरु दक्षिणा उत्सव

**हैदरनगर।** हैदरनगर (हरिनगर) खंड के बिलासपुर मंडल अंतर्गत स्वामी विवेकानंद संयुक्त विद्यार्थी शाखा लपेया (आरएसएस) में गुरु पूर्णिमा उत्सव सह श्री गुरु दक्षिणा कार्यक्रम पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इसमें मुख्य बौद्धिक कर्ता संघ के पलामू विभाग के विभाग बाल कार्य प्रमुख शशि कुमार ने अपने मुखारबिंद से गुरु पूर्णिमा उत्सव सह गुरु दक्षिणा कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संघ भगवा ध्वज की ही गुरु मानकर गुरु पूजन कर करता है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी जाति पंथ से उपर उठकर धर्म के उत्थान के लिए सभी वर्ग के लोगों को एकजुट होकर एकता का परिचय देना देशहित में जरुरी है। जिससे उनके धर्म के साथ राष्ट्र मजबूत हो सकेगा। मौके पर उपस्थित संघ के अन्य अधिकारी, विभाग सेवा प्रमुख पलामू देवदत कुमार सिंह, खंड कार्यवाह हरिनगर संजय मेहता, खंड व्यवस्था प्रमुख शिवम कुमार, बिलासपुर मंडल प्रमुख दीपक कुमार मेहता, अभिषेक कुमार, राजकुमार राम, अभिवावक नर्वदेश्वर मेहता सहित संघ के अन्य स्वसेवक दीपक सिंह, रंजीत सिंह, जितेंद्र मेहता, ललन मेहता, नवीन कुमार, ऋषभ कुमार कुल 31 स्वयंसेवक शामिल है।

### 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने का निर्णय

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कार्यकताओं की बैठक स्थानीय कार्यालय में हुई। जिसमें आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने पर चर्चा हुई। सभी ने पूर्व की भांति इस वर्ष भी विजय दिवस मनाने पर सहमति जताई। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से इस वर्ष पहलगाम आंतकी हमला के बाद भारतीय सैनिकों द्वारा आपरेशन सिन्दूर के तहत आंतकी ठिकानौं को ध्वस्त किया गया था, इस पर चर्चा रहेंगी। जो क्षेत्र के गांव देहात के सभी निवासियों के लिए उत्साह वर्धन ,जोश एवं देश भक्ति का भाव पैदा करेगा। इस कार्यक्रम में विषेश रूप से क्षेत्र के वीर नारीयों के अलावा सभी प्रशासनिक पदाधिकारी , गनमान व्यक्ति आमंत्रित किए जाएंगे। साथ ही सभी कॉलेज, स्कूल एवं एनसीसी कैडेट्स भी इस विजय दिवस समारोह में आमंत्रित हैं। पहले भी कई स्कूल के बच्चे बच्चियां एनसीसी कैडेट्स समारोह में देश भक्ति के उपर कार्यक्रम किए हैं, जिनमें देश भक्ति गाने , झांकियां चंचित रही हैं। कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कॉलेज एवं स्कूली बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने कार्यक्रम की तैयारी करने हेतु सभी को जिम्मेंदारी दिया। जिसमें कार्यक्रम आयोजन करने हेतु प्रशासन द्वारा अनुमति प्रदान करना, कार्यक्रम के लिए मंच की तैयारी,आमंत्रण इत्यादि शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन दुखन, सुबेदार रामटहल मेहता, दिलिप मेहता, प्रसाद सिंह, असर्फी पाल, अक्षय सिंह, यदुनंदन ठाकुर, लालू पासवान शामिल हुए।

### पांडू के कजरूखुर्द से कावडियों का पहला जत्था रवाना



**पांडू।** प्रखंड के कजरूखुर्द से 45 कावड़ियों का पहला जत्था गुरुवार के दिन विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह एंव जवाहर पासवान ने सावन की पहली सोमवारी पर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने हेतू भगवा झंडा दिखाकर एंव अंगवस्त्र देकर बाबा धाम के लिए रवाना किया। भगवान शिव को समर्पित पवित्र महीना सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। पहली सावन सोमवार 14 जुलाई को होगी। सावन की पहली सोमवारी पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कजरूखुर्द से 45 श्रद्धालुओं का जत्था गुरुवार को बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हुआ। सभी श्रद्धालु गुरुवार की सुबह सिबंडीह बगीचा में इकट्ठा हुए और यहां से बोल बम का जयकारा करते हुए निजी वाहनों से बाबा की नगरी देवघर के लिए रवाना हुए। कांवरियों का यह जत्था 14 जुलाई को देवघर में बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेगी इसके बाद नेपाल के जनकपुर, पशुपतिनाथ मंदिर, नेपाल पोखर, चितवन, नगरकोट, गोरखपुर गोरखनाथ धाम, अयोध्या होते कजरूखुर्द वापस होंगे। मौके पर शत्रुघ्न सिंह, शमशेर आलम, बिक्रमा पांडेय,भूपेंद्र पांडेय,सुरेश सिंह, बजरंग सिंह, लव विश्वकर्मा, पंकज पांडेय, निखिल पांडेय, सतवीर सिंह, कृष्णा ठाकुर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## सिग्सिगी में मनायी गयी महर्षि वेद व्यास की जयंती

**ऊंटारी रोड़।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी में बेलवादामर चौक पर गुरुवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वेदव्यास जी की चित्र को सजाया गया। तत्पश्चात दीपप्रज्वलित कर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए झारखंड निषाद विकास संघ के पलामू जिला अध्यक्ष अनूज कुमार चौधरी ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना असंभव है। कार्यक्रम में क्याश चौधरी, मुंद्रिका चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, लालू चौधरी, विजय चौधरी, प्रेम चौधरी, सुरेश चौधरी, विनोद चौधरी, दशरथ चौधरी, राजकुमार चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## करंट लगने से बुजुर्ग की मौत, पुत्र बधू गंभीर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गाजी बिहरा गांव निवासी 65 वर्षीय हरि साव की मौत करंट लगने से हो गई। उन्हें बचाने के प्रयास में उनकी 35 वर्षीय पुत्र वधू सोनी देवी भी झुलस गई। दोनों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ले जाया गया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने हरि साव को मृत घोषित कर दिया। जबकि सोनी देवी का इलाज किया जा रहा है। वह खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया गया कि घर की बिजली बनाने के दौरान तार जोड़ने के क्रम में हरि साव बिलजी करंट लगने से वहीं गिर गए। बच्चे द्वारा शोर मचाने पर उनकी पुत्र वधू सोनी देवी पहुंच कर उन्हें बचाने का प्रयास किया।

## एसडीओ ने किया जमुआ मध्य विद्यालय का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एसडीओ ओम प्रकाश गुप्ता ने अनुमंडल क्षेत्र के राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमुआ विश्वसिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अंचलाधिकारी पंकज कुमार थे। एसडीओ ने विद्यालय के विधि व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही विद्यालय संबंधित रजिस्टरों और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। जहां एसडीओ ने विद्यालय से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट देख प्राचार्य को विद्यालय सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालय के ड्राप आउट बच्चो को पुनः नामांकन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित विद्यालय के शिक्षकों से भी वार्ता कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विषय सम्बंधित प्रैक्टिकल की भी जानकारी देने का निर्देश दिया। इसके बाद एसडीओ ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अमही के कक्षाओं, शौचालय, रंग रोगन व छात्र-छात्राओं के मिलने वाले मूलभूत सुविधाओं आदि का भी निरीक्षण कर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि विद्यालय निरीक्षण के दौरान एक ही स्थान पर चार बुथ वाले विद्यालय से एक बुथ को अलग करने की प्रकिया भी शुरू की गई है।

## 50 किसानों बीच उरद बीज का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड कार्यालय स्थित कृषि तकनीकी सूचना केंद्र में परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (कृषि उन्नति योजना) के तहत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चौरा गांव के 50 किसानों के बीच सौ प्रतिशत अनुदान पर उरद बीज का वितरण जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार एवं एनएफएसएनएम जिला नोडल अधिकारी मनोज कुमार सिंह उपस्थिति में किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि सरकार ऐसा किसानों को खेती में बढ़ावा देने के लिए कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कि बीज का समय पर वितरण किसानों की आय और उत्पादकता में वृद्धि लाएगा। वहीं मनोज कुमार सिंह ने किसानों को बीज रोपण से पहले उसका उपचार करने की सलाह दी, जिससे फसल रोगमुक्त रहे। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार प्रगतिशील किसान चतुर्गुण राम एवं लाभुक किसान अरविंद दुबे, ओमनाथ पांडे, चंदन कुमार, अरुण महतो, नीलम महतो, किरण देवी, बीरबल महतो, सजन पासवान, गीता देवी समेत 50 किसान मौजूद रहे।

**पूजा-पाठ**

### आस्था व आकर्षण के प्रमुख केंद्र में शामिल है विश्वकर्मा-महादेव मंदिर

## सावन पर अभिषेक को लेकर विशेष तैयारी में जुटे श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराने पंचायत और वर्तमान में राजस्व भवन के पार्श्व में स्थित विश्वकर्मा-महादेव मंदिर भी अन्य धार्मिक स्थलों के साथ आसपास के श्रद्धालओं की आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन गए हैं। इन मंदिरों की प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान फरवरी 2024 में यज्ञोपवित के साथ किया था। इसमें व्यापक रूप से विश्वकर्मा समाज के श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। महज डेढ साल में ही श्रद्धालुओं की देखभाल और सेवा भावना की वजह से मंदिर परिसर हरा-भरा बन गया है। इससे इसकी रमणीयता देखते ही बनती है। इस सावन में भगवान शिव के अभिषेक को लेकर श्रद्धालु विशेष तैयारी में जुट गए हैं। बताया जाता है कि वर्षों पहले भी इस स्थल पर आस्था के केंद्र के रूप में गीता भवन स्थापित था। जो बाद में विरान हो गया था। इसी बीच 80 के दशक में विश्वकर्मा समाज के लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना शुरू कर दी। मंदिर भी बनाया। 17 सितंबर को हर साल इस समाज के लोग जुटकर भगवान विश्वकर्मा की धूमधाम से पूजा करते रहे थे। गत वर्ष विश्वकर्मा-महादेव मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के प्श्चात अब इसकी भी पवित्र-पावन स्थल के रूप में विशेष पहचान बन गई है। इसके साथ ही भीमचूल्हा और भजनियां सहित अन्य शिव मंदिरों और स्थानीय और भजनियां, सोनबरसा,भाली, माली के भव्य सप्तमातृका धाम के साथ ही धार्मिक महत्व के स्थलों की श्रृंखला में यह मंदिर भी शामिल हो गई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि श्रृंखलाबद्ध मंदिरों की वजह से भीमचूल्हा पर्यटक स्थल के साथ-साथ धार्मिक महत्व के स्थल के रूप में इस प्रखंड की पहचान बन गई है।



# चैनपुर-नेवरा रोड का निर्माण जल्द हो : अरुणा शंकर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर नेवरा रोड में कल एक और हुए दुर्घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कही। आखिर कितने लोगों को जख्मी करेगा चैनपुर नेवरा रोड और कब प्रशासन एवं जवाबदेह लोगों की आंख खुलेगी। प्रथम महापौर ने कहा बुधवार रात सुनील कुमार गुप्ता जो चैनपुर बाजार मोहल्ला वार्ड नंबर 35 का रहने वाला है। रतनलाल हीरो होंडा से काम कर चैनपुर नवरा मार्ग से घर लौट रहा था जो रोड में बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरा होने के कारण समझ नहीं सका और गिर गया जहां गड्ढे में पड़ा शीशा से उसका पेट बुरी तरह कट गया जिसे कई टांके लगे हैं। प्रथम महापौर ने कहा हर वर्ष बरसात आने पर ऐसी कई घटनाएं होती लेकिन प्रशासन एवं जवाबदे लोग खामोश रहते हैं। रोटरी स्कूल के बच्चे बरसात के दिनों में टेंपो पलटने के डर से स्कूल नहीं जाते, प्रसूति वाली महिलाएं उस मार्ग से आवागमन बंद कर देती, कई गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो रही लेकिन किसी के कान में जू नहीं रेंग रहा ' प्रथम महापौर ने कहा अगर अभी प्रशासन उस मार्ग का तत्काल रिपेयर नहीं कराया तो चैनपुर शाहपुर की जनता, रोटरी स्कूल के बच्चे, पलामू चैंबर के सदस्यों एवं पांचों वार्ड के पार्षद के साथ मैं खुद धरने पर तब तक बैठूंगी जब तक इसका समाधान ना निकले। प्रथम महापौर जख्मी बच्चा सुनील कुमार से बात की और कहा आप जल्द स्वस्थ हो आपकी चिंता मुझे है आपके इलाज का खर्च में बहन करूंगी।

**पवित्र श्रावण मास की शुरुआत आज से**

# भगवान शिव को जल दूध अर्पित कर भक्त मांगेंगे आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र श्रावण मास का शुक्रवार से शुभारंभ हो जाएगा। इस दौरान पूरे श्रावण माह भी भगवान भोलेनाथ के अनेक भक्त पूरे श्रावण मास उनकी अराधना, व्रत आदि करते हैं। जहां मंदिरों में प्रतिदिन पूरे मास भक्तगण भगवान शिव का दूध एवं गंगाजल आदि से अभिषेक करते हैं। वहीं मंदिरों में विशेषकर सोमवार एवं शिवरात्रि के दिन भारी भीड़ रहती है। श्रावण मास का प्रतिपदा की शुरूआत के बाद शुक्रवार से ही शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारों के साथ शिव की विशेष पूजा अर्चना का दौर शुरू हो जाएगा। जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध मंदिरों नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, कामना पूर्ति शिव मंदिर, पहाड़ी शिव मंदिर, बुढ़वा शिव मंदिर, पुलिस लाइन रोड स्थित शिवालय, शिव शक्ति धाम सुदना में शिवरात्रि के दौरान पूरे माह के साथ श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भक्तों की देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ लगती है। भक्त इस दौरान भक्तगण दूध, दही, शहद, गंगाजल, घृत, भांग, धतूरा, शमी के पत्ते, फल, फूल आदि सामान समर्पित कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करते है। इसके अतिरिक्त जिले से बड़ी संख्यामें पूरे माह भक्तों देवघर स्थित बाबा नगरी जाते हैं।वहीं हजारों भक्त प्रत्येक सोमवार को उपवास रखते हैं। जबकि विभिन्न मंदिरों तथा अपने घरों में भक्ति रुद्राभिषेक एवं शिव चालीसा का पाठ कर भगवान शिव का आशीर्वाद मांगते हैं। इस दौरान महिलाओं में श्रावण मास को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है।

**सावन 2025 की अवधि :** सावन की शुरूआत 11 जुलाई यानी शुक्रवार से हो रही है। जिसकी समाप्ति 9 अगस्त को होगी। इस अवधि के दौरान कुल 30 दिन श्रावण मास को समर्पित होगा। इस दौरान पहली सोमवारी 14 जुलाई, दूसरी सोमवारी 21 जुलाई,तीसरी सोमवारी 28 जुलाई व चौथी सोमवारी 4 अगस्त को होगी।

# न्यूज बॉक्स

## रवींद्र तिवारी ने नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात की



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा परिषद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य रवींद्र तिवारी ने झारसुगुड़ा उड़ीसा में स्थापित होने वाले भारत पेट्रोलियम आउटलेट के अनापत्ति प्रमाणपत्र में किये जा रहे अवरोधों से संवंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में परियोजना निदेशक एनएचएआई एवं भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किए। साथ ही सड़क सुरक्षा विषयक आवश्यक दिशा निर्देश संवंधित अधिकारियों को दिया। वहीं नयी दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ में गढ़वा विधायकसत्येन्द्र नाथ तिवारी के साथ मुलाकात कर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के गढ़वा आगमन एवं विशेष विकास योजनाओं की स्वीकृति हेतु आभार व्यक्त किया।

## भाजपाइयों ने पुजारियों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा प्रदेश कमेटी के निर्देश पर भाजपा नगर मंडल मेदनीनगर के कार्यकतार्ओं ने मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता के अध्यक्षता में मेदिनीनगर शहर के विभिन्न मंदिरों के पंडितों व पुजारियों को अंग वस्त्र एवं गुरु दक्षिणा देकर सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। महावीर मंदिर मुख्य बाजार मे कृष्णा पांडे, विष्णु मंदिर मुख्य बाजार संजय पांडे, शिव मंदिर थाना रोड चंदन पांडे, शनि मंदिर मोहन शर्मा और काली मंदिर मे सुरेश मिश्रा आदि को अंग वस्त्र और गुरु दक्षिणा दी गई। मौके पर जिला मंत्री सोमेश सिंह ने कहा कि भाजपा सामाजिक समरसता वाली पार्टी है। पार्टी सभी धर्मों के गुरुजनों का सम्मान करती है। देश में सदियों से गुरु शिष्य की परंपरा चलती आ रही है। आने वाली पीढ़ियों को सही मार्गदर्शन देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नगर अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने कहा कि हम पाश्चात्य सभ्यता का अनुकरण कर रहे हैं। जबकि हमारी संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है। मौके पर श्याम जी चौधरी आनंद कुमार संजय कुमार रंजीत गुप्ता नीतीश कुमार बलबीर कुमार बबलू मालाकार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समृद्धि की पाठशाला के बच्चों ने दिया पेड़ बचाने का संदेश

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित निःशुल चल रहे समृद्धि की पाठशाला जिसके पास जज्बा है समाज को कुछ देने के लिए। निःस्वार्थ सेवा करने वाले सदस्यों की जितनी तारीफ की जाए कम होगी। जिस तरह के बच्चे इस पाठशाला में होते हैं वैसे बच्चों को शिक्षा देना एक चैलेंज ही है और हम सबों ने यानि कि मिशन समृद्धि संस्था ने ठाना है कि वंचित वर्गों के बच्चों को चोरी नशा से दूर रखते हुए साक्षर बनाते हुए समाज को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक सौपना है। मेदिनीनगर के पांकी रोड जनकपुरी के अलावे कचरवा टोला में भी समृद्धि की पाठशाला चल रहा है। वहां के बच्चे को पढ़ाना आसान नहीं था। लेकिन यह बताते हुए खुशी हो रही है कि समृद्धि की पाठशाला के सभी बच्चे नैतिकता का पाठ पढ़ते हुए अच्छे इंसान जरूर बनेगें। इसके लिए पूरी टीम का योगदान सराहनीय है। प्रतिदिन बच्चे पढ़ाई के बाद अपना एक मैसेज जरूर देते हैं। आज उन्होंने पेड़ बचाने का संदेश दे रहें हैं।

## ई-रिक्शा का किया गया जांच

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर बस स्टैंड के पास टेंपो गाड़ियों का जांच किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि वन वे में जबरदस्ती जेल हाता चौक से छः मुहान के तरफ आ रहे हैं। कुछ टेंपो एवं ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी बगैर नंबर के गाड़ी चला रहे थे और कुछ चालकों के पास लाइसेंस भी नहीं था। 11 ई-रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी और 3 टेंपो सवारी गाड़ी को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। सभी गाड़ियों का चालान जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। वहीं एक मोटरसाइकिल चालक शराब पीकर अपनी गाड़ी चला रहा था उसको भी फाइन किया गया है। टोटल 26,337 रुपए का चलान काटा गया है।

# जिले में खुलने लगी शराब की दुकान उत्पाद विभाग करेगा संचालन

- विधि व्यवस्था को बनाए रखने हेतु होमगार्ड जवानों नियुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में करीब एक सप्ताह बंद रहने के बाद शराब दुकानों को दोबारा खोलने की प्रक्रिया चल रही है हालांकि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश नहीं प्राप्त होने के कारण दुकान का संचालन उत्पाद विभाग द्वारा किया जाएगा। बताते चलें कि बीते 30 जून को शराब दुकान का संचालन कर रही एजेंसी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। जिसके बाद आगे सरकार द्वारा शराब दुकानों के संचालन हेतु निविदा प्राप्त होने तक झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा टेकओवर किया गया था। बताते चलें कि जिले में 79 शराब की दुकानें हैं जिनमें अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दर्जन दुकानों की शुरूआत की जा चुकी है। जिनमें अधिकतर मेदिनीनगर निगम क्षेत्र की दुकानें हैं। इसके अलावा लेस्लीगंज, पांकी, हरिहरगंज, हुसैनाबाद के भी कई दुकान शामिल हैं। उत्पाद अधीक्षक संजीत देव ने बताया कि सरकार से शराब बिक्री हेतु स्पष्ट निर्देश मिलने तक अस्थाई तौर पर इन दुकानों का संचालन उत्पाद विभाग द्वारा किया जाएगा। आगे कुछ दिनों में और भी शराब दुकानों में शराब की बिक्री शुरू की जाएगी। हालांकि इस दौरान शराब दुकानों के बाहर विधि व्यवस्था को बनाए रखने हेतु होमगार्ड जवानों को भी लगाया जा रहा है।

# एमके डीएवी का छात्र हुआ सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में इंग्लिश ओलिंपियाड 2025 के विजेता छात्र को सम्मानित किया गया। डीएवी क्षमता संवर्धन केंद्र नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इंग्लिश ओलिंपियाड 2025 में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के नवम 'ब' के छात्र मोइनुद्दीन खान ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। मोइनुद्दीन खान को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । छात्रों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने कहा कि इस विद्यालय के छात्र पठन-पाठन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी शानदार प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय में उन्हें हर तरह का सहयोग, वातावरण व मंच प्रदान किया जाता है। उन्होंने मोइनुद्दीन खान एवं उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामना दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सी एस पांडे, नीरज श्रीवास्तव, एके पांडे, कन्हैया राय, तुसार घोष, नीरज सिन्हा, अन्नत पाठक, विक्रम राय उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षक जितेंद्र तिवारी ने किया।

## लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या बर्दाश्त नहीं : शालिनी



**मेदिनीनगर।** आपसू की विवि संयोजक शालिनी अग्रवाल ने विश्वविद्यालय द्वारा धरना प्रदर्शन पर लागू किए गए नियम को लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या बताया है । शालिनी ने कहा की भारत के संविधान में नागरिकों को शांतिपूर्ण और बिना हथियारों के इकट्ठा होने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है उस पर रोक लगाना भारतीय संविधान का अपमान है। जो एक भारतीय होने के वजह से कोई भी पलामू का छात्र बर्दाश्त नहीं करेगा । शैक्षणिक अराजकता दूर करने के बजाए तानाशाही रवैया विवि प्रबंधन अपना रही, जिसका आपसू विरोध करती है और विवि अपना निर्णय वापस नहीं लेती तो एक सितंबर को राष्ट्रपति महोदय से मिल कर कार्रवाई का आग्रह करेगी और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन विवश होगी।

## एनपीयू शैक्षणिक जिम्मेदारियों में अक्षम : अमरनाथ



**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई ने एनपीयू प्रशासन के धरना प्रदर्शन पर रोक के कदम को लोकतांत्रिक हस्तक्षेप बताया है। एनपीयू प्रशासन शैक्षणिक जिम्मेदारियों में अक्षम हैं ज्यों ज्यों गुरेज, बैकलॉग और परीक्षा की अराजकता सामने आ रही है। ये प्रतिबंध इस वजह से लगाया हैं कि प्रशासन समस्या से भाग रहा है। विद्यार्थियों से संवाद करने की बजाय, शक्ति का दुरूउपयोग कर रहा है। पुतला जलाने व चेतावनी के साथ एनएसयूआई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि संशोधन व बहस के बिना वे शांत नहीं बैठेंगे, आंदोलन और उग्र होगा। 500 मीटर तक छात्र संगठनों को आंदोलन नहीं करने देना यह तुगलकी फरमान है, छात्रों के अधिकार क्षेत्र को दबाने का प्रयास है, यह कोई भी छात्र संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा एवं बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# सीजेएम कोर्ट में महिला ने की मारपीट चोरी और षड्यंत्र की शिकायत

- चैनपुर थाना के एएसआई महिला समेत अन्य पर गंभीर आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी चिंता देवी ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) कोर्ट में एक परिवाद पत्र दाखिल कर चैनपुर थाना के एएसआई शहंशाह परमेन्द्र, स्थानीय महिला सपना कुमारी, एक अज्ञात हवलदार, सिपाही समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों पर मारपीट, चोरी और षड्यंत्र रचकर झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। चिंता देवी ने आरोप लगाया है कि 11 फरवरी 2025 को चैनपुर थाना में उनके पुत्र राकेश जयसवाल के साथ एएसआई और अन्य पुलिसकर्मियों ने बर्बरतापूर्वक मारपीट की, जिससे उसकी उंगली टूट गई और गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। साथ ही सपना कुमारी द्वारा षड्यंत्र के तहत असामाजिक तत्वों और पुलिसकर्मियों की मिलीभगत से उनके घर का ताला तोड़कर जबरन कब्जा कर लिया गया तथा खानदानी जेवरात भी चुरा लिए गए।वादी ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और पलामू डीआईजी से की, पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता विवेक कुमार आर्य के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया गया। अधिवक्ता ने कोर्ट में दलील देते हुए बताया कि वादी और उसका परिवार लगातार झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है, जिससे वे प्रताड़ित होकर पिछले पांच महीनों से किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आवेदन को चैनपुर थाना को प्राथमिकी दर्ज करने और जांच कराने हेतु भेज दिया है।

**माटी कला बोर्ड कार्यालय में राइफल शूटिंग संघ की बैठक**

# शूटिंग रेंज की स्थापना से युवाओं को मिलेगी लाभ : अविनाश देव

नवीन मेल संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू जिला राइफल शूटिंग संघ ने लता मंगेशकर चौक, माटी कला बोर्ड कार्यालय में राइफल शूटिंग संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पलामू जिले में राइफल शूटिंग रेंज की स्थापना हेतु ठोस रणनीति बनाना था। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री अविनाश देव ने की। उन्होंने कहा कि यदि जिले में शूटिंग रेंज की स्थापना होती है, तो यहां के युवाओं को उचित प्रशिक्षण, अभ्यास और प्रतियोगिताओं की तैयारी का अवसर मिलेगा। इससे पलामू के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे।

**राइफल शूटिंग क्लब की अत्यंत आवश्यकता :** जिला सचिव सुमित वर्मन ने कहा कि पलामू, विशेषकर मेदिनीनगर में राइफल शूटिंग क्लब की अत्यंत आवश्यकता है। वर्तमान में इच्छुक युवाओं को अभ्यास के लिए बाहर जाना पड़ता है, जो समय और संसाधनों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण है। यदि शहर में शूटिंग क्लब एवं रेंज की स्थापना होती है, तो यह स्थानीय युवाओं के लिए सुनहरा अवसर होगा। बैठक में उपस्थित आनंद कुमार, अमरेश मेहता, ओम नाथ तिवारी, लालन प्रजापति, शोभा प्रजापति सहित कई खेलप्रेमी, जिन्होंने अपने-अपने विचार साझा करते हुए शूटिंग रेंज की आवश्यकता पर बल दिया।

गुरविर सिंह ने कहा कि पलामू के युवाओं में अपार प्रतिभा है और उन्हें सही मंच प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं श्री बृजेश शुक्ला ने कहा कि यह समय है जब जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत किया जाए। उन्होंने शूटिंग रेंज की स्थापना को खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक ठोस कदम बताया। संघ ने यह भी संकल्प लिया कि आने वाले समय में राइफल शूटिंग को केवल शहरों तक सीमित न रखकर गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा, ताकि हर वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। पलामू जिला राइफल शूटिंग संघ का यह प्रयास न केवल जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करेगा, बल्कि पलामू को राज्य स्तर पर खेल मानचित्र में एक नई पहचान भी दिलाएगा।



## पंजीकरण न कराने पर बीईईओ ने जताई नाराजगी

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक विजय पांडेय ने सभी मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, +2 विद्यालय एवं केजीबीवी खरौंधी की प्रभारी प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापक को कड़ी चेतावनी देते हुए पत्र जारी किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि इंस्पायर अवॉर्ड योजना के तहत छात्रों के पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। बावजूद इसके 10 जुलाई 2025 तक प्रखंड के किसी भी विद्यालय द्वारा छात्रों का पंजीकरण नहीं किया गया है, जो अत्यंत ही लापरवाहीपूर्ण है। पत्र में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक विद्यालय 24 घंटे के अंदर अपने विद्यालय से कम-से-कम पांच छात्रों का पंजीकरण सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध जिला शिक्षा अधीक्षक से अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जाएगी। इस पत्र की जानकारी बीपीएम नवीन प्रकाश ने दी है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों से आग्रह किया है कि वे समयबद्ध रूप से निर्देश का पालन करें ताकि छात्रों को इस योजना का लाभ मिल सके।

## गुरु पूर्णिमा पर विश्व शांति के लिए पांच कुंडीय हवन यज्ञ



**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर मझिआंव के चन्द्री गायत्री नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठी में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। अवसर पर उपस्थित शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि व पलामू उप जोन समन्वयक लखन प्रसाद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह के देख रेख में पांच कुंडीय हवन यज्ञ किया गया। विश्वशांति एवं देश की उन्नति के लिए हवन कुंड में यज्ञाहुति डाली गई। इस दौरान ब्यास मंच पर उप जोन समन्वयक लखन सिंह,अशोक विश्वकर्मा,युवा जिला समन्वयक बिरेन्द्र सोंनी,स्वेता कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीक्षा, कर्मकांड एवं भजन गायन आदि कार्यक्रम सम्पन्न कराये गये और अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया.मौके पर केंद्रीय टोली सदस्य सह जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी, बेचन राम, सुनीता चौरसिया, सीमा सोनी,सरो देवी, धर्मशिला देवी, श्वेता कुमारी, संजय पाठक, मीरा देवी,मेधा कुमारी, जूली तिवारी, फुलझड़ी देवी,अशोक चौरसिया, रिंकी देवी, नंदलाल प्रजापति, वीरेंद्र प्रसाद, रीता देवी,संतोषी देवी, विजय कुमार साव, राम प्रसाद पाठक, विनोद कुमार दुबे, बंसी प्रसाद, अखिलेश सोनी,रामरेखा प्रजापति, पारस मिस्त्री, अशोक गुप्ता, देव मुनि विश्वकर्मा, अरुण कुमार सोनी, आनंद विश्वकर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## चिनियां थाना परिसर में मना थाना दिवस




**चिनियां।** गुरुवार दोपहर 2:00 बजे से चिनियां थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भूमि विवाद से जुड़े आवेदन लेकर ग्रामीण पहुंचे। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण अपेक्षित संख्या में लोग नहीं पहुंच सके, फिर भी कार्यक्रम में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को कार्रवाई की प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इस अवसर पर अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य थाना क्षेत्र के भूमि विवाद जैसे जटिल मामलों का त्वरित निष्पादन करना है। यह दिन लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में एक ठोस पहल है। क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस दिवस का लाभ उठाएं। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा की प्रत्येक माह के थाना दिवस पर आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाती है, विशेषकर जमीन विवादों में त्वरित समाधान की कोशिश की जाती है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त पहल से विवादों को समय रहते निपटाने की दिशा में यह एक सार्थक कदम है।
कार्यक्रम के दौरान असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर काशिद हूसैन, अंचल कर्मी विनोद कुमार दुबे, मुखिया प्रतिनिधि चरकु प्रहिया सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गुलाब इंटरनेशनल स्कूल में मेडिकल कैम्प का आयोजन



**केतार।** गुलाब इंटरनेशनल स्कूल मोटंगवा में गुरुवार को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सभी छात्रों का ब्लड ग्रुप जांच किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को सुदृढ़ करना और अभिभावकों को उनके बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। ब्लड ग्रुप जांच का कार्य डॉ. विकास कुमार द्वारा किया गया। जांच के पश्चात प्रत्येक छात्र को उनका ब्लड ग्रुप प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह (छोटन) ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य की जानकारी भी अत्यंत आवश्यक है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के व्यवस्थापक सजल गोराई, शिक्षक सिद्धार्थ सिंह, रुबन मंडल, कुनाल गोराई, मनीष कुमार गुप्ता,आस्था सिंह एवं रिया सिंह का विशेष योगदान रहा।

## बस स्टैंड में चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

मेराल। गढ़वा मझिआंव मुख्य मार्ग अटौला बस स्टैंड पर बुधवार को बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस संबंध में सीओ जसवंत नायक ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त करने के लिखित शिकायत पर यह कार्रवाई किया गया है। कुछ लोगों द्वारा मकान बना कर संकीर्ण कर दिया गया था, इससे लोगों को आने जाने में बाधित हो रही थी। अतिक्रमण करने वालों को तीन बार नोटिस दिया गया। इसके बावजूद उस पर पहल नहीं किया गया। गुरुवार को सीओ यशवंत नायक द्वारा पुलिस बल की तैनाती कर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त किया गया।

# डंडई : निजी क्लिनिक से मिल रही सरकारी दवाइयां

### ● प्रभारी डीएमओ बोले-सत्यता की जांच कर करेंगे कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में मरीजों के इलाज और जड़ी बूटी चूर्ण वितरण करने को लेकर सरकार की ओर से कई आयुर्वेदिक जड़ी बूटी चूर्ण के साथ-साथ कई दवाइयां नियमित रूप से उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन संबंधित लोग अपने पद का दुरुपयोग कर आम जनता का हक मार कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। ऐसा ही मामला डंडई प्रखंड में देखने को मिला। डंडई में संचालित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पीछे स्टोर रूम में भारी मात्रा में सरकारी आयुर्वेदिक दवाओं और चूर्ण जैसे लवण भास्कर चूर्ण, दशमूलारिष्ट, रसनासप्तक क्वाथ चूर्ण, अशोकारिष्ट, पुष्यनुग चूर्ण सहित कई महत्वपूर्ण दवाइयां की भारी मात्रा में पेटी को देखा गया है। जिस दवाओं पर झारखंड सरकार का लोगो भी अंकित है। सरकार के द्वारा मरीजों को सभी तरह की बीमारियों की इलाज के लिए आयुष्मान आरोग्यम मंदिर में निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध कराया जाता है,लेकिन यह दवा मरीज को नसीब नहीं हो पा रहा है।



### झारखंड सरकार का लोगो भी अंकित

डंडई स्थित उक्त निजी अस्पताल के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार के द्वारा अपने निजी अस्पताल में सरकारी दवाओं का लोगो हटाकर और उसे खुले आम बेच रहे है और जनता की हक मार कर मालामाल हो रहे हैं। इस पर आज तक ना तो किसी अधिकारी और न ही किसी जनप्रतिनिधि का ध्यान गया है।

### डंडई आयुष्मान आरोग्य मंदिर कई माह से बंद

वहीं ग्रामीणों के अनुसार डंडई आयुष्मान आरोग्य मंदिर पिछले कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है और मरीज प्रतिदिन लौटकर वापस जा रहे हैं। ज्ञात हो की उक्त निजी अस्पताल का संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार और उनकी पत्नी डॉक्टर रीना भारती दोनों ही आयुष्मान आरोग्यम मंदिर के चिकित्सक हैं। जिसका नाजायज फायदा उठाते हुए वे लोग अपना पद और दायित्व का दुरुपयोग कर अपने निजी अस्पताल में सरकारी दवाओ का गोरख धंधा खुलेआम कर रहे हैं। मामले को लेकर अस्पताल के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि विभाग के द्वारा आयुर्वेदिक औषधालय में रखने के लिए दवाईयां मिली थी, लेकिन वारिश के कारण आरोग्य मंदिर में नहीं ले जाया जा सका। मामले को लेकर गढ़वा प्रभारी डीएमओ डॉक्टर रामनारायण कर्क ने कहा कि सत्यता की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक की आपसी टक्कर में दो घायल

**भवनाथपुर।** घायल खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत कूपा गांव स्थित मुख्य पथ पर केपीडी स्कूल के समीप गुरुवार को दो बाइकों के बीच हुई आमने सामने की टक्कर बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बैतरी गांव निवासी अनूप गुप्ता व श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के भोजपुर निवासी अशोक गुप्ता पिता नंदकेश्वर साह का नाम शामिल है। उक्त दोनों घायलों को ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार अनूप गुप्ता अपनी बाइक से केतार से खरौंधी जा रहा था, जबकि अशोक गुप्ता भी बाईक पर सवार होकर केतार की तरफ आ रहा था तभी कूपा स्थित केपीडी स्कूल के समीप तीखे मोड पर तेज रफ्तार उक्त दोनों बाईकों के बीच आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।.

# शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर आचार्य सम्मान समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भारतीय संस्कृति में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समकक्ष माना गया है। इसी दिव्य परंपरा को आत्मसात करते हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भवनाथपुर टाउनशिप में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ वेदव्यास, भारत माता, माँ शारदे एवं ॐ प्रतीक के समक्ष अतिथियों एवं प्रधानाचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। अंकिता, स्नेहा,पूनम द्वारा प्रस्तुत वंदना ने समस्त वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भरने का काम किया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का परिचय प्रभारी आचार्या रूपलता द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात अंकिता द्वारा प्रस्तुत एकल गीत ने गुरु के प्रति श्रद्धाभाव को स्वर प्रदान किया।

### कृतज्ञता व श्रद्धा के भाव से सम्मानित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवनाथपुर सेल के उप प्रबंधक एवं विद्यालय के संरक्षक बुलु दिग्गल ने गुरु को समाज का दीपस्तंभ बताते हुए कहा कि गुरु वही है जो अंधकार में ज्ञान का प्रकाश बनकर पथ प्रदर्शन करता है। संरक्षक शंकर सुवन ने कहा कि गुरु ही वह शक्ति हैं जो राष्ट्र के भावी नागरिकों को संस्कार, सेवा और चरित्र की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय के सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने गुरुजनों के त्याग, तप और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी अमूल्य भूमिका पर गहन प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा समस्त आचार्यों एवं कर्मचारी बंधु भगिनी को उपहार भेंट कर कृतज्ञता और श्रद्धा के भाव से सम्मानित किया गया। समारोह की समाप्ति के पश्चात गुरु पूजन का विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### राष्ट्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका

विद्या भारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने बौद्धिक सत्र को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका, गुरु-शिष्य परंपरा की भारतीय विशेषता, और समर्पण की भावना को विस्तार से समझाते हुए कहा कि जब तक शिक्षा सेवा और संस्कार से जुड़ी नहीं होगी, तब तक राष्ट्र का जागरण अधूरा रहेगा।उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सबको प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा दी। यह आयोजन विद्यालय परिवार के लिए केवल एक कार्यक्रम न होकर, संस्कार, संस्कृति और समर्पण की भावना का पुनर्जागरण बनकर उपस्थित सभी जनों के हृदय में प्रेरणा की अमिट छाप छोड़ गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक, अत्यंत, शिष्टता ने किया।

# बिजली चोरी करते 5 लोग पकड़े गए, 58 हजार का जुर्माना



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत में बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी दौरान ताली गांव में पांच लोगों को अवैध कनेक्शन कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। सहायक विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने उक्त सभी लोगों पर जुमार्ना लगातें हुए केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमें मुकुन्दपुर के नंदकिशोर प्रसाद पर 12 हजार रुपया, ताली गांव में राम बाबू साह पर 12 हजार रुपया, बबलू ठाकुर पर 12 हजार रुपया, गंगाधर साह पर 10 हजार रुपया और रोहित साह पर 12 हजार रुपया का जुमार्ना लगाया गया है। विद्युत अभियंता ने गांव के ग्रामीणों को विद्युत 2कनेक्शन कराने के पश्चात ही घरों में विद्युत जलाने या मोटर का उपयोग करने के प्रति लोगों को जागरूक किया। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह, संजीव कुमार, महादेव प्रसाद, राज नारायण शुक्ल सहित अन्य लोग शामिल थे।

कार्यक्रम

## सरस्वती विद्या मंदिर में मना गुरु पूर्णिमा उत्सव

# गुरु हमारे जीवन में सर्वोच्च स्थान : रविकांत पाठक

नीवन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर ।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। उत्सव का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने वंदना सभा में मां शारदे, ॐ, भारत माता एवं महर्षि वेदव्यास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में संस्कृत सप्ताह दिवस के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। पंचांग कथन, सुविचार, आज का ऐतिहासिक महत्व और कहानी की प्रस्तुतियां विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा में दीं। गुरु वंदना गीत का मधुर गायन कक्षा नवम की छात्राओं द्वारा किया गया, जिसने समस्त वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने महर्षि वेदव्यास जी के जीवन पर आधारित भाषण तीन भाषाओं में प्रस्तुत किए। कक्षा सप्तम अ के छात्र अर्णव राज पाण्डेय ने अंग्रेजी में, नवम ब की छात्रा दौलत सब्बा ने हिंदी में, और षष्ठ ब की संजना कुमारी ने संस्कृत में जीवन वृत्त प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने अपने वक्तव्य में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु हमारे जीवन में सर्वोच्च स्थान रखते हैं। वे ही हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। इस भव्य समारोह में विद्यालय के कृष्ण कुमार पाण्डेय, सत्येंद्र प्रजापति, नीरज सिंह, सुजीत दूबे, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, प्रसून कुमार, कृष्ण मुरारी, प्रदीप गुप्ता, रूपेश कुमार, उमेश कुमार, हृषिकेश तिवारी, बिक्रम प्रसाद, नीति कुमारी, आरती श्रीवास्तव, प्रियंवदा, रेणु पाठक, खुशबू सिंघल, तन्वी जोशी, सलोनी कुमारी, नेहा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# मजदूरी करने जा रहे दो मजदूर स्टेशन से लापता

नवीन मेल संवाददाता

**मजदूरों को नहीं मिला अभी तक कोई सुराग**

**रमना।** घर से मजदूरी करने जा रहे 18 वर्षीय युवक रंजन कुमार प्रयाग राज उत्तर प्रदेश से लापता हो गया है, पिछले चार माह से लापता युवक के परिजन परेशान हैं। लापता रंजन के पिता ने प्रशासन से तलाश की गुहार लगा कर थक चुके है लेकिन आभी तक मजदूरी करने जा रहे युवक का कोई अता-पता नहीं है। इस संबंध में लापता रंजन कुमार के पिता शम्भू उरांव ने बताया कि घर कि आर्थिक तंगी से उबरने के लिए मेरा लड़का गांव के ही झंगईया टोला के ठेकदार निरंजन शर्मा के साथ मजदूरी करने के लिए ट्रेन से कर्नाटक जा रहा था। इसके बाद हमने ठेकदार से बात किया और लड़का के बारे में पूछा तो उसने बताया कि लड़का गाड़ी में होगा, इसके बाद से मेरे पुत्र का कोई अता-पता नहीं चला। गत वर्ष पूर्व भी सिलीदाग पंचायत के 40 वर्षीय शंभू पासवान मजदूरी करने जा रहा था और सिकंदरा बाद के जोड़ीबत्तरा स्टेशन से गायब हो गया, जिसका आज तक भी कोई पता नहीं चला।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

राजस्व जलकरों की खुली डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला अन्तर्गत **भण्डरिया–अंचल** के निम्नांकित जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114 / दिनांक 18 / 01 / 1992 के आलोक में वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है। **जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती दिनांक 14.07.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा।** बन्दोबस्ती के दौरान तीन साल का राजस्व राशि एक मुश्त कार्यालय मे जमा करना होगा। यदि कोई भी व्यक्ति नीचे दिये गये जलकरों की बन्दोबस्ती लेना चहतें है, तो दिनांक 09.07.2025 तक अपनी अहर्त्ता पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती प्राप्त कर सकती है।

अगर उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 21.07.2025 या इसकी अंतिम तिथि 26.07.2025 को होगी।

राजस्व जलकरों की सूची।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | प्लाट सं0 | रकबा (ए0 में) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करचाली आहर–01 | - | - | 6.00 | 5.00 | 49600 |
| 2 | पाट आहर–03 | 20 | 23 | 1.25 | 1.00 | 1100 |
| 3 | खजुरी आहर | 63 | 481,488 | 2.10 | 1.98 | 2000 |
| 4 | जनेवा आहर–03 | 26 | 165 | 5.00 | 4.00 | 1100 |
| 5 | पिपरा टैंक | _ | 487,488 | 1.00 | 0.70 | 1300 |
| 6 | मदगड़ी टैंक | 93 | 1035 | 1.50 | 1.20 | 1000 |
| 7 | मदगड़ी आहर | 93 | 266 | 1.00 | 0.70 | 1100 |
| 8 | मदगड़ी तालाब | 23 | 644 | 0.50 | 0.45 | 650 |
| 9 | महुगाई टेंक | - | 24 | 1.00 | 0.70 | 520 |
| 10 | पाट आहर–01 | 1 | 187 | 2.00 | 1.70 | 1100 |
| 11 | छेतकी टेंक | 1 | 56 | 0.90 | 0.70 | 600 |
| 12 | बढ़नी भुतरीवार | - | - | 0.80 | 0.60 | 1100 |
| 13 | सिन्जो आहर | 11 | 44 | 0.36 | 0.36 | 1100 |
| 14 | फकिराडीह आहर | 1 | 44 | 1.00 | 0.90 | 1600 |

डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करना होगा। डाक समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 356991 (Fish) 25-26 (D)

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

पलामू जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि खरीफ 2025 में विभिन्न फसलों यथा– धान, मक्का, मूँगफली एवं अरहर का बीज सरकार द्वारा अनुदानित दर 50 प्रतिशत पर वितरण हेतु प्रखण्डों में पैक्स एवं एफ0पी0ओ0 को उपलब्ध कराया गया है। उक्त बीज पहले आओ पहले पाओ के आधार पर Block Chain Technologyके माध्यम से वितरण किया जा रहा है।

इच्छुक किसान भाई / बहन बीज प्राप्ति हेतु अपना आधार एवं मोबाईल के साथ नजदीकी पैक्स / एफ0पी0ओ0 में जाकर उपरोक्त खरीफ फसलों का बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं। उपलब्ध बीजों की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 | पैक्स / एफ0पी0ओ0 का नाम | प्रखण्ड | उपलब्ध बीज का नाम | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवाबाजार फेड फार्मर प्रो0कं0लि0 प्रा0 | नावाबाजार | धान | – | अरहर | – |
| 2 | रामगढ़ आदर्श किसान प्रा0कं0लि0 | रामगढ़ | धान | – | – | – |
| 3 | मायापुर पैक्स | रामगढ़ | धान | – | – | – |
| 4 | कुटमु पैक्स | मेदिनीनगर | धान | – | – | – |
| 5 | कृषक उत्पादन संगठन स0स0लि0 | मेदिनीनगर | – | – | अरहर | – |
| 6 | हुसैनाबाद नोडल पैक्स | हुसैनाबाद | धान | – | – | – |
| 7 | भी0के0एस0 एग्री फार्म एफ0पी0सी0 | हुसैनाबाद | – | – | अरहर | – |
| 8 | महुलीया पैक्स | पाटन | धान | – | – | – |
| 9 | उताकी पैक्स | पाटन | – | – | अरहर | – |
| 10 | सेमरी पैक्स | पाटन | – | – | अरहर | – |
| 11 | कांकेकला पैक्स | पाटन | – | – | अरहर | – |
| 12 | बैदाकला प्राथमिक फल सब्जी स0स0लि0 | पाटन | धान | – | अरहर | – |
| 13 | लेस्लीगंज पैक्स | लेस्लीगंज | धान | – | – | – |
| 14 | बटाने एफ0पी0ओ0 | छतरपुर | धान | मक्का | – | – |
| 15 | उँटारी फेड फार्मर प्रो0कं0लि0 | उँटारीरोड | धान | – | अरहर | – |
| 16 | कोयल एग्रोनोमिस्ट एफ0पी0ओ0 | | धान | मक्का | अरहर | – |
| 17 | कन्डा पैक्स | नावाबाजार | धान | – | अरहर | – |
| 18 | नावाबाजार फेड फार्मर प्रो0कं0लि0 | नावाबाजार | – | – | अरहर | – |
| 19 | पहाड़ी मेघा एफ0पी0ओ0 | पॉकी | धान | मक्का | – | मूँगफली |
| 20 | नुरू पैक्स | पॉकी | धान | – | – | – |
| 21 | नौडीहा बहेरा पैक्स | पॉकी | धान | – | – | – |
| 22 | ताल पैक्स | पॉकी | धान | – | – | – |
| 23 | कोनवाई पैक्स | पॉकी | धान | – | – | – |
| 24 | पॉकी सुकृत एफ0पी0सी0 | पॉकी | धान | मक्का | – | – |
| 25 | सुड़ी पैक्स | पॉकी | धान | – | – | – |
| 26 | पड़वा फेड फार्मर प्रो0कं0लि0 प्रा0 | पड़वा | धान | – | – | – |
| 27 | धावाडीह पैक्स | सतबरवा | धान | – | – | – |
| 28 | खैरा किसान एफ0पी0ओ0 | विश्रामपुर | धान | – | अरहर | – |
| 29 | झउस्थान फेड फार्मर प्रो0कं0लि0 | तरहसी | धान | – | – | मूँगफली |
| 30 | तरहसी फेड फार्मर प्रो0कं0लि0 | तरहसी | – | – | – | मूँगफली |
| 31 | तरहसी फेड फार्मर प्रो0कं0लि0 | तरहसी | धान | – | – | – |
| 32 | बेतला किसान प्रो0कं0लि0 | चैनपुर | धान | मक्का | अरहर | – |
| 33 | अश्वीनीफलबीजउत्पादक स0स0लि0 | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 34 | बुढ़ीवीर पैक्स | चैनपुर | धान | – | अरहर | – |
| 35 | चैनपुर पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 36 | चैनपुर व्यापार मंडल सहयोग समिति | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 37 | कोशीयारा पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 38 | महुगॉवा पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 39 | पतरीयाखुर्द पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 40 | पुर्वडीहा पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 41 | सलतुआ पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 42 | शाहपुर उत्तरी पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 43 | शाहपुर दक्षीणी पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 44 | तलेया पैक्स | चैनपुर | धान | – | – | – |
| 45 | हरिहरगंज पैक्स | हरिहरगंज | – | – | अरहर | – |

जिला कृषि पदाधिकारी पलामू

PR 356971 District(25-26).D

## जर्जर पुलिया से हर दिन गुजर रहा खतरा प्रशासन मौन

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दुरूप पंचायत के छगरही टोला स्थित पुलिया पिछले एक साल से क्षतिग्रस्त स्थिति में है। जो अब जानलेवा बन चुकी है। यह पुलिया लगभग आधा दर्जन गांवों को जोड़ती है। प्रतिदिन यहां से एक बस समेत सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिया का एक पाया धंस चुका है। जिससे उसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद न तो पुल की मरम्मत हुई है और न ही किसी अधिकारी ने इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया के धंसने की वजह से पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि प्रशासन किसी बड़ी जान-माल की क्षति का इंतजार कर रहा है क्या। इस पुल का निर्माण करीब सात साल पूर्व किया गया था। लेकिन अब इसकी हालत जर्जर हो चुकी है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र अतिशीघ्र पुलिया की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

मनरेगा, शिक्षा व समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा

# किसानों को समय पर बीज वितरण सुनिश्चित करें : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इन बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित कर सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मनरेगा के तहत मजदूरों को समय पर भुगतान, कार्यस्थलों पर आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द लंबित योजनाओं को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से बागवानी योजना के तहत नए आम बागान लगाने के कार्य में तेजी लाने को कहा। इसके लिए समन्वय बनाकर पीट खुदाई का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया गया।

अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को योजना स्वीकृति, स्वीकृति के अनुरूप लाभुकों को किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से छात्रवृत्ति, नामांकन एवं आधार सीडिंग की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गई। कृषि विभाग को किसानों को समय पर बीज वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान₹ के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए एक सप्ताह में सर्वे कार्य को पूर्ण करने की बात कही गई।

बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई , डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम , संबंधित अन्य पदाधिकारी , कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना गुरु पूर्णिमा

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बालूमाथ में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर वेदव्यास की जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के भैया बहन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने विधिवत वेदव्यास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य अनीकांत पाठक ने वेदव्यास की जीवनी बच्चों को विस्तार पूर्वक बतलाई।

### सरयू में झामुमो कमिटी विस्तार को लेकर बैठक

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सरयू की प्रखंड की गुरुवार कमिटी विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव सह सरयू जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव शामिल हुए। बैठक में महिला मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा, किसान मोर्चा और युवा मोर्चा के विस्तार को लेकर नामों की अनुसंशा के लिए जिला कमिटी के माध्यम से सेन्ट्रल कमिटी को भेजने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से दिनायक करीम, उपाध्यक्ष पॉल एक्का, कार्तिक उरांव, जसविर उरांव, राजू नायक, मंजू देवी, सुनीता देवी सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में 9 लोग गंभीर रूप से घायल

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के ब्राह्मणी के पास एनएच-39 सड़क में ट्रेलर ने यात्री से भरे टेंपो वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉ ऋषभ झा ने प्राथमिक इलाज किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए 6 घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायलों में गुड़िया देवी (बारियातू), कलौती देवी, चरकू भुईयां (दोनों बारी, चंदवा), रोशन उरांव, सैलेश्वरी देवी (दोनों धनकारा, लातेहार), चालक रंजीत प्रसाद, ममता देवी (मैक्लुस्कीगंज), प्रतिमा देवी (हौलांग, मासियातू, बालूमाथ) शामिल हैं। गुड़िया, कलौती, रोशन, सैलेश्वरी, चरकू और चालक रंजीत प्रसाद को रिम्स रेफर किया गया है। गुड़िया का हाथ टूटा है। जबकि अन्य चार रेफर घायलों का पैर टूटा हैं। चालक रंजीत प्रसाद ने बताया कि वह लातेहार से सवारी लेकर चंदवा जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार ट्रक आया और सीधी टक्कर मार दी।

### नाले से मिला तैरता हुआ शव

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव के नाले में गुरूवार को लोगों ने एक तैरता हुआ शव देखा। इसकी पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी थाना को दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार के निर्देश पर पुआनि आंनद कुमार, दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पानी से बाहर निकला गया। अधिक समय पानी में रहने के कारण शव फूल चुका था एवं दुर्गंध आ रहा था। शव की शिनाख्त रेगांई टोंकाटोली निवासी विजय कुजुर, पिता स्व विक्टर कुजुर उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक व्यक्ति बहुत शराब पीता था, नशे में होने के कारण नाला में गिर गया होगा। मृतक का एक पैर भी खराब था। पुआनि आंनद कुमार ने बताया कि हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह हत्या या आत्महत्या मामला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, रिपोर्ट आने पर आगे कुछ कहा जाएगा।

### लगातार बारिश से मक्का व बादाम की खेती प्रभावित

**महुआडांड़ ।** प्रखंड क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में पानी भर जाने के कारण मक्का और बादाम की बुवाई अब तक शुरू नहीं हो सकी है। जिससे किसानों में भारी निराशा व्याप्त है। महुआडांड़ प्रखंड के अधिकांश किसान कृषि पर ही निर्भर हैं। यहां मक्का और बादाम प्रमुख फसलें मानी जाती हैं, जिनकी बुवाई का यही उपयुक्त समय होता है। लेकिन मौसम की मार के कारण किसान खेत में बीज डालने तक की स्थिति में नहीं हैं। किसानों का कहना है कि यदि कुछ ही दिनों में मौसम में सुधार नहीं हुआ, तो इस साल की खेती पर गंभीर असर पड़ेगा, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि लगातार जलजमाव और देरी से बुवाई होने पर फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## दरहा बांध पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों का फुटा गुस्सा, बार-बार टेंडर रद्द होने पर किया विरोध

**बालूमाथ।** प्रखंड के मुरपा पंचायत स्थित जिपुआ गांव में दरहा बांध पर प्रस्तावित पुल निर्माण का टेंडर तीन बार रद्द हो चुका है। आठ महीने पूर्व स्वीकृत इस परियोजना में अब तक कार्य आरंभ नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष देखी जा रही है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन, जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चौथे कॉल टेंडर को फाइनल कर शीघ्र निर्माण की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा और जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा कि पुल निर्माण से जिपुआ, मुरपा, कोलपटिया, बलबल समेत कई गांवों को राहत मिलेगी। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। मौके मुरपा पंचायत मुखिया अजय टाना भगत, उमेश प्रजापति लोचन ठाकुर मो अख्तर, मो रशीद अंसारी चैतारा, अखिलेश महतो, रोहित ठाकुर, मो. जहांगीर, केदार ठाकुर, इकबाल अंसारी, इलियास अंसारी, माधव यादव, पवन कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सिंदूवारी गुरु मठ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के सिंदूवारी गुरुमठ में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। आस्था के इस पावन अवसर पर बारिश के बावजूद हजारीबाग एवं चतरा जिले के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु गुरु मठ पहुंच पूजा अर्चना कर अपने गुरुओं को याद किया। वहीं इस मौके पर गुरु महराज रामकिशोर तिवारी ने दर्जनों शिष्यों को गुरुमुख करवाआ। ज्ञात हो कि सिंदूवारी गुरु मठ लगभग हजारों वर्ष पुराना ऐतिहासिक स्थल है। जहां दर्जनों गुरुओं का समाधि स्थल स्थापित होने के साथ राम जानकी मंदिर के अलावा शिव मंदिर स्थापित है। मंदिर के मठाधीश ही गुरु होते हैं जो शिष्यों को गुरुमुख कर जीवन का संस्कार देते हैं। इस मंदिर के चय एवं चम्पा परगना के बुंदेल राजपूत समाज के अलावा अन्य समाज के लोग शिष्य हैं। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिवाकर सिंह, अजय कुमार सिंह, श्याम सुंदर सिंह, संत कुमार सिंह, राम कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

## गायत्री प्रज्ञा कुंज में हवन व पूजन का आयोजन

**लातेहार।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अखिल भारतीय गायत्री परिवार, लातेहार के तत्वावधान में चंडनडीह स्थित गायत्री प्रज्ञा कुंज मंदिर परिसर में हवन-पूजन एवं गुरु वंदना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों के उच्चारण एवं गुरु पूजन से किया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से गायत्री माता की पूजा-अर्चना कर हवन में आहुतियां दीं। वातावरण मंत्रोच्चार और धूप-दीप की सुगंध से भक्तिमय हो उठा। गुरु पूर्णिमा के इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन के अंधकार को मिटाकर ज्ञान रूपी प्रकाश प्रदान करते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने सामूहिक रूप से हवन में भाग लिया। हवन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता एवं सदस्यों ने विशेष योगदान दिया। समापन सामूहिक प्रार्थना और राष्ट्र कल्याण की कामना के साथ किया गया। इस पूजन में दिलेश्वर यादव, लव कुमार तिवारी, वीरेंद्र प्रसाद, संदीप प्रसाद, भोला प्रसाद, उर्मिला देवी, अनीता देवी, सुधा देवी, रीता देवी, शांति देवी, पुष्पा देवी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## भारी बारिश से किसानों को हुआ नुकसान

**कुंदा (चतरा)।** भारी बारिश के कारण इस बार किसानों को बड़ी नुकसान की मार झेलनी पड़ रही है। बारिश के कारण मुख्य मक्का फसल और अरहर समेत कई अन्य खरीफ फसलों की बुवाई नहीं हो पाई है। वहीं, धान का बिचड़ा खेतों में अत्यधिक पानी जम जाने से गल जा रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि भारी बारिश के कारण उनकी धान का लगा बिचड़ा खराब हो रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इससे धान फसल की रोपाई प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है,किसानों ने बताया कि वे अपनी फसलों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन भारी बारिश के कारण उनकी कोशिशें बेकार जा रही हैं।

## बरवाटोली में हाथियों ने घर गिराया



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में हाथियों का आतंक जारी है। बुधवार की रात्रि बरवाटोली रुद के महुआडीपा में हाथियों ने छोटेलाल साहू के मकान को ध्वस्त कर दिया तथा घर में रखे अनाज को खा गये। निर्धन परिवार किसी तरह से अपने परिवार का भरण पोषण करता है। छह माह पूर्व भी हथियों ने छोटूलाल साहू का मकान गिरा दिया था। इस बारिश में परिवार किसी तरह गुजर बसर कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हम सभी हाथियों के भय से पुरी रात सो नहीं पाते। खौफ के साये में जीवन यापन कर रहे हैं। हमेशा डर का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग चैन की नीद सोई है।

मैट्रिक व इंटर टॉपर विद्यार्थीयों को सम्मान समारोह

## लक्ष्य प्राप्ति कर पढ़ाई करें : रमेश राम

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मैट्रिक व इंटर टॉपर विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष राजीव कुमार ने किया। सम्मान समारोह का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों का मंगल टीका व शिक्षकों द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक मिश्रा ने कहा कि मुझे बड़ी खुशी है कि विद्यालय मैट्रिक की छात्रा नेहा रानी ने जिला में प्रथम व राज्य मे 09 स्थान प्राप्त किया है। आप सभी विद्यालय के शिक्षकों को आदर करते हुए नियमित पढ़ाई कर उच्च पदों पर आसीन होकर विद्यालय का नाम रौशन करें। जिप सदस्य रमेश राम ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति कर पढ़ाई करें। प्रमुख उर्मिला देवी व उप प्रमुख निशा शाहदेव ने कही की इस वर्ष विद्यालय की एक छात्रा जिला टॉप टेन में स्थान बनाई है। लग्न और मेहनत से पढ़ाई कर जिला टॉप टेन में सिर्फ बारियातू के विद्यार्थियों का नाम हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक दिनेश प्रताप दूबे,हर्षित कुमार, पंकज कुमार,शिक्षिका सरोज एक्का,रीना टोप्पो सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र दिया गया :** समारोह में उपस्थित क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेसन के क्षेत्र प्रबंधक संतोष पांडा,शाखा प्रबंधक अभिजीत केशरी व सहायक शाखा प्रबंधक नीतीश कुमार ने मैट्रिक की चार सबसे अधिक अंक प्राप्त वाली छात्राओं को सीएसआर फंड से दस दस हजार छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि आप सभी के खाते में उपरोक्त राशि भेज दी गई है। छात्रवृत्ति की राशि पाकर छात्राएं खुशी से झूम उठी।फाउंडेशन को धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर नेहा कुमारी, राजकुमार आरध्या कुमारी, करिश्मा कुमारी, अरविंद कुमार, गीता कुमारी, साहिल अंसारी, प्रतिमा कुमारी, सुप्रिया कुमारी,नेहा रानी सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

## जीरो टॉलरेंस के तहत जमीन संबंधित कार्य निष्पादन : सीओ

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड अंचल कार्यालय में जमीन संबंधित कार्यों का निपटारा जीरो टॉलरेंस के तहत निपटारा करने को लेकर प्रभारी अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने सख्त निर्देश अंचल कर्मियों को दिया। कुमार ने बताया कि अंचल कार्यालय में जमीन संबंधित म्यूटेशन के अलावे अन्य कार्यों का निपटारा जीरो टॉलरेंस पर किया जा रहा है। ताकि जमीन संबंधित कार्यों में किसी को कोई परेशानी नहीं हो और पैसा खर्च नहीं होने के साथ कार्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़े। इसे लेकर अंचल कार्यालय में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया है। साथ ही अंचल क्षेत्र के आम जनमानस से अपील किया और कहा कि किसी विचौलिए के झांसे में नहीं पड़े। जमीन संबंधित किसी भी कार्य के लिए सीधा संपर्क अंचल कार्यालय से करें। ताकि जीरो टॉलरेंस नीति को जमीनी स्तर पर उतारा जा सके और लोगों को सीधा लाभ मिल सके।

## भद्रकाली मंदिर के पुजारियों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**इटखोरी (चतरा)।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर चतरा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल, मां भद्रकाली मंदिर इटखोरी में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चतरा सांसद कालीचरण सिंह के प्रतिनिधि विनय सिंह ने मंदिर के पुजारियों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाकर गुरुजनों और ब्राह्मण समाज के सम्मान की परंपरा को निभाया गया। इस अवसर पर विनय सिंह ने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है और पुजारी समाज आध्यात्मिक मार्गदर्शन के सच्चे प्रतिनिधि होते हैं। समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार सिंह, डॉ. मृत्युंजय सिंह, कैलाश सिंह, कमलेश सिंह, रामाधार राम, ज्ञानी यादव, संतोश सिंह सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मां भद्रकाली से जिले के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

## रहिया में विषैले सांप के डंसने से महिला अचेत, रांची रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत रहिया गांव में बुधवार देर रात एक महिला को विषैले सांप ने डंस लिया, जिससे महिला अचेत हो गई। पीड़ित महिला की पहचान गुंजरी देवी उम्र 25 वर्ष पति दशरथ भुइयां के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुंजरी देवी अपने घर में थी, इसी दौरान अचानक एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया। घटना की भनक लगते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और परिजनों ने आनन फानन में महिला को तत्काल बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने महिला की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जांच उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया है। फिलहाल महिला की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

## आजसू का जनजागरण अभियान आज से

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आजसू पार्टी लातेहार जिला कार्यालय, चंदनडीह में गुरुवार को जिला अध्यक्ष अमित पांडेय ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर जिले में व्याप्त प्रशासनिक लापरवाही पर तीखी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लातेहार जिले में कई ग्रामीण सड़कों का वर्षों पूर्व उद्घाटन हो चुका है, लेकिन आज तक निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास कर स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी दिक़्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली व्यवस्था की बदहाली पर भी चिंता व्यक्त की। वहीं खनन विभाग पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जिले में एनजीटी की रोक के बावजूद निर्माण कार्यों के लिए बालू कहां से आ रहा है और विभाग रोज टेंडर भी कर रहा है जबकि जमीन पर कहीं भी वैध बालू स्टॉक उपलब्ध नहीं है। यह विभागीय मिलीभगत और भ्रष्टाचार का संकेत है। रोजगार और मंइयां सम्मान योजना को लेकर भी कहा कि झारखंड सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि सरकार युवाओं और महिलाओं को केवल आश्वासन दे रही है, जमीनी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं हो रही है। जनजागरण अभियान में आजसू पार्टी सभी समस्याओं को मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से जनता कि अदालत में रखेगी साथ ही संबंधित विभागों का घेराव भी करेगी।


न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।

अनुमति वाद संख्या–123/2025

आम इस्तेहार

आवेदक बाबूलाल गंझू वो बड़ोहो गंझू वो साहेब गंझू तीनों के पिता–स्व0 कईल गंझू, सभी निवासी ग्राम–बनवार, पो0–चेड़रा, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बनवार | 8 | 3 | 1.06 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 356953 District(25-26)D



कार्यालय :– कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, पलामू
योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर पलामू – 822101

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति

सामयिक सूचना अंक – 03/2025–26

प्रिय किसान बंधुओं, सभी को जोहार!

मक्का एक बहुउपयोगी फसल है। इसमें प्रचूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है जिसके कारण इसका उपभोग मनुष्य के साथ–साथ पशु आहार के रूप में भी किया जाता है। अतः इस फसल को उचित देखरेख की आवश्यकता है ताकि कीट/व्याधि मुक्त उचित उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

मुख्य कीट :

1. तना छेदक : यह कीट फसल लगने के आरंभ से ही आक्रमण करता है एवं अत्यधिक क्षति करता है। इस कीट का शिशु (इल्ली) तना में छेद कर इसके आंतरिक भाग को नुकसान पहुंचाता है जिसके कारण तना के अग्र भाग की बढ़ोतरी रुक जाती है एवं यह मुरझाकर सूख जाता है जिसे "DEAD HEART" कहते है।
नियंत्रण : दानेदार कीटनाशी फिपरोनील 3G या कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4G का व्यवहार (10–12 दाना) पत्तियों के ऊपरी चक्र (गब्भा) में करने से इसका नियंत्रण किया जा सकता है, इमिडाकलोपरिड 17.8%SL (1–1.5 मि०ली०/लीटर पानी में घोल बना कर) आवशयकतानुसार छिड़काव किया जा सकता है।
2. फाल आर्मी वर्म (SPODOPTERA FRUGIPERDA) : यह एक प्रवासी कीट है जिसे भारत देश में वर्ष 2018 में देखा गया थाइस कीट की इल्ली अवस्था सबसे विनाशकारी है क्योंकि इल्ली के मुंह के हिस्से काटने वाले होते है। इल्ली के माथे पर एक विशिष्ट उल्टा Y चिन्ह होता है तथा शरीर पर काले धब्बे होते है। यह मक्का के पौधे (यथा तना ,पत्ते) को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर देते है।

प्रबंधन/नियंत्रण :

1. इस कीट के क्षति के लक्षण दिखाई देने पर N-S-K-E-5%(नीम चूर्ण) या अजेडिराकटीन 1500 P-P-M का 5 मि०ली०/लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करें।
2. पत्तियों के ऊपरी चक्र (गब्भा) में रेत तथा चूना 9:1 की दर से भुरकाव करें।
3. रासायनिक नियंत्रण में थिओमेथॉक्साम12.6%, लेम्डासाईहेलोथ्रीन 9.5% EC ,0.5 मि०ली०/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
4. मक्का का कटुआ कीट (Cut Worm)– यह एक काले रंग की सूंडी है। यह रात में नए पौधे के मिट्टी के पास से काट देती है एवं दिन में मिट्टी में ही छुपी रहती है।
प्रबंधन/नियंत्रण :– खेत में बीज लगाने से पूर्व बीज उपचार अवश्य करें। थिओमेथॉक्साम 12.6%, लेम्डासाईहेलोथ्रीन 9.5% EC ,0.5 मि०ली०/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
मुख्य रोग : 1. हेलीमेंतहोसपोरईयम लीफ स्पॉट– पत्तियों पर लंबे अथवा नाव के आकार वाले भूरे कथयई रंग के धब्बे नजर आते है जिसका किनारा भूरे रंग का होता है एवं इसका मध्य भाग धीरे धीरे काले रंग में बदल जाता है।
प्रबंधन/नियंत्रण : इससे बचाव हेतु बीज उपचार अवश्य करनी चाहिए। रोग ग्रस्त पौधा का उपचार ड़ाएथेन Z-78 या इंडोफिल M–45, 1 कि०ग्रा०/400 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ 7–10 दिनों के अंतराल में छिड़काव करना चाहिए।
2. शीथ ब्लाइट – इस रोग से ग्रस्त पौधों पर पत्तियों के आधार पर एवं भुट्टों के छिलकों पर हल्के नीले तथा राख जैसे धब्बे बनते है।
नियंत्रण : कारबेंड़ाजिम 200 ग्रा०/हेक्साकोनाजोल 400मि०ली० ,400 लीटर पानी में घोल बना कर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव किया जा सकता है।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
पलामू

PR 356970 District(25-26)#D


कार्यक्रम

धूमधाम से मनायी गयी गुरु पूर्णिमा उत्सव

# जहां गुरु वहां ज्ञान, गुरु का करें सम्मान : उत्तम मुखर्जी

नवीन मेल संवाददाता



### गुरु भक्त आरुणि का नाटक मंचन

मौके पर भैया- बहनों द्वारा व्यास जी की जीवनी, गुरु शिष्य परंपरा एवं गुरु भक्त आरुणि का नाटक मंचन किया गया। वहीं कक्षा अष्टम की बहन रानी कुमारी, प्रज्ञा कुमारी और राजलक्ष्मी के द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। गुरु भक्त आरुणि का नाटक मंचन में कक्षा सप्तम के भैया प्रिंस कुमार, हार्दिक कुमार, शक्ति कुमार ने भाग लिया एवं अपने पात्र का जीवंत रूप प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के वंदना सभागार में वेदव्यास जयंती सह गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी एवं जयंती प्रमुख श फूलचंद सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से महर्षि वेदव्यास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं आरती कर किया गया। बहनों द्वारा प्रधानाचार्य, आचार्य -दीदी जी का पाद प्रक्षालन कर मस्तक पर तिलक सुशोभित किया गया। वहीं बाल वाटिका में वाटिका प्रांत सह प्रमुख गीता कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलन व जयंती प्रमुख पूनम कुमारी के द्वारा गुरु शिष्य की महत्ता भैया-बहनों को बताई। कक्षा प्रथम की बहन आर्या एवं आरोही के द्वारा संयुक्त रूप से भजन प्रस्तुत किया गया।

मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि आज का दिन गुरु शिष्य परंपरा का महान दिन है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। यह उत्सव गुरु व शिष्यों के रिश्तों को प्रगाढ़ बनाता है। विद्यालय में होने वाली विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हम अपनी संस्कृति और परंपरा को जाने। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य -दीदी उपस्थित रहे।

# न्यूज बॉक्स

## बिजली चोरी मामले में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र हाटी अंबेरा गांव में बिजली विभाग के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी अभियान में पांच लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इन सभी पांच व्यक्तियों पर बिजली चोरी के मामला भंडरा थाना में दर्ज कराया गया है। इस संबंध में बिजली विभाग के सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान ने भंडरा थाना में लिखित आवेदन देकर हाटी अंबेरा गांव के मोहन उरांव, महादेव लोहरा, सरवन महतो, मनेरा खातून, कमरुद्दीन अंसारी के खिलाफ विजली चोरी का मामला दर्ज कराया गया। इस छापेमारी के क्रम में बिजली विभाग के तकनीकी सहायक कुशल किंडो, प्रकाश दीप, जामवंत प्रजापति, कमलेश्वर साहू एवं पुलिस बल साथ थे।

## किसानों के बीच अरहर, मक्का व उरद बीज वितरण

**भंडरा।** सामुदायिक भवन भैसमुंदो में गुरुवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तत्वावधान में आत्मा परियोजना द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो किसानों के बीच अरहर , मक्का एवं उरद बीज वितरण किया गया। मौके पर बीटीएम प्रियांशु मिंज ने कहा कि सरकार किसानों की आर्थिक रुप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है। किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार निःशुल्क बीज मुहैया करा रही है, ताकि किसान अपने कम लागत पर बेहतर पैदावार को बढ़ावा दें सकें। मौके पर एटीएम अंजू रुंडा , चन्द्रिका सिंह सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत की पहल पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत धनामुन्जी गांव में गुरुवार को सांसद सुखदेव भगत के पहल पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे ग्रामीणों में काफी खुशी की लहर है। स्थानीय ग्रामीण अशोक उरांव, दानियाल लकड़ा ने बताया कि धनामुजी गांव में विगत 20 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। इससे बस्ती के 50 परिवारों को अंधेरे में गुजर बसर करना पड़ रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू को दी थी। इसके पश्चात राधेश्याम साहू ने सांसद सुखदेव भगत से बात कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया। तत्पश्चात गांव में विद्युत विभाग द्वारा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्‌घाटन सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू ने पिता काटकर किया। मौके पर राधेश्याम साहू ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत जनता के हर समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते है। गांव में ट्रांसफार्मर चलने की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पांच जुलाई को दी गई थी। इसके उपरांत सांसद ने विद्युत विभाग से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। मौके पर जुरा उरांव, सुकरा उरांव, अशोक उरांव, दानियाल लकड़ा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पतंजलि ने हवन कर मनाया गुरुकुल शांति आश्रम में गुरु पूर्णिमा



**लोहरदगा।** गुरु पूर्णिमा की महिमा अपरंपार है आज गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर लोहरदगा में पतंजलि परिवार के द्वारा स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा प्रांगण में ब्रह्मचारियों की उपस्थिति में पतंजलि योग समिति के जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी अंकित अग्रवाल, पतंजलि के वरीय योग शिक्षक संजय मधुर, जिला यज्ञ प्रभारी सह आचार्य अर्जुन देव आर्य, आचार्य कृष्ण देव आर्य की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कर गुरु पूर्णिमा मनाया गया। गुरु पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन को गुरु की पूजा और सम्मान के लिए मनाया जाता है। मौके पर शिव शंकर सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का महत्व अपरंपार है। उन्होंने गुरु की पूजा और सम्मान करने, ज्ञान और शिक्षा का महत्व, आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास के लिए गुरु का मार्गदर्शन बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण अवसर है जब ब्रह्मचारी अपने गुरुओं का सम्मान कर सकते हैं और ज्ञान और शिक्षा के महत्व को समझ सकते हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर भाजपा ने जिले भर में किया गुरुजनों का सम्मान



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला इकाई के द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, पुरोहितों, पुजारियों तथा विभिन्न खेलों के कोचों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा आषाढ़ पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो जगत गुरु महर्षि वेदव्यास जी के जन्म दिवस के रूप में मनाई जाती है। महर्षि वेदव्यास द्वारा चारों वेदों एवं 18 पुराणों की रचना कर भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं, जो शिष्यों को अज्ञानता से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि गुरु समाज के लिए दर्पण होते हैं। वे अगली पीढ़ी को संस्कार, नैतिकता और ज्ञान के माध्यम से सशक्त बनाते हैं। वहीं जिला मंत्री सह कार्यक्रम संयोजक मिथुन तामेड़ा ने गुरुजनों को नमन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य का संबंध केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आजीवन मार्गदर्शन का आधार बनता है। गुरुओं ने हमेशा शिष्यों में संस्कृति, आचरण, देशभक्ति और नैतिक मूल्यों का भाव जागृत किया है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्र निर्माण में गुरुओं की भूमिका अमूल्य है और इस पावन अवसर पर सभी गुरुओं को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

### डीसी ने जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान दिया निर्देश, कहा-

# प्रत्येक परिवार को मिले स्वच्छ पेयजल

- बचे हुए हर घर नल कलेक्शन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत संचालित जलजीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई और बचे हुए कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिन गांवों में फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन का कार्य बाकी है, कार्ययोजना बनाते हुए उन गांवों में कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।साथ ही जलजीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज स्कीम वहां प्राथमिकता के साथ कार्य करते हुए उनको पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में जलजीवन मिशन अंतर्गत सभी घरों में शत प्रतिशत पीने का साफ पानी उपलब्ध कराना है। ऐसा कोई परिवार नही हो जो पीने का साफ पानी से वंचित रहे। जिला प्रशासन की प्राथमिकता ऐसे वंचित परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने कहा कि जहां जल जीवन मिशन की योजनाएं पूर्ण हो गई हैं, उनका जल्द से जल्द आवश्यक रूप से सर्टिफिकेशन करा लें। उपायुक्त ने प्रत्येक पंचायत में जलकर समिति बनाने का निर्देश दिया है।

यह समिति पंचायत स्तर पर जलकर का निर्धारण और वसूली करेगी।

आने वाले दिनों में संग्रहित इसी टैक्स की राशि का व्यय नल जल योजना के मरम्मती और रख रखाव में की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनुप हांसदा समेत सभी अन्य सहायक अभियंता व कनीय अभियंता उपस्थित थे।





### जल जीवन मिशन के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों तक पेयजल पहुंचाएं

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को वैसे आंगनवाड़ी केंद्र जहां तक नल कनेक्शन नहीं पहुंच पाया है उनका जल्द से जल्द सर्वे कराने का निर्देश दिया ताकि जल जीवन मिशन से जोड़कर ऐसे आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा को भी उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों को जलजीवन मिशन से आच्छादित करने के लिए सर्वे कराने का निर्देश दिया। बैठक में जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया गया।

## किसानों के बीच अरहर व उरद बीज का किया गया वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत आराहंसा ग्राम में गुरुवार को किसानों के बीच आत्मा के माध्यम से अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण का कार्य झारखण्ड सरकार के कृषि गन्ना व पशुपालन विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार खरीफ फसल के लिये खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिनीकिट योजना अन्तर्गत वितीय वर्ष 2025 - 26 के तहत मोबाइल द्वारा ओटीपी के माध्यम से आराहंसा के किसानों के बीच कृषक मित्र की मौजूदगी में अरहर और उरद बीज का वितरण किया गया। वही प्रत्येक किसानों के बीच दो किलो अरहर दो किलो उरद बीज दिया गया। खरीफ फसल के मौसम में किसानों को अरहर और उरद का बीज मिल जाने से सभी किसानों के चेहरे में खुशी झलक रही है।

## जिप सदस्य राधा तिर्की बनी जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम नेत्री राधा तिर्की को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर लोहरदगा जिला जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाया गया.वही झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा लोहरदगा जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर सेन्हा प्रखण्ड जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम नेत्री राधा तिर्की ने पार्टी के संस्थापक,संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री,राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु माननीय शिबू सोरेन,पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री माननीय हेमन्त सोरेन,गांडेय विधायक महिला नेत्री कल्पना सोरेन,केंद्रीय महासचिव बिनोद पांडेय,केंद्रीय समिति और जिला,प्रखण्ड तथा पंचायत समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओ व समर्थकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी संगठन द्वारा उम्मीद और भरोसे के साथ जो जिम्मेवारी दी है.उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगी पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यो में हमेशा प्रयासरत रहूंगी एक एक लोगों को जोड़कर सन्गठन को और मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने में कोई कमी नही करूंगी.जीप सदस्य सह जेएमएम नेत्री राधा तिर्की को जेएमएम महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर जे एम एम जिला,प्रखण्ड और पंचायत स्तरीय पदाधिकारी,कार्यकर्ता और उनके समर्थकों में ख़ुशी का माहौल है।

## रातू राजवंश की जमीन पर भू-माफिया की नजर, वारिस ने डीसीएलआर से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रातू राजवंश की संपत्तियों पर भूमाफियाओं की गिद्ध दृष्टि के खिलाफ आज महाराजा चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव के पौत्र कौशलेंद्र सिंह ने लोहरदगा अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर भूमि सुधार उप समाहर्ता एलआरडीसी सुजाता कुजूर से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई।

श्री सिंह ने बताया कि उनके पूर्वजों द्वारा छोड़ी गई संपत्तियों को भूमाफियाओं द्वारा फर्जी कागजात बनाकर बेचा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व भूमि पंजी-2 अभिलेखों में हेराफेरी कर राजपरिवार की संपत्तियों को गैरकानूनी तरीके से बेच रहे हैं, जिससे न केवल संपत्ति का नुकसान हो रहा है, बल्कि राजवंश की प्रतिष्ठा पर भी आंच आ रही है। इस शिकायत को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल भी श्री सिंह के साथ मौजूद था, जिसमें कृष्णा साहू, मनीष मुंडा, संतोष सिंह, अजीत भगत, संतोष उरांव एवं सतीश रंजन उरांव सहित कई स्थानीय नागरिक शामिल थे।



### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का सम्मान समारोह संपन्न

## शिक्षित बने, संगठित हो व संघर्षशील बने- चंद्रवंशी समाज में है अपार शक्ति : डॉ. रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए किशोर कुमार वर्मा के सम्मान में लोहरदगा जिला चंद्रवंशी समाज द्वारा हटिया मोहल्ला स्थित आयोजन स्थल पर भव्य और ऐतिहासिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्रों की कई नामचीन हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान जरासंध महाराज और महासभा के संस्थापक नथुनी राम चंद्रवंशी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्‌घाटन किया गया। मंच का संचालन विकास वर्मा एवं राजकुमार वर्मा ने किया। पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव ने चंद्रवंशी समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए कहा की चंद्रवंशी समाज की जनसंख्या बहुतायत है, लेकिन एकजुटता के अभाव में यह समाज अपेक्षित स्थान नहीं पा सका है। यदि यह समाज शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बने, तो कोई ताकत इसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि जरासंध जैसे चक्रवर्ती सम्राट के वंशज होने के बावजूद चंद्रवंशी समाज को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिला। उन्होंने वादा किया कि वे सरकार से चंद्रवंशी समाज के छात्रों के लिए हॉस्टल निर्माण और पिछड़ा वर्ग आयोग में उचित प्रतिनिधित्व की मांग करेंगे। प्रेम वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने महासभा के संवैधानिक स्वरूप को समाज की एकता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि अब लोकतांत्रिक पद्धति से महासभा में नेतृत्व चयन होता है, जिससे बिखराव खत्म होगा और एकजुटता से समाज को राजनीतिक और सामाजिक अधिकार मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यदि चंद्रवंशी समाज को सीएनटी एक्ट के तहत पुनः लाभ नहीं दिया गया, तो आंदोलन होगा। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने किशोर वर्मा के नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि किशोर वर्मा छात्र राजनीति से आए हैं। उन्होंने हमारे साथ भी राजनीतिक कार्य किया है। उनमें समाज को दिशा देने की पूरी क्षमता है। नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार वर्मा ने कहा कि मैं शिक्षक हूँ, शिक्षा ही समाज को ऊंचाई तक पहुंचाने का माध्यम है।

### जय श्रीराम समिति की बैठक में पहुंची डॉ. आशा लकड़ा, कहा-

# धर्म व सेवा को साथ लेकर चलने वाली समिति को मेरा पूर्ण समर्थन है

**नवीन मेल संवाददाता**





**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की विशेष बैठक हटिया मोहल्ला स्थित जिला कार्यालय में समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी सुषमा सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति के आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार की रणनीति बनाना था। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मेयर रांची, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय जनजातीय आयोग की सदस्य एवं समिति की संरक्षक डॉ. आशा लकड़ा उपस्थित रहीं। बैठक में उनके आगमन पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा पारंपरिक रूप से तिलक, पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि जय श्रीराम समिति एक ऐसा मंच है जो न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा, संस्कृति और जनजागरण के कार्यों में भी अपनी विशिष्ट भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म कोई एक जाति, वर्ग या समुदाय का नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता को जोड़ने वाला जीवन दर्शन है। इसके संरक्षण व संवर्धन हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। डॉ. लकड़ा ने समिति द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों, पर्व-त्योहारों, भजन संध्या, श्रीराम कथा, कन्या पूजन, जरूरतमंदों को सहायता तथा स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपके कार्य समाज को जोड़ने वाले हैं, धर्म और सेवा को साथ लेकर चलने वाली समिति को मेरा पूर्ण समर्थन है। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं सुषमा सिंह ने कहा कि समिति का उद्देश्य सनातन संस्कृति के मूल तत्वों को जन-जन तक पहुंचाना, आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना तथा देशहित में कार्य करना है। डॉ. आशा लकड़ा जैसे मार्गदर्शक हमारे साथ हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। बैठक में समिति के कई प्रमुख पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें कोर कमिटी सदस्य ओम महतो सहित अन्य लोग शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे समिति के कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे और सनातन संस्कृति के संरक्षण में कोई कमी नहीं आने देंगे। बैठक के अंत में देश और धर्म के कल्याण के लिए संकल्प पाठ किया गया और आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, प्रोफेसर शिवदयाल साहू, लक्ष्मी भगत, सुरेन्द्र साहु,अशोक साहु,राजेश उरांव, संजीव, मनोज महतो, बंटी समेत जिला प्रखंड नगर के काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे।

**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

**–: LHDCP अन्तर्गत Brucellosis Phase IV टीकाकरण अभियान 2025–26 का सफल कार्यान्वयन :–**

पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि बाछियों में होने वाले Brucellosis रोग से निजाद पाने हेतु दिनांक 19.07.2025 से पलामू जिला के सभी ग्रामों में निःशुल्क Brucellosis टीकाकरण अभियान Round IV 2025–26 प्रारम्भ हो रही है। यह टीका सिर्फ 04 से 08 माह के बाछियों को लगया जाता है।

टीका लगाने हेतु आपके घर पर आये हमारे टीकाकर्मी भाईयों से अपने सभी पशुओं में निःशुल्क टैग लगवाते हुए भारत पशुधन ऐप में अपने पशुओं का निबंधन भी करवाना चाहेंगे। पशुओं के निबंधन के समय आपके मोबाईल फोन पर एक ओ0टी0पी0 आता है जिसे हमारे टीकाकर्मी भाई के साथ साझा करने के पश्चात ही पशु का निबंधन भारत पशुधन ऐप पर होना संभव हो सकेगा इसलिए आप सभी पशुपालन हमारे टीकाकर्मी भाई के साथ ओ0टी0पी0 भी साझा करना चाहेंगे।

अतः सभी पशुपालक बंधु से अनुरोध है कि दिनांक 19.07.2025 से प्रारम्भ हो रही निःशुल्क Brucellosis टीकाकरण एवं टैगिंग का लाभ लेने हेतु संबंधित प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से संम्पर्क कर अपने पशुओं को टीका एवं टैग लगवाकर इस रोग से मुक्त रखना चाहेंगे

निवेदक –
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 356957 Animal Husbandry(25-26)#D

**न्यायालय, उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–124 / 2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक मंगलदेव उरांव पिता–स्व0 रतिया उरांव वो प्रकाश उरांव वो नरेश उरांव वो सामेल उरांव तीनों के पिता–स्व0 सुरजा उरांव, सभी निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 203 | 1934 | 0.43 |
| | | 2024 | 0.31 |
| | | कुल रकबा– | 0.74 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR.NO.356955 District(25-26):D

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

**भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–122 / 2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक सरयू मोची, पिता–स्व0 भागेसर मोची, सा0+पो0+थाना–मनिका, जिला–लातेहार द्वारा रमेश राम, पिता–स्व0 नरेश मोची, सा0+पो0+थाना–मनिका, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| मनिका | 216 | 2425 | 0.70 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 356952 (District) 25-26 (D)

# न्यूज बॉक्स

## गुरु पूर्णिमा के दिन बच्चों ने गुरुओं को दिया सम्मान



**गुमला।** बचपन प्ले स्कूल और बैंक कॉलोनी के प्राइमरी विंग में बीटीएलके पब्लिक स्कूल द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव पारंपरिक श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के चरण धोकर, तिलक कर और आरती उतारकर गुरुजनों को ससम्मान धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक चंद्रशेखर गिरि ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन के मार्गदर्शक होते हैं, जो विद्यार्थियों में संस्कार, सहनशीलता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। इस अवसर पर उन्नति उरांव, अनिरुद्ध सिंह, उत्तम, रोहित, आर्यन, अक्षत और विवेन सहित कई बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

## बीमारी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या, परिजनों बेहाल



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोटामाटी गांव में बीमारी से परेशान पांच बच्चों के पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार देर रात की है मृतक के परिजनों ने बताया कि बीरेंद्र (42 वर्ष) अपनी मां इतवारी उरांव के साथ रहता था जबकि उसकी पत्नी घर में ही अलग रहती थी।बीरेंद्र काफी लंबे समय से फैलेरिया बीमारी से ग्रसित था और परेशान होकर हमेशा शराब के नशे में रहता था। मृतक की मां ने बताया कि बुधवार को शाम को वह खेत से रोपनी कर के आई और बेटे के लिए खाना बनाकर खुद सोने चली गई वहीं बीरेंद्र भी दूसरे कमरे में सो गया और सुबह उठकर इतवारी ने देखा कि दरवाजा बंद है आवाज लगाकर उसने दरवाजा खुलवाया। उसके बाद बीरेंद्र को काफी देर तक आवाज लगाने पर भी उसने दरवाजा नहीं खोला,लोगों ने घर के ऊपर चढ़कर देखा कि बीरेंद्र छत के बांस के सहारे फांसी लगा लिया है।वहीं घटना की सूचना परिजनों ने घाघरा पुलिस को दी। सूचना पाकर एएसआई शंकर कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में गुमला का रहा शानदार प्रदर्शन



**गुमला।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत अंडर-15 व अंडर-17 बालक वर्ग तथा अंडर-17 बालिका वर्ग के सभी लीग मुकाबलों के सफल समापन के बाद आज तीनों वर्गों के सेमीफाइनल मैच गुमला में आयोजित किए गए। गुमला ज़िले की टीमों ने सभी श्रेणियों में दमदार प्रदर्शन कर अपना दबदबा बनाए रखा। अंडर-15 बालक वर्ग में प्रथम सेमीफाइनलः रांची बनाम लोहरदगा और द्वितीय सेमीफाइनलः गुमला बनाम खूंटी के बीच खेला जायेगा। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में प्रथम सेमीफाइनलः गुमला बनाम रांची और द्वितीय सेमीफाइनलः सिमडेगा बनाम खूंटी के बीच खेला जायेगा। अंडर-17 बालिका वर्ग में प्रथम सेमीफाइनलः गुमला बनाम लोहरदगा और द्वितीय सेमीफाइनलः खूंटी बनाम रांची के बीच खेला जायेगा। तीनों वर्गों के फाइनल मुकाबले कल, 11 जुलाई 2025 को जुबली स्टेडियम, संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय गुमला में खेले जाएंगे। गुमला जिला की टीमों का सेमीफाइनल तक पहुंचना जिले के खेल विकास और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सकारात्मक संकेत है। आगामी फाइनल मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह और दर्शकों में रोमांच चरम पर है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में करियर परामर्श संगोष्ठी का किया गया आयोजन



**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज के सेमिनार हॉल में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, गुमला के सहयोग से एक व्यापक करियर परामर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों, आवश्यक कौशलों और रोजगार के बदलते स्वरूप के बारे में मार्गदर्शन देना था। इस संगोष्ठी का नेतृत्व कॉलेज के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी अमित रंजन और प्लेसमेंट समन्वयक ब्रोतीश पालित ने किया। उन्होंने विशिष्ट करियर परामर्शदाताओं – डॉ. सूरज प्रसाद, चंचला सिंह और गुरुदेव प्रसाद को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. सूरज प्रसाद ने छात्रों को कौशल विकास, कैरियर नियोजन और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर गहन जानकारी दी। वहीं श्रीमती चंचला सिंह ने लगातार सीखने की महत्ता और बदलते समय में आवश्यक करियर रणनीतियों पर प्रकाश डाला। सेमिनार में आयोजित इंटरैक्टिव सत्रों के दौरान छात्रों ने अपने सवाल पूछे और व्यक्तिगत करियर सलाह प्राप्त की। परामर्शदाताओं ने रिज़्यूमे निर्माण, साक्षात्कार की तैयारी और उद्यमिता जैसे विषयों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। अंत में, अमित रंजन ने श्रम विभाग के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि "ऐसे आयोजनों से छात्रों को न केवल दिशा मिलती है, बल्कि आत्मविश्वास भी विकसित होता है।" उन्होंने भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

### गुमला में आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुरुवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक आरसेटी कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, ग्रामीणों तक पहुंच और प्रभाव को सुदृढ़ करने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपायुक्त ने निदेशक आरसेटी को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों की वार्षिक सूची (प्रशिक्षण कैलेंडर) को सभी प्रखंड कार्यालयों, पंचायत भवनों और जिला समाहरणालय में प्रदर्शित किया जाए ताकि ग्रामीणों को समय रहते प्रशिक्षण की जानकारी मिल सके। उन्होंने सभी बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) को अपने क्षेत्रों में होने वाली बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रशिक्षण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हो सकें। प्रत्येक माह कम से कम 100 ग्रामीणों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसे संबंधित विभागों के समन्वय से पूरा करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही 15 जुलाई 2025 तक चल रहे धरती आबा जनभागीदारी शिविरों के दौरान डब्ल्यूडीओ (जिला कल्याण पदाधिकारी) और बीडीओ के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण की जानकारी साझा करने और ग्रामीणों को जोड़ने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु ग्रीन हाउस, ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों का मैदान भ्रमण भी अनिवार्य रूप से कराने को कहा। इसके अलावा, पशुपालन और कृषि से जुड़े लाभार्थियों की सूची व्हाट्सएप के माध्यम से संबंधित जिला पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए निर्देशित किया गया। एलडीएम (लीड बैंक मैनेजर) को भी स्पष्ट निर्देश दिया गया कि आरसेटी से प्रशिक्षित इच्छुक लाभार्थियों को बैंक ऋण देने हेतु सभी बैंकों से समन्वय बनाएं और लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में प्रशिक्षण लेकर सफलतापूर्वक स्वरोजगार शुरू करने वाले प्रतिभागियों को उपायुक्त ने सम्मानित भी किया। बैठक में आरसेटी निदेशक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम – जेएसएलपीएस, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित कई अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

# आय वृद्धि का साधन बनेगा मिश्रित मत्स्य पालन : डॉ. विनोद

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** मत्स्य दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र, गुमला (विकास भारती, बिशनपुर) द्वारा जिले के 14 किसानों के बीच 28,000 फिंगरलिंग (मछली के बच्चे) का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों की आय को दुगुना करने के लिए मिश्रित मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि गुमला जिले की भौगोलिक परिस्थितियां मत्स्य पालन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। इस वर्ष की जलवायु और वर्षा की स्थिति को देखते हुए मछली पालन किसानों के लिए और भी लाभकारी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने बताया कि मिश्रित मत्स्य पालन न केवल किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करेगा, बल्कि यह जल संरक्षण और कृषि के सतत विकास में भी सहायक होगा। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को तकनीकी जानकारी भी दी गई ताकि वे स्वस्थ और व्यावसायिक मत्स्य पालन की दिशा में आगे बढ़ सकें।

## साप्ताहिक जनशिकायत निवारण कार्यक्रम में 15 आवेदनों का किया गया निष्पादन

**सिसई (गुमला)।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सिसई में साप्ताहिक जनशिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ रमेश कुमार यादव व सीओ नितेश रोशन खलखो ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उसका निष्पादन किया। कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें वृद्धा पेंशन के 14 , मईया सम्मान योजना के 2 , जन्म प्रमाण पत्र के लिए 5 , और पेयजल स्वच्छता विभाग से संबंधित 1 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 22 आवेदनों में से 15 का तत्काल निष्पादन किया गया। सामाजिक लाभ हित योजना जांच का 1 एवं 6 आवेदन को संबंधित विभाग को निष्पादन हेतु अग्रसारित किया गया है।

## कल्याणकारी योजनाओं को लेकर विशेष शिविर आयोजित

**भरनो (गुमला)।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में प्रखंड भरनो के मरासीली पंचायत अंतर्गत मारासीली, कुसुम्बाहा और सिंगरौली गांवों में विशेष जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। लगातार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में जनजातीय परिवारों ने भाग लिया, जिससे शिविर की सफलता को बल मिला। इस शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### सदर अस्पताल गुमला में दिव्यांगता प्रमाणन हेतु विशेष शिविर आयोजित

# 319 मरीजों को मिला प्रमाण पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** दिव्यांगजनों को प्रमाणन सुविधा एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सदर अस्पताल गुमला में एक विशेष दिव्यांगता प्रमाणन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया प्रभावित दिव्यांगजन के लिए किया गया था।

शिविर में जिले के सभी प्रखंडों से बड़ी संख्या में मरीजों की उपस्थिति रही। कुल 481 मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 319 मरीजों को उसी दिन चिकित्सा बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि इस तरह के विशेष शिविर प्रत्येक बुधवार को सदर अस्पताल में नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि सभी दिव्यांगजनों को प्रमाणन की सुविधा सुलभ और समयबद्ध रूप से मिल सके।

# गुरु पूर्णिमा व वेदव्यास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, आचार्यों का हुआ सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**



**पालकोट (गुमला)।** श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित सोहर साहु सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर, पालकोट के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा सह महर्षि वेदव्यास जयंती उत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन समिति के मुख्य अतिथि अध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, सचिव मनोज साव केशरी, कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार एवं संरक्षकगण रविन्द्र नाथ सिंह, दिलीप कुमार साव, सुजीत गुप्ता, गौरी शंकर केशरी व भज्जु सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माता, ओम्, भारत माता एवं सरना माता को पुष्प अर्पित कर की गई।

वंदना सभा में आचार्या ऋचा कुमारी गुप्ता ने गुरु-शिष्य परंपरा की बोध कथा सुनाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अशोक कंसारी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन आचार्य सुदर्शन होता ने कुशलता से किया।

कार्यक्रम में समिति सदस्यों एवं अभिभावकों द्वारा गुरुओं को माला पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। पूर्व दशम कक्षा के विद्यार्थियों को भी सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। छात्रा उजाला कुमारी ने महर्षि वेदव्यास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इसके अलावा बच्चों ने क्षेत्रीय भाषा में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# भरनो में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया






**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष किशोर साहू, संरक्षक श्याम लाल अग्रवाल, अशोक केसरी, प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता तथा प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भैया-बहनों ने गुरु महिमा से ओतप्रोत गीतों व भावविभोर कर देने वाले नृत्यों की प्रस्तुति दी।

साथ ही महर्षि वेदव्यास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं को प्रस्तुत किया गया। आचार्य मुकेश कुमार शाही ने व्यास जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाएं साझा करते हुए विद्यार्थियों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में गुरु-शिष्य परंपरा, गुरु पूर्णिमा के महत्व और महर्षि वेदव्यास के जीवनवृत्तांत पर विस्तार से चर्चा की। अध्यक्ष किशोर साहू ने विद्यार्थियों को गुरु की महत्ता का संदेश देते हुए गुरु पूर्णिमा की सार्थकता को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की ओर से सभी आचार्य एवं दीदीजनों को वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस उत्सव में वीरेंद्र कुमार, सुधेश्वर साहू, संयुक्ता देवी, पूनम सारंगी, लिविंग केरकेट्टा, संतोष तिवारी सहित सभी आचार्य-आचार्या एवं लगभग सभी भैया-बहनें मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा व वेदव्यास जयंती



**सिसई (गुमला)।** वृहस्पतिवार, अषाढ़ पूर्णिमा को रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई में महर्षि वेदव्यास की जयंती व गुरु पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा की अगुवाई में सचिव रविन्द्र नाथ अधिकारी तथा कोषाध्यक्ष अश्विनी देवघरिया ने दीप प्रज्वलित कर महर्षि वेदव्यास की तस्वीर के सामने पुष्पार्चन किये। साथ ही सभी आचार्य आचार्या एवं विद्यालय के भैया- बहनों ने महर्षि वेदव्यास जी के चरणों में पुष्प अर्पित किया। प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने अतिथि परिचय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की उद्घोषिका कक्षा दशम की बहन सोनी ने अपनी श्रद्धापूर्ण बातों से सबका मन मोह लिया । महर्षि वेदव्यास को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भैया गौरव राज ने गुरू की आवश्यकता तथा महिमा पर प्रकाश डाला ।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

**आवश्यक सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन ई – पुनर्निविदा संख्या 01/R2/2024-25/EE/RWD/LATEHAR एवं PR 356221 REO (25-26)D में प्रकाशित निविदा को अपरीहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 356993 (REO) 25-26 (D)



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(लापता फलकुमारी कुवॅर)**



डण्डई थाना सनहा सं0–08/25 दिनांक–07.07.2025 में लापता मीरा देवी, उम्र 26 वर्ष, पति अरूण सिंह, सा0–महुडंड, थाना डण्डई, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाली है। उक्त लापता महिला के पति के द्वारा आवेदन में उल्लेख किये है कि इनकी पत्नि दिनांक 01.07.2025 को अपने दो वर्षिय बच्चे के साथ सदर अस्पताल ईलाज कराने गई लेकिन अभी तक वापस नहीं आई है। अपने साथ एक रेडमी मोबाईल जिसका सीम नं0–6205706219 भी साथ लेकर गई है। उक्त लापता महिला मीरा देवी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला किसी व्यक्ति को कही दिखे या इनके कही होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**गुमशुदा का विवरण :–**
नाम:– मीरा देवी
पति का नाम:– अरूण सिंह
लंबाई करिब 05 फीट
रंग– सांवला, बनावट– पतली
पहनावा– निले रंग की साड़ी
बाल– सामान्य काला एवं लंबा।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 357006 Police(25-26)#D



**अतिअल्पकालीन पुर्ननिविदा संख्या– 01/2025**
**(जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, लातेहार)**

**–: आवश्यक सूचना :–**

प्रभारी पदाधिकारी, लातेहार के पत्रांक 725 दिनांक 29.05.2025 के द्वारा लातेहार जिला के प्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावी क्षेत्र नगर पंचायत अंतर्गत ओ0बी0सी0 छात्रावास गुरूकुल माको, लातेहार में छात्र–छात्राओं हेतु आवश्यक सामग्री का क्रय एवं अधिष्ठापन किया जाना है।

आवश्यक सामग्रियों की सूची दर निर्धारण हेतु https://jharkhandtenders.gov.in पर प्रकाशित की गई हैं। संबंधित निविदाकर्ता उक्त प्रकाशित सूची का अवलोकन करते हुए दिनांक 18.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक अपना निविदा https://jharkhandtenders.gov.in पर कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार

PR 357013 (Human Resource Developement)25-26*D



**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद् के वाहन संख्या JH08C 4108 की नीलामी जिला परिषद् सभा कक्ष में दिनांक 18.07.2025 को 01:00 अपराहन को की जायेगी:–

| क्र0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन का प्रकार | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | JH08C 4 108 | TATA INDIGO | 40,000/ - | 4,000/ - |

**नियम एवम् शर्त्त :–**
1. इच्छुक डाकवक्ता कॉलम 05 में अंकित राशि का बैंक ड्रॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के पदनाम से देय एवम् बैंक ऑफ इंडिया, कोर्ट एरिया शाखा में भुगतेय हो जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
2. डाकवक्ता डाक के पूर्व जिला परिषद् कार्यालय में वाहन का अवलोकन कर सकते हैं।
3. उच्चतम डाकवक्ता डाक में बोली गई राशि का शत प्रतिशत राशि 03(तीन) दिनों के अन्दर कार्यालय में जमा करायेंगे अन्यथा जमानत की राशि को जब्त करते हुए द्वितीय उच्चतम डाकवक्ता को वाहन देने की कार्रवाई की जायेगी।
4. वाहन का निबंधन हस्तान्तरण करने में होने वाले शुल्क डाकवक्ता को स्वंय वहन करना होगा।
5. इस नीलामी को कभी भी रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा।

PR.NO.356976 Lohardaga(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"दुनिया एक रंगमंच है और हम सब अभिनेता हैं।" "प्रेम अंधा होता है" और "समय हर घाव को भर देता है।" उन्होंने सिखाया कि सोच का नजरिया ही चीजों को अच्छा या बुरा बनाता है। - **विलियम शेक्सपियर**

## संपादकीय

### हाथ मिलाना तो बहाना है

राजनीति में हाथ मिलाने और छोड़ने का खेल पुराना है।अभी बिहार में कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की अपनी कथित बेइज्जती और मिलन से लेकर झारखंड तक ऐसे खेल हो चुके हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद किसी तरह अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए ठाकरे बंधुओं का हिंदी विरोध इस साल के अंत में होने वाले बीएमसी चुनाव को लेकर है, जो करीब साढ़े चौहत्तर हजार करोड़ रुपए के परिव्यय वाला देश का सबसे बड़ा नगरीय निकाय है। बीस साल में पहली बार उन्होंने मराठी अस्मिता और हिंदी भाषा 'थोपे' जाने के मुद्दे पर राजनीतिक मंच साझा किया है। अगर किसी को इस बात पर संदेह हो कि अचानक ये दोनों पार्टियां क्यों हाथ मिला रही हैं, तो यह बिल्कुल स्पष्ट ही है। चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें जीती थीं। मनसे को एक भी सीट नहीं मिली थी। इसलिए उनके कार्यकर्ता हताश हो रहे थे और चाहते थे कि उनका विलय हो जाए, ताकि वे अपना भाग्य पुनः संवार सकें। यही कारण है कि राज ठाकरे ने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोनों चचेरे भाइयों को एकसाथ लाकर वह काम कर दिया है, जो शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और अन्य नहीं कर सके। उद्धव का इरादा साफ था। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने घोषणा की, 'हम साथ रहने के लिए साथ आए हैं। हम साथ मिलकर मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करेंगे।'इस साल के अंत में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) और अन्य नगर निकायों के चुनाव होने वाले हैं। बीएमसी का बजट हजारों करोड़ रुपए में है। यह भारत का सबसे बड़ा नगरीय निकाय है। पिछले साल के विधानसभा चुनाव के बाद बीएमसी दो राजनीतिक गठबंधनों (महायुति और महा विकास अघाड़ी) के लिए अगला युद्ध क्षेत्र है। नगरीय निकाय की विधायिका 2022 में समाप्त हो गई और तब से इसे सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक द्वारा चलाया जा रहा है। शिवसेना, जो 1985 से (1992-1996 को छोड़कर) नगर निकाय पर शासन कर रही है, इन चुनावों में अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है। लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों की तरह, एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के दो गुट मुंबई में शिवसेना के मराठी वोट आधार के लिए आमने-सामने भिड़ने वाले हैं। मुंबई में अपनी पकड़ मजबूत कर रही भाजपा एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के साथ मिलकर बीएमसी पर कब्जा करना चाहेगी। दूसरी ओर, कांग्रेस को अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी होगी। वह राज्य में कोई बड़ी पार्टी नहीं है। विधानसभा चुनाव में उद्धव और राज की अपमानजनक हार के बाद, ये नगर निगम चुनाव उनके लिए पुनरुद्धार की कुछ उम्मीद जगाते हैं। राज ठाकरे ने 2005 में अपने चचेरे भाई के साथ तीखे मतभेदों के चलते शिवसेना छोड़ दी थी, जिसके बाद उन्होंने मनसे का गठन किया। वह मनसे को भूमिपुत्रों के हित के सच्चे हिमायती के रूप में पेश कर रहे थे। लेकिन वह उन लोगों के साथ तालमेल नहीं बिठा पाए, जो उनकी आक्रामक शैली का समर्थन नहीं करते थे, यानी महाराष्ट्र के मराठी भाषी लोग।

*राज ठाकरे ने 2005 में अपने चचेरे भाई के साथ तीखे मतभेदों के चलते शिवसेना छोड़ दी थी, जिसके बाद उन्होंने मनसे का गठन किया।*

# आपदा प्रबंधन प्रणाली में बदलाव से क्षमता निर्माण






प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों में एक प्रमुख वैश्विक प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में उभरा है। वित्तपोषण तंत्र, संस्थागत विकास और क्षमता निर्माण में निवेश का उद्देश्य मापनयोग्य परिणाम प्रदान करना है। भारत की विकसित होती आपदा जोखिम प्रबंधन प्रणाली की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक आपदा-संबंधी मृत्यु दर में कमी है। एक व्यापक दृष्टिकोण वाले गुजरात भूकंप भरपाई कार्यक्रम ने देश की आपदा प्रबंधन प्रणाली को बदलने में मदद की।बेहतर पूर्व-चेतावनी प्रणालियों, सशक्त संस्थानों, बेहतर योजना और अधिक संवेदनशील वित्तपोषण के संयुक्त प्रभाव से, तीव्र और धीमी शुरुआत वाले, दोनों ही प्रकार के खतरों में मृत्यु दर में लगातार गिरावट देखी गई है। यह आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के तहत मूल प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिस पर भारत एक हस्ताक्षरकर्ता है।पिछले 25 वर्षों में भारत की आपदा प्रबंधन नीति और कार्यप्रणाली का विकास की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन ने इसे प्रेरित किया। पिछले दो-तीन दशकों में भारत की आपदा प्रबंधन नीतियां और कार्यप्रणाली कैसे विकसित हुई हैं।आपदा जोखिम प्रबंधन की कार्यप्रणाली में कई बदलाव आए हैं। 1991 के ओडिशा सुपर साइक्लोन, 2001 के गुजरात भूकंप और 2004 के हिंद महासागर में आई सुनामी से कई सीख मिली । 1993 का लातूर भूकंप और 2005 का कश्मीर भूकंप जैसी अन्य घटनाएं भी हुईं। इसके अलावा, वैश्विक नीति प्रक्रियाओं जैसे कि प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय दशक (आईडीएनडीआर) 1990-1999, ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (एचएफए) 2000-2015 और सेंडाई फ्रेमवर्क 2015-2030 ने हमारी सोच और व्यवहार को बहुत प्रभावित किया है।व्यापक प्रत्युत्तर और पुनर्निर्माण, तथा दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य के महत्वपूर्ण मोर्चे पर, कानूनी ढांचे, नियामक सुधारों, प्रशिक्षण और ज्ञान नेटवर्क, भवन नियमन और खतरा प्रतिरोधी निर्माण के माध्यम से आपदा प्रबंधन को संस्थागत बनाने के लिए प्रभावी और निर्णायक कदम उठाए गए । गुजरात पहल के तहत गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) द्वारा विविध गतिविधियों गईं, जो प्रत्युत्तर और राहत से कहीं आगे बढ़कर, भूकंप पुनर्निर्माण कार्य; नीतियों और कानूनों का निर्माण; आपदा प्रबंधन योजनाओं की तैयारी; क्षमता निर्माण; शमन उपाय; और जागरूकता एवं सामुदायिक शामिल थी ।आपदा जोखिम और वित्तपोषण की बात करें तो नए वित्तपोषण ढांचे का एक सबसे महत्वपूर्ण वैचारिक योगदान यह मान्यता है कि आपदा प्रबंधन में विभेदित किन्तु परस्पर निर्भर कार्य शामिल हैं - प्रत्युत्तर और राहत, भरपाई और पुनर्निर्माण, तैयारी और शमन। हाल के दिनों में आपदा प्रबंधन में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की बात करें तो चक्रवात से संबंधित मृत्यु दर में नाटकीय कमी; राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर बढ़ी हुई प्रत्युत्तर क्षमता; प्रौद्योगिकी के माध्यम से त्वरित और पारदर्शी राहत वितरण; आपदा के बाद सामाजिक सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा; बेहतर क्षति आकलन और सुदृढ़ भरपाई; और वैश्विक आपदा सहायता तथा मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) में नेतृत्व बड़ी उपलब्धियां हैं । आज भारत का आपदा प्रबंधन विकास एक व्यवस्थित और एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है – जिसमें प्रौद्योगिकी, संस्थागत क्षमता, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक सुरक्षा का संयोजन शामिल है। ये उपलब्धियां भारत को न केवल एक क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में, बल्कि आपदा जोखिम प्रबंधन में एक वैश्विक तौर पर सर्वोत्तम मॉडल के रूप में भी स्थापित करती हैं।

आज की **बात**



**डॉ पीके मिश्रा**
पीएम के प्रधान सचिव

भविष्य की चुनौती इस गति को बनाए रखने, नए जोखिम क्षेत्रों (जैसे, शहरी बाढ़, लू) में तैयारी को मजबूत करने और भरपाई एवं विकास के सभी पहलुओं में जलवायु अनुकूलन को शामिल करने की है।जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और अन्य कारकों के कारण उत्पन्न होने वाली उभरती चुनौतियों के संदर्भ में आपदा प्रबंधन प्रणाली को अपनी मजबूती बनाए रखने की आवश्यकता है। हमें एक सक्रिय, पुनरावृत्त और कार्य-उन्मुख दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, जहां प्रत्येक सुधार दूसरे को मजबूत करे, और जहां सभी घटक संसाधनों, सुरक्षा और अवसरों तक लोगों की पहुंच में सुधार के लिए एक साथ आएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों में एक प्रमुख वैश्विक प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में उभरा है, जो संकट के समय क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के प्रति उसकी बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने प्रशिक्षित और सुसज्जित राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और सशस्त्र बलों के माध्यम से, भारत ने नेपाल (2015 भूकंप), तुर्की (2023 भूकंप) और म्यांमार (2025 भूकंप) जैसे देशों को समय पर आपदा प्रत्युत्तर सहायता प्रदान की है। भारत के नेतृत्व में संस्थागत नवाचार का एक आशाजनक उदाहरण आपदा रोधी इन्फ्रास्ट्रक्चर गठबंधन (सीडीआरआई) है, जो वैश्विक स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रणालियों में अनुकूलन को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक बहुपक्षीय मंच है। भारत द्वारा परिकल्पित और संचालित, सीडीआरआई विशिष्ट संस्थानों की एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है, जो एक केंद्रित क्षेत्र – अनुकूल इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े समाधान के माध्यम से वैश्विक सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों में एक प्रमुख वैश्विक प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में उभरा है*

**रूपहले पर्दे की साजिश**

## बॉलीवुड में सनातन धर्म के विरुद्ध विमर्श और सांस्कृतिक आक्रमण

भारत एक ऐसी भूमि है जो वेदों, उपनिषदों, पुराणों और रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्यों की विरासत से समृद्ध है। यहां की कला, संस्कृति और धर्म हजारों वर्षों से जनमानस का मार्गदर्शन करते रहे हैं। नाट्यशास्त्र के अनुसार, कला और नाट्य का उद्देश्य लोक शिक्षण, सामाजिक चेतना और आत्मकल्याण है। लेकिन जब यही माध्यम विकृत हो जाए, तो वह विनाशकारी बन जाता है। आज भारतीय फिल्म जगत, विशेषकर हिंदी सिनेमा यानी बॉलीवुड, एक ऐसा मंच बन गया है जहां एक विशेष विचारधारा, एक विशेष संप्रदाय और एक सुनियोजित सांस्कृतिक युद्ध के तहत सनातन धर्म को अपमानित करने का क्रम लगातार चलाता रहा है। यह आलेख इसी विमर्श का विश्लेषण करता है, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वर्तमान दृष्टिकोणों से। भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में कहा गया है, "नाट्यं भिन्नरुचेरजनस्य मनोरंजनम्" अर्थात नाटक (या कला) का कार्य है सभी प्रकार के जनों का मनोरंजन, मार्गदर्शन और शिक्षण करता है। नाट्यशास्त्र में नाट्य को "पंचम वेद" कहा गया है, जिसका आधार धर्म, नीति, लोक मंगल और चरित्र निर्माण है। किन्तु जब यह कला बाज़ारवाद, राजनैतिक हित और धार्मिक दुराग्रह के हाथों की कठपुतली बन जाए, तो यह अपने स्वरूप को खो देती है। हिंदी सिनेमा में अनेक वर्षों से यह देखा गया है कि हिंदू पात्रों को या तो कमजोर, दब्बू, पिछड़े या नकारात्मक भूमिका में दिखाया जाता है। "रामू", "श्यामू", "गणेश", "मुकुंद", "गुप्ता" जैसे नामों को अक्सर घरेलू नौकर, चपरासी, या हास्य पात्रों के लिए प्रयुक्त किया गया। जबकि अन्य धर्मों के पात्र जैसे "अब्दुल", "रहमान", "जान मोहम्मद" या "पादरी जॉन" को विद्वान, त्यागी, साहसी और सहृदय के रूप में दिखाया गया। हिंदू पात्रों को अक्सर ताबीज, जनेऊ, टीका, गेरुआ वस्त्र आदि में अतार्किक, रूढ़िवादी और क्रूर बताया जाता है। इसके विपरीत किसी अन्य संप्रदाय के प्रतीकों को गौरवपूर्ण और आधुनिकता से जोड़ा जाता रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**डॉ. दीपक प्रसाद**
सांस्कृतिक शोधकर्ता, रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

# राजा सिंह के इस्तीफे के बाद रॉबिनहुड की तलाश में बैठी भाजपा

सरसरी तौर पर झारखंड और तेलंगाना की राजनीति में कोई सीधा संबंध नहीं है। इन दोनों प्रदेशों की राजनीति अपने अपने शर्तों पर चलती है फिर भी झारखंड के सुदूरवर्ती चौपालों में इन दिनों तेलंगाना ट्रेंड कर रहा है। यह मामला भाजपा से इस्तीफा देकर चर्चा में आए तेलंगाना के विधायक टी.राजा सिंह से संबंधित है। वैसे तो देश के सभी प्रांतों में दलबदल या इस्तीफे के खेल चलते ही रहते हैं और इसमें कुछ भी अनुठापन नहीं है फिर भी टी.राजा सिंह के द्वारा दिया गया इस्तीफा काफी चर्चा में है। ऐसा इसलिए कि इस इस्तीफे की इनसाइड स्टोरी काफी दिलचस्प है। बताते चलें कि विभिन्न कारणों से टी.राजा सिंह की छवि एक दबंग, मुखर व कट्टर हिन्दूवादी नेता की रही है। ये वही राजा हैं जो अपने विवादित बयानों और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के लिए जाने जाते हैं।ऐसी टिप्पणियों के कारण कई बार उनपर कानूनी कार्रवाइयां तक हो चुकी है और बार बार अपने ही दल व दलीय आलाकमान को असहज स्थिति में लाकर खड़ा कर देने का आरोप भी लगा है। ऐसे आरोप तब दिखाई पड़ते हैं जबकि भाग्य को हमेशा जन्म नक्षत्र प्रभावित करता रहता है। इस दृष्टि से देखें तो तमाम विपरित परिस्थितियों के बावजूद टी.राजा तेलंगाना में उस भाजपा के एक प्रमुख चेहरा बने रहे जिसे दक्षिण भारत के संघर्ष का प्रमुख योद्धा और दल के लिए मजबूरी तक माना गया। दूसरी ओर, अपने धुर दक्षिणपंथी व हिन्दूवादी प्रारब्ध के विपरित भाजपा का शीर्ष नेतृत्व आज अपने कट्टर हिन्दूवादी अवधारणा के विरुद्ध समावेशी समाजवाद के प्रति खुद को स्थापित करने में लगा हुआ है। संदर्भवश एक सहज सा सूत्र यह है कि किसी का भी प्रारब्ध उसके अतीत के कर्मों और परिणाम में नजर आता ही है। शायद टी.राजा सिंह को यही बात समझ में नहीं आई कि प्रारब्ध के इस गुणसूत्र के बावजूद भाजपा आज खुद को बदलने में लगी हुई है और इस चक्कर में प्रखर हिन्दूवाद के प्रतीक बने राजा सिंह से किनारा करने की स्थिति का निर्माण किया जा रहा है ताकि हिन्दूत्व के नाम पर कट्टरता दिखाने वाले लोगों को एक कड़ा संदेश दिया जा सके। बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम की इनसाइड स्टोरी पर से शायद ही कभी पर्दा उठे परन्तु जो कुछ सामने आ रहा है। बताया तो यह जा रहा है कि यह सबकुछ तेलंगाना भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर एन.रामचंद्र राव की ताजपोशी का परिणाम है। वस्तुतः यह पूर्ण सत्य नहीं है क्योंकि यह महज इस्तीफे की वजह, नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव, राजा सिंह के विवादित बोल, भविष्य के लिए उनकी योजना और भाजपा के लिए नफा नुकसान तक सिमटा हुआ नहीं है। यदि यह इतना भर होता तो इस इस्तीफे के कारण हैदराबाद से सैकड़ों किलोमीटर दूर झारखंड के चौपालों का बाजार गर्म नहीं होता और झारखंड की तासीर में रचे बसे टाईगर, रॉबिनहुड और शेर की अवधारणा को उद्वेग्लित न कर रहा होता। जानकारों की मानें तो झारखंड वह प्रदेश है जहाँ विकास की गंगोत्री को धरती में उतारने वाले सुशिक्षित, ईमानदार, दलीय, सरल व नामचीन उम्मीदवारों पर बिजली के एक ट्रांसफार्मर, एक छोटी सी नाली या किसी छोटी मोटी बात के लिए हुंकार भरनेवाला रॉबिनहुड भारी पड़ता रहा है। ऐसे में चौपालों की मानें तो गत चुनावों में भाजपा के पिछड़ जाने का एक राज यह भी है कि इसके पास टाईगर,शेर, रॉबिनहुड या टी.राजा सिंह जैसे उम्मीदवारों का टोटा पड़ा हुआ है। अब राजा सिंह का झारखंड से कोई सीधा संबंध हो न हो, इस शख्सियत के इस्तीफे के बाद यहां स्थानीय नेताओं की छवि को लेकर निरंतर सवाल उठ रहे हैं और गंभीरता के साथ चौपालों में इसकी चर्चा भी हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**केदारनाथ दास**



**फेसबुक** वॉल से




**एक्स** से




### आज का दोहा

कूंआ , पनघट, बावड़ी, बात, बतकही, राज।
दबे, छिपे, उघडे कभी , दफ्न हुए सब आज।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विज्ञान के हाथों गुम होती हमारी कला साहित्य की आत्मा

आधुनिक शिक्षा के खोखलेपन और हमारे भीतर की सूखी ज़मीन पर एक गहन दृष्टि,आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ने हमें तेज़ सोचने वाले लोग बनाए हैं, लेकिन साथ ही भावनाओं से दूर भी कर दिया है। हम तेजी से निर्णय लेते हैं, तकनीकी समस्याओं को हल कर लेते हैं, लेकिन धीरे-धीरे हम यह भूल गए हैं कि इंसान सिर्फ मस्तिष्क नहीं, एक संपूर्ण चेतना है — जिसमें सोचने, महसूस करने और जुड़ने की शक्ति साथ-साथ चलती है। हमने विज्ञान और तकनीक को ज्ञान का शिखर मान लिया और साहित्य, दर्शन, समाजशास्त्र, अध्यात्म — इन सभी विषयों को धीरे-धीरे अपने पाठ्यक्रम और अपने जीवन से हटा दिया। यह समझा गया कि ये विषय "करियर बनाने लायक" नहीं हैं, और इस सोच ने आने वाली पीढ़ियों से वह संवेदना, गहराई और आत्मदर्शन छीन लिया जो मनुष्य को केवल जीवित नहीं रखती, बल्कि समझदार, संतुलित और मनुष्यता से भरपूर बनाती है। जहाँ पहले शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, व्यक्तित्व का निर्माण था, वहां अब सिर्फ अंक, स्कोर और पैकेज ही शिक्षा का मूल्य बन चुके हैं। नैतिकता, करुणा, जीवन के अर्थ की खोज, संतुलन, आत्म-ज्ञान — ये सब बातें अब पुरानी किताबों के साथ बंद अलमारियों में रह गई हैं। टेक्नोलॉजी ने हमारी दुनिया को आसान बना दिया, लेकिन उसी ने हमें उस जमीन से काट दिया जिस पर मनुष्य के मूल्य टिके होते हैं। हम स्क्रीन पर सब कुछ देख सकते हैं, पर दूसरे के दुख को महसूस नहीं कर पाते।

हम हजारों लोगों से जुड़ सकते हैं, पर अकेलेपन से निकल नहीं पाते।

हमारे बच्चे मशीनों की भाषा सीख रहे हैं, लेकिन खुद से संवाद करना भूल रहे हैं।

वह दिन दूर नहीं जब हम सब एक दूसरे के बीच होंगे, लेकिन कोई किसी को सुनने वाला नहीं होगा।

विज्ञान और पूंजीवाद की जोड़ी ने प्रगति को सुविधा तक सीमित कर दिया है।

प्रकृति, पर्यावरण, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संतुलन सब कुछ बाजार के लिए कम मायने रखता है।

इसलिए हमने देखा कि कैसे वैज्ञानिक उन्नति ने ही सबसे भयानक युद्ध और बमों को जन्म दिया।

कैसे मशीनों ने हमें सुलभता दी, लेकिन उसी ने मानवीय श्रम, संवाद और संबंधों को खत्म कर दिया।

हम यह स्वीकार नहीं करना चाहते कि हमने तकनीक को साधन के बजाय अपने जीवन का मूल बनाना शुरू कर दिया है।

हम भूल चुके हैं कि तकनीक जीवन का सहायक हो सकती है, लेकिन वह जीवन का मार्गदर्शक नहीं हो सकती।

और यह सब बदलाव केवल भौतिक नहीं, मानसिक और आध्यात्मिक भी है।

हमारे भीतर जो मौन था, जहाँ विचारों से ऊपर अनुभूति का स्थान होता था, वह धीरे-धीरे अस्तित्वहीन होता जा रहा है।

हमने ध्यान, एकाग्रता, और आत्मा की खोज को अवैज्ञानिक कहकर त्याग दिया,

जबकि वही तत्व थे जो हमें भीतर से जोड़ते थे, संतुलित रखते थे।

आज जब हमारे पास हर प्रकार की सुविधा है, तब भी हम बेचैन हैं।

हमारे पास उत्तर तो हैं, लेकिन प्रश्न करने की क्षमता नहीं बची।

हमारे पास उपकरण हैं, लेकिन उनका उपयोग सिर्फ उत्पादकता बढ़ाने तक सीमित है शांति या आत्मा के लिए नहीं।

हमें यह समझना होगा कि अगर विज्ञान को विवेक नहीं मिलेगा,
अगर तकनीक को करुणा नहीं मिलेगी,
अगर शिक्षा को आत्मा से नहीं जोड़ा गया
तो आने वाला समय और भी अधिक यांत्रिक और खोखला होगा।

अब हमें फिर से एक संतुलित शिक्षा की आवश्यकता है जिसमें विज्ञान और तकनीक के साथ-साथ दर्शन, साहित्य, कला और आध्यात्मिक समझ को बराबर स्थान दिया जाए।

जहाँ बच्चे सिर्फ रोबोट नहीं बनें, बल्कि वह भी समझें कि एक इंसान होना क्या होता है भावनाएं क्या होती है और उसे सही से जीना कैसे हैं।

हमें फिर से एक ऐसी दुनिया बनानी है जहाँ मस्तिष्क की गति के साथ हृदय की गहराई भी हो।

जहां सुविधाएं हों, लेकिन संवेदनाएं उससे बड़ी हों।

जहाँ प्रगति हो, लेकिन वह मनुष्य की आत्मा के साथ हो, उसके विरुद्ध नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**वीणा देवांगन**
लेखिका

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# सावन विशेष : शिवनगरी काशी में बसा है मार्कण्डेय महादेव मंदिर...

**वाराणसी।** हिंदू धर्म में सावन मास का विशेष महत्व है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि समाप्त होने के साथ 11 जुलाई को श्रावण मास आरंभ हो जाएगा। ऐसे में शिवनगरी काशी में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी है। काशी में कई मंदिर है जो विश्व के नाथ और उनके भक्तों के बीच की सुंदर कथा से जुड़े हैं। ऐसा ही एक मंदिर है गंगा-गोमती के पवित्र संगम तट पर बसा मार्कण्डेय महादेव का मंदिर। साल भर इस मंदिर में 'हर हर महादेव' और 'ओम नमः शिवाय' की गूंज सुनाई देती है। सावन माह में तो मानो तिल तक रखने की जगह नहीं होती है। कैथी गांव के पास स्थित मंदिर के पास सावन की शुरुआत के साथ मेला भी शुरू हो जाएगा। इस मंदिर की सबसे खास बात है कि यहां काल या यम के देवता यमराज भी पराजित हो गए थे। मार्कण्डेय महादेव मंदिर की पौराणिक कथा भक्तों में गहरी आस्था जगाती है। धार्मिक कथा के अनुसार, ऋषि मृकण्ड के पुत्र मार्कण्डेय को जन्म दोष था, जिसके अनुसार पृथ्वी पर उनकी आयु मात्र 14 वर्ष थी। उनके माता-पिता ने गंगा-गोमती तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। जब मार्कण्डेय 14 वर्ष के हुए और यमराज उनके प्राण लेने आए, तब भोलेनाथ स्वयं प्रकट हुए। शिव ने यमराज को लौटने का आदेश दिया और कहा, "मेरा भक्त सदा अमर रहेगा और उसकी पूजा मुझसे पहले होगी।"तभी से यह स्थल मार्कण्डेय महादेव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया। सावन में इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। यहां त्रयोदशी (तेरस) के दिन विशेष पूजा होती है, जहां भक्त पुत्र प्राप्ति और पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। महामृत्युंजय जाप, शिवपुराण, रुद्राभिषेक और सत्यनारायण कथा का आयोजन भी होता है। महाशिवरात्रि पर दो दिनों तक अनवरत जलाभिषेक की परंपरा है।धार्मिक मान्यता है कि बेलपत्र पर महादेव के आराध्य श्रीराम का नाम लिखकर अर्पित करने से संतान की आयु लंबी होती है और यम का त्रास भी नहीं रहता। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इस प्राचीन मंदिर का उल्लेख मिलता है, जिसके अनुसार, मार्कण्डेय महादेव मंदिर शिव की असीम कृपा का प्रतीक है। मार्कण्डेय ऋषि ने अपनी भक्ति से शिवलिंग स्थापित कर अमरता का वरदान प्राप्त किया था। सावन में कांवड़ियों की भीड़ से काशी की यह शिवनगरी और जीवंत हो उठती है।

## मार्कण्डेय महादेव मंदिर: जहां स्वयं शिव ने यमराज को भी किया पराजित

इस मंदिर की सबसे खास बात है कि यहां काल या यम के देवता यमराज भी पराजित हो गए थे। मार्कण्डेय महादेव मंदिर की पौराणिक कथा भक्तों में गहरी आस्था जगाती है। धार्मिक कथा के अनुसार, ऋषि मृकण्ड के पुत्र मार्कण्डेय को जन्म दोष था, जिसके अनुसार पृथ्वी पर उनकी आयु मात्र 14 वर्ष थी। उनके माता-पिता ने गंगा-गोमती तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। जब मार्कण्डेय 14 वर्ष के हुए और यमराज उनके प्राण लेने आए, तब भोलेनाथ स्वयं प्रकट हुए। शिव ने यमराज को लौटने का आदेश दिया और कहा, "मेरा भक्त सदा अमर रहेगा और उसकी पूजा मुझसे पहले होगी।" तभी से यह स्थल मार्कण्डेय महादेव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया। सावन में इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। यहां त्रयोदशी (तेरस) के दिन विशेष पूजा होती है, जहां भक्त पुत्र प्राप्ति और पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। महामृत्युंजय जाप, शिवपुराण, रुद्राभिषेक और सत्यनारायण कथा का आयोजन भी होता है। महाशिवरात्रि पर दो दिनों तक अनवरत जलाभिषेक की परंपरा है।

### कराईकल अम्माइयार का भव्य मंगनी उत्सव

# भक्तों ने परंपरा और आस्था के साथ किए भगवान शिव के दर्शन

**एजेंसी। कराईकल**

पुडुचेरी के कराईकल जिला स्थित प्रसिद्ध कराईकल अम्माइयार मंदिर में 8 जुलाई से शुरू हुए भव्य 'मंगनी उत्सव' का आयोजन चल रहा है। इस अनूठे और आध्यात्मिक उत्सव को देखने के लिए गुरुवार को तमिलनाडु और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। उत्सव के चलते गुरुवार को कराईकल जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। 63 नयनमार संतों में से एक और कुछ महिला संतों में शामिल कराईकल अम्माइयार को भगवान शिव ने 'अम्मये' कहकर वरदान दिया था। उनके लिए हर साल मंगनी उत्सव मनाया जाता है। इस साल यह उत्सव 8 जुलाई से शुरू हुआ है, जो 11 जुलाई तक चलेगा। भव्य मंगनी उत्सव के माध्यम से 'अम्मये' के जीवन का हर साल स्मरण किया जाता



है। उत्सव की शुरुआत दो दिन पहले दूल्हे को पारंपरिक निमंत्रण के साथ हुई, जो दिव्य विवाह का प्रतीक है। इसके बाद करैक्कल अम्मयार और परमदत्त चेट्टियार के प्रतीकात्मक विवाह हुए। पुजारियों ने वैदिक मंत्रों के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न किया और भक्तों को पवित्र अक्षत प्रसाद स्वरुप वितरित किए।

कराईकल अम्माइयार के भव्य 'मंगनी उत्सव' का मुख्य आकर्षण है भगवान शिव का पिचादनार (भिक्षुक रूप) में अम्माइयार के घर भोजन मांगने का दृश्य। जैसे ही भगवान की शोभायात्रा सड़कों से गुजरी, भक्तों ने अपनी मन्नतें पूरी होने की कामना के साथ आम चढ़ाए।

# दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पथराव कर रहे आरोपियों ने कबूला अपना जुर्म

**एजेंसी। कानुपर**

कानुपर में चंदारी रेलवे स्टेशन के निकट नयी दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। नशे में धुत इन अपराधियों ने ट्रेन के तीन डिब्बों की खिड़कियों को नुकसान पहुँचाया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सेंट्रल स्टेशन पोस्ट और क्राइम विंग की टीम ने अपराधियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। संदिग्धों ने पुष्टि की है कि घटना के दौरान वे नशे में थे।

**पथराव कर रहे थे मोहम्मद लतीफ और मोहम्मद सईम**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान श्याम निवासी मोहम्मद लतीफ और सुजातगंज निवासी मोहम्मद सईम के रूप में की गई है जिन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया है।

# पहलगाम हमला : आतंकी वारदात पाकिस्तान का सबसे बड़ा कबूलनामा

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी ने एक चौंकाने वाली बात स्वीकार की है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ हालिया हमला वास्तव में एक आतंकवादी हमला था। भारतीय पत्रकार करण थापर को दिए एक साक्षात्कार में, भुट्टो ने कहा कि वह पीड़ितों और उनके परिवारों का दर्द समझते हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और जैश-ए-मोहम्मद (JeM) जैसे आतंकवादी संगठन पाकिस्तान में अभी भी मौजूद हैं।

हालांकि, भुट्टो ने पहलगाम हमले में पाकिस्तान सरकार या सेना की किसी भी संलिप्तता से इनकार किया और ऐसे आरोपों को दुष्प्रचार करार दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन नहीं करता और उसे इसके कारण बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के कारण 92,000 से ज़्यादा जानें गँवाई हैं, जिनमें पिछले साल ही 200 से ज़्यादा हमलों में 1,200 नागरिक भी शामिल हैं। अगर यह सिलसिला जारी रहा, तो 2025 पाकिस्तान के इतिहास का सबसे खूनी साल हो सकता है।

### बिहार मतदाता सूची संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# आधार, वोटरकार्ड, राशन कार्ड को भी वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तीखे सवाल उठाए और चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह चल रहे अभियान के तहत मतदाता गणना के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करने पर विचार करे। अदालत एसआईआर के समय और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव से कुछ महीने पहले संशोधन शुरू करने के चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि यह कदम "लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़ पर हमला करता है। न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी; इसमें थोड़ी देर हो गई है। हालाँकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं - जिनमें विपक्षी नेता और नागरिक समाज समूह शामिल हैं - की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग



● कोर्ट ने कहा कि यदि नागरिकता जांच करनी थी तो यह पहले की जानी चाहिए थी, अब देर हो गई है

के पास इस तरह का संशोधन करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन करना चुनाव आयोग की संवैधानिक ज़िम्मेदारी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि बिहार में पिछली बार ऐसा 2003 में किया गया था। सुनवाई के दौरान, चुनाव आयोग ने एसआईआर का बचाव करते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं को जोड़कर और अपात्र मतदाताओं को हटाकर मतदाता सूची की अखंडता बनाए रखना आवश्यक है। आयोग ने दोहराया कि आधार नागरिकता का वैध प्रमाण नहीं है, और कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही मतदान के हकदार हैं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील द्विवेदी ने सवाल किया, "अगर चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार नहीं है, तो फिर किसके पास है?

## बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समय को लेकर गंभीर चिंता जताई। इस कदम के समय पर सवाल उठाते हुए, कोर्ट ने व्यावहारिक और कानूनी आधारों का हवाला देते हुए इस प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव से कुछ महीने पहले ही संशोधन शुरू करने के चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि यह कदम "लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़ पर हमला करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम आपको रोक नहीं रहे हैं. हम आपसे कानून के तहत एक्ट करने के लिए कह रहे हैं। कोर्ट अब इस मामले पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा, यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी> इसमें थोड़ी देर हो गई है। हालाँकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग के पास इस तरह का संशोधन करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन करना चुनाव आयोग की संवैधानिक ज़िम्मेदारी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि बिहार में पिछली बार ऐसा 2003 में किया गया था।

# कर्नाटक: विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी पर ईडी का शिकंजा, बेंगलुरु में 5 ठिकानों पर छापेमारी

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक के विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों के खिलाफ विदेशी संपत्तियों को कथित तौर पर छुपाने को लेकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) की धारा 37 के तहत ईडी ने बेंगलुरु के 5 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। विधायक सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान और करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी तलाशी अभियान चला रही है। यह छापेमारी कथित तौर पर उनके और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने और अवैध निवेश के आरोपों के आधार पर की जा रही है। ईडी के मुताबिक, एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों पर विदेशी खातों में भारी राशि जमा कराने समेत मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी में अचल संपत्तियों में निवेश करने के आरोप हैं।

# चुनाव आयोग प्रजातंत्र को खत्म करने में लगा है : प्रियंका चतुर्वेदी

**मुंबई।** बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने दावा किया है कि चुनाव आयोग प्रजातंत्र को खत्म करने के लिए भाजपा का सहयोग कर रहा है। गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा कि मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने का एक षड्यंत्र चुनाव आयोग की ओर से रचा जा रहा है ताकि गरीबों और वंचितों को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाए और अपने हिसाब से नए वोटर को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से चुनाव आयोग संविधान की धज्जियां उड़ा रहा है और प्रजातंत्र को खत्म करने में जिस प्रकार से भाजपा को सहयोग दे रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। आयोग ने जो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान किया, अब उस चीज को बिहार में दोहराया जा रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा।

**वृष :** बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक इच्छताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क :** खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगें।

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मीन :** अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

# पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को उनकी हैसियत बताई गई: बृजभूषण शरण सिंह

**एजेंसी। गोंडा**



'बिहार बंद' के दौरान पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को राहुल गांधी की गाड़ी पर चढ़ने से रोके जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह का बयान आया है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं को गाड़ी पर नहीं चढ़ने देना एक सोची-समझी रणनीति है। भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को इसलिए धक्का दिया गया ताकि हार का ठीकरा उन्हीं पर फोड़ा जाए और यह कहा जाए कि वह भी दोषी हैं। पप्पू यादव की एक-दो लोकसभा सीटों पर मजबूत स्थिति है। कन्हैया कुमार की पैदाइश टुकड़े-टुकड़े गैंग की है, इसलिए जानबूझकर पप्पू यादव और कन्हैया कुमार की हैसियत बताई गई है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव 'राज परिवार' से आते हैं। एक नेता खुद को हिंदुस्तान का राजा मानता है तो दूसरा खुद को बिहार का राजा मानता है। इसी कारण वह बिहार में कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को क्यों खड़ा होने देंगे?"बृजभूषण शरण सिंह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, "बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी और तेजस्वी यादव हार मान चुके हैं, इसलिए यह अभी से तैयारी कर रहे हैं कि भाजपा और नीतीश कुमार पर आरोप कैसे लगाया जाए? मैं दावे के साथ कहता हूं कि बिहार में उनकी हार निश्चित है और इसी के चलते उन्होंने एडवांस में चुनाव आयोग पर आरोप मढ़ना शुरू कर दिया है।

# बिहार चुनाव के पहले खुद को बेहतर साबित करने की होड़

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) मतदाताओं को लुभाने में जुट गए हैं। दोनों पार्टियां पोस्टरों के जरिए खुद को एक-दूसरे से बेहतर बता रही हैं। बिहार की राजधानी पटना की कई सड़कों पर लगे इन पोस्टरों में दोनों दलों के अपने-अपने दावे दिख रहे हैं। राजधानी पटना में राजद और जदयू की ओर से पोस्टर लगाए गए हैं। राजद के पोस्टरों में महागठबंधन की 17 महीने की सरकार के कामों का श्रेय लिया गया है, जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू और राजद की सरकार थी। दूसरी ओर, जदयू के पोस्टरों में नीतीश सरकार की तारीफ की गई है और नारों के जरिए खुद को दूसरों से बेहतर बताने की कोशिश की गई है। साथ ही, फिर से एनडीए सरकार बनाने की बात कही गई है। मजेदार बात यह है कि दोनों दलों के पोस्टर पटना की सड़कों पर कई जगहों पर पास-पास ही लगे हैं।

### कैंटीन में मारपीट पर विधायक संजय गायकवाड़ की सफाई

# मेरा इरादा सही था, लेकिन तरीका गलत

**एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने मुंबई के एक कैंटीन में खराब खाना मिलने पर कर्मचारी को ही थप्पड़ मार दिया था, जिस पर अब उन्होंने अपनी सफाई दी। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि उनका इरादा सही था, लेकिन तरीका गलत था। उन्होंने बताया कि पिछले कई साल से होटल में गंदगी और खराब खाने की शिकायतें थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे होटल मालिकों का हौसला बढ़ गया था।

उन्होंने कहा, "मैं बाहर का खाना नहीं खाता, लेकिन इस होटल में खाने के बाद मुझे स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई। खाना खराब था, जिससे मेरा गुस्सा भड़क गया। मेरी



प्रतिक्रिया गलत थी, लेकिन मकसद सही था।" उन्होंने दावा किया कि उनकी कार्रवाई के बाद 95 फीसदी लोग इसे सही मान रहे हैं। उनकी इस पहल से महाराष्ट्र भर के होटल मालिकों ने अपने प्रतिष्ठानों की सफाई शुरू कर दी है। उन्होंने सरकार से मांग की कि होटल में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए बीमा, पहचान पत्र और हर तीन महीने में मेडिकल जांच अनिवार्य हो। साथ ही, होटलों में साफ-सफाई और खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्होंने कहा, "कोई इस मुद्दे पर आगे नहीं आ रहा था। मैंने बिल्ली के गले में घंटी बांधने का काम किया।" दरअसल, शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे मुंबई में एक कैंटीन कर्मचारी को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दिए।

गायकवाड़ ने गुरुवार को मुंबई में होने वाले सिंदूर ब्रिज के उद्घाटन की भी बात की। उन्होंने कहा कि यह ब्रिज 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित है। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने आतंकवादियों को चुन-चुनकर मारा था। उन्होंने बताया, "पाकिस्तान ने हमारी महिलाओं का सिंदूर छीन लिया था। उसी का बदला ऑपरेशन सिंदूर था। इसकी याद में मुख्यमंत्री ने इस ब्रिज का नाम सिंदूर रखा है।"

### धर्मांतरण रैकेट | 40 अकाउंट में 106 करोड़ रुपए ! ताबिज बेचने वाले छांगुर बाबा के काले साम्राज्य की कहानी

# बुलडोजर कार्रवाई के बाद अब कसता जा रहा ईडी का शिकंजा

● छांगुर बाबा को बलरामपुर में पकड़े गए धर्मांतरण नेटवर्क से जोड़कर देखा जा रहा है

**एजेंसी। आजमगढ़**

छांगुर बाबा की संपत्तियों पर उत्तर प्रदेश प्रशासन की कार्रवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी है। वह कथित तौर पर एक धर्मांतरण गिरोह का सरगना है और उसे उत्तर प्रदेश एटीएस ने गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण रैकेट के कथित सरगना छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन की



गिरफ्तारी को लेकर एक अहम बयान दिया है। योगी ने असामाजिक और राष्ट्रविरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। आजमगढ़ में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत एक मेगा अभियान को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि हमने बलरामपुर में एक जल्लाद को गिरफ्तार किया, जो हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करता था। उन्होंने सौफ तौर पर कहा कि हम समाज को टूटने नहीं देंगे और राष्ट्र-विरोधी, असामाजिक तत्वों को भी नष्ट करेंगे, साथ ही धरती माता की रक्षा भी करेंगे। धर्मांतरण गिरोह का सरगना छांगुर बाबा कभी साइकिल पर अंगूठियाँ और करता था। अब उसके पास 40 बैंक खातों में 106 करोड़ रुपये की रकम है जो मुख्य रूप से मध्य पूर्व से प्राप्त हुई है और कम से कम दो करोड़ों की संपत्तियाँ हैं। छांगुर बाबा को उसकी करीबी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन के साथ शनिवार को लखनऊ के एक होटल से उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में हाल ही में पकड़े गए धर्मांतरण रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। तब से, जमालुद्दीन पर शिकंजा कसता जा रहा है। अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने कहा कि आरोपी एक विशाल नेटवर्क चलाता था जो कथित तौर पर जाति-आधारित धर्मांतरण दरों के साथ एक विशेष धार्मिक पृष्ठभूमि की लड़कियों को निशाना बनाता था।

## छांगुर बाबा का साम्राज्य

छांगुर बाबा कभी साइकिल पर अंगूठियाँ और ताबीज़ बेचा करता था। बाद में वे ग्राम प्रधान बन गया। अब तक मिले दस्तावेज़ों के आधार पर, यह पुष्टि हुई है कि उनके 40 अलग-अलग खातों में 106 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। जाँच के अनुसार, यह सारा पैसा मध्य पूर्व के इस्लामी देशों से आया है। उत्तर प्रदेश के रेहरा माफ़ी गाँव के रहने वाले छांगुर बाबा का पूरा साम्राज्य नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर ज़िले के उत्तरौला क्षेत्र में है। उन्हें एक बार अपने पैतृक गांव का प्रधान भी नियुक्त किया गया था।

## खामेनेई के सलाहकार की ट्रंप को ड्रोन हमले की धमकी, कहा-

# धूप सेंकते समय माइक्रो-ड्रोन पेट पर गिर सकता है, ट्रंप बोले- धूप सेकना पंसद नहीं

**वॉशिंगटन/ तेहरान । एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने 8 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी। लारीजानी ने एक टी.वी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा- वहीं, ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा- मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था। ट्रम्प बोले वो इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते।

### ईरानी सलाहकार की ट्रंप को ड्रोन हमले की चेतावनी

- अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी का विवादित बयान
- 8 जुलाई को एक टीवी चर्चा के दौरान दी गई धमकी
- ट्रम्प को उनके रिसॉर्ट में माइक्रो-ड्रोन से निशाना बनाने की बात
- लारीजानी ने बयान के दौरान हंसी भी उड़ाई



### डोनाल्ड ट्रंप बोले- मुझे धूप सेंकना पसंद नहीं

- ट्रंप ने बयान को हल्के में लिया, नहीं मानी कोई बड़ी धमकी
- कहा – "शायद आखिरी बार 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था"
- व्हाइट हाउस में पत्रकारों के सवाल पर दी प्रतिक्रिया
- ट्रंप ने ईरानी बयान को मजाकिया अंदाज़ में खारिज किया



### दावा- लारीजानी का बयान क्राउड फंडिंग से जुड़ा

लारीजानी के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में "ब्लड पैक्ट" नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। ये अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है। जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है।

***स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में "ब्लड पैक्ट" नामक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान का खुलासा***

### अमेरिका ने ईरान के एटमी ठिकानों पर हमला किया था

अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। ईरान पर हमले के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी है। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे।

***हमले का उद्देश्य रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाना बताया गया।***

## चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तिकड़ी भारत के खिलाफ एकजुट!

# अनिल चौहान की चेतावनी से सतर्क हुआ सुरक्षा तंत्र, मोदी अलर्ट

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान भारत के खिलाफ बेहद घिनौनी साजिश रच रहा है। इसका खुलासा खुद भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ ने किया है। सीडीएस अनिल चौहान की तरफ से जो बातें कही गई हैं। वो बेहद चौंकाने वाली हैं। पाकिस्तान सिर्फ अकेला ही नहीं चीन और बांग्लादेश मिलकर भारत को किस तरह टारगेट किया जाए इससी साजिश बुन रहे हैं। सीडीएस अनिल चौहान एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान की परतें खोलने का काम किया। पाकिस्तान पिछले पांच सालों में कितने हथियार चीन से ले चुका है। इन हथियारों के जरिए क्या रणनीति इन देशों के द्वारा बनाई जा रही है, जो भारत के लिए खतरनाक हो सकती है। सीडीएस अनिल चौहान ने साफ और सटीक शब्दों में कहा कि बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान का एक साथ आना भारत के लिए खतरे का संकेत हो सकता है। भारत वैसे तो पाकिस्तान को हर मुहाने पर लगातार मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। चीन सीधे तो आकर भारत से पंगे नहीं ले रहा है। लेकिन पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत के खिलाफ चलाने की पूरजोड़ कोशिश में लगा हुआ है। चीन भारत के खिलाफ पाकिस्तान को तैयार करने की कोशिश में लगा हुआ है। पाकिस्तान को कैसे पूरी ताकत के साथ खड़ा किया जाए, इसमें चीन लगा हुआ है और ताबड़तोड़ हथियार उसकी तरफ से इस्लामाबाद को मुहैया कराए जा रहे हैं। सीडीएस चौहान ने कहा कि पाकिस्तान सालों से भारत के खिलाफ साजिश को अंजाम देता रहा है और इसमें चीन की भी भूमिका रही है। पाकिस्तान और चीन का एक-दूसरे से मिलना भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है पाकिस्तान को पिछले पांच सालों में 70 से 80 प्रतिशत हथियार और उपकरण चीन से मिले हैं।

हिंद महासागर क्षेत्र के देशों का आर्थिक संकट उन्हीं के लिए दिक्कत बन सकता है। इसकी वजह से बाहरी शक्तियों ने अपना प्रभाव बढ़ाने का मौका हासिल कर लिया है। इसका असर भारत पर भी हो सकता है दक्षिण एशिया में सरकारों के बार-बार बदलने के साथ भू-राजनीतिक समीकरण और वैचारिक दृष्टिकोण भी बदल रहा है, जो कि एक और अहम चुनौती है। इसी तरह, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच निजी फायदे की वजह से नजदीकी बढ़ रही है, जो कि भारत की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर खतरा बन सकती है। हम सभी मौजूदा स्थिति से वाकिफ हैं। सीडीएस ने यह भी रेखांकित किया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान की परमाणु हमले की धौंस को उजागर किया।



### बाहरी ताकतों के प्रभाव से भारत को खतरा

- आर्थिक कमजोरी के कारण क्षेत्रीय देशों में विदेशी प्रभाव बढ़ा
- इसका सीधा असर भारत की सुरक्षा और कूटनीति पर पड़ सकता है

### दक्षिण एशिया में राजनीतिक अस्थिरता चुनौती

- सरकारों के साथ वैचारिक दृष्टिकोण और नीतियां भी बदल रहीं
- भू-राजनीतिक अस्थिरता भारत के लिए रणनीतिक समस्या

### मानवता विरोधी अपराध में शेख हसीना पर आरोप तय

**ढाका ।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में औपचारिक रूप से अभियोग लगाया गया। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना पर मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप स्वीकार करते हुए उन पर अभियोग लगाया है। यह आरोप पिछले वर्ष एक बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह के संबंध में लगाया गया था जिसमें सैकड़ों छात्र मारे गए थे। न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय पैनल ने शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पर पांच आरोप लगाए।



## चीन पर अमेरिकी का नया प्रतिबंध

# चीनी निवेशकों को अमेरिकी कृषि भूमि खरीदने की मनाही

**नई दिल्ली । एजेंसी**

अमेरिका और चीन के बीच की अदावत तो किसी से छुपी नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप भले ही जिनपिंग को भले ही पसंद करने की बात करते हो। लेकिन एक्शन उनकी बातों से बिल्कुल भी मेल नहीं खाते। इसलिए तो पहला कार्यकाल हो या ट्रंप 2.0 चीन के प्रति अमेरिका का सख्त रवैया बदस्तूर जारी है।

टैरिफ वॉर हो या ताइवान के प्रति चीन का एग्रेसिव नेचर अमेरिका का ड्रैगन के प्रति स्टैंड एकदम साफ रहा है। अब इसी क्रम में अमेरिका ने चीन पर नया बैन लगा दिया है। लेकिन इस बार मसला खरीद-बिक्री से जुड़ा है और वो भी जमीन से जुड़ा मसला है। ट्रंप 2.0 के आने के बाद नया फैसला ये लिया गया है कि अब चीन अमेरिका में कोई खेती की जमीन नहीं खरीद सकता है। चीन इस फैसले को लेकर कह रहा है कि ये तो सीधा भेद-भाव है।

अमेरिकी कृषि विभाग ने राष्ट्रीय कृषि सुरक्षा कार्य योजना (एनपीपी) की घोषणा की है, जो एक नई पहल है जिसका उद्देश्य अमेरिकी कृषि भूमि को विदेशी प्रभाव, विशेष रूप से चीन से बचाना है।

### शिप पर कब्जा कर बम से उड़ाया, हूतियों ने टाइटैनिक की तरह डुबा दिया जहाज

**नई दिल्ली ।** हूती उग्रवादियों द्वारा इस सप्ताह एक दूसरे जहाज पर हमला करके उसे डुबो देने के बाद बचावकर्मियों ने लाल सागर से चालक दल के छह सदस्यों को जीवित बाहर निकाला, जबकि अन्य 15 के बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। ईरान-संबद्ध समूह ने कहा है कि उनमें से कुछ नाविक उनके कब्जे में हैं। हूती उग्रवादियों ने इस हमले की ज़िम्मेदारी ली है। समुद्री अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में इटरनिटी सी पर सवार 25 लोगों में से चार की मौत हो गई, जबकि बाकी लोग मालवाहक जहाज छोड़कर भाग गए। बचाव अभियान में शामिल सुरक्षा कंपनियों के सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में हुए हमलों के बाद इटरनिटी सी डूब गया।

# सुको ने बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ माह पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाया

**चुनाव आयोग से कहा** - आधार कार्ड नागरिकता के लिए नहीं हो सकता, ये आपका काम नहीं, गृह मंत्रालय का काम है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस सुधांशु धूलिया व जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से कहा कि आधार कार्ड नागरिकता के लिए नहीं हो सकता, ये आपका काम नहीं, गृह मंत्रालय का काम है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले होने वाली इस प्रक्रिया के समय पर सवाल उठाया। चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुधांशु धूलिया व जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आपकी कवायद समस्या नहीं है, समस्या समय की हैबिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से क्यों जोड़ा जा रहा है? यह चुनावों से इतर क्यों नहीं हो सकता? जस्टिस धूलिया ने कहा कि एक बार मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया जाए तो अदालतें उसे नहीं छुएंगी। जिसका अर्थ है कि मताधिकार से वंचित व्यक्ति के पास चुनाव से पहले उसे (संशोधित सूची को) चुनौती देने का विकल्प नहीं होगा।हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा मतदाता सूची को गहन प्रक्रिया के माध्यम से सही करने में कुछ भी गलत नहीं है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गैर-नागरिकों का नाम मतदाता सूची में न रह जाए। सुनवाई की प्रमुख बातें निम्न हैं —

कोर्ट ने एडीआर वकील से पूछा आप विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनावों से क्यों जोड़ रहे हैं? एडीआर वकील ने सफाई दी हम अधिकार नहीं, प्रोसेस के खिलाफ हैं।

कोर्ट की नागरिकता के मुद्दे पर सिब्बल ने खड़े किए सवाल।

कोर्ट ने कहा नागरिकता का काम चुनाव आयोग का नहीं, गृह मंत्रालय का है।

सिब्बल बोले, नागरिक नहीं हैं ये चुनाव आयोग सिद्ध करे।

### सुप्रीम कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ क्या दलीलें दी गईं

- **एडीआर वकील :** कानून के अनुसार, इलेक्शन कमीशन को एसएसआर और स्पेशल इंटेंसिव कराने का अधिकार है। सिर्फ 11 डॉक्यूमेंट ही लिए जा रहे हैं।आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड जैसे दस्तावेज नहीं मांगे जा रहे। आज तक स्पेशल इंटेंसिव रिविजन शब्द का उपयोग नहीं हुआ।
- **जज :** चुनाव आयोग जो कर रहा है उसे उसका अधिकार संविधान ने दिया है। सवाल है कि क्या चुनाव आयोग को इंटेंसिव रिविजन का अधिकार है या नहीं। आप अधिकार को चैलेंज नहीं कर रहे हैं?
- **एडीआर वकील :** हम अधिकार का नहीं बल्कि जिस तरीके से ये प्रक्रिया की जा रही है उसके खिलाफ हैं। कानून में संशोधन कर आधार कार्ड को वोटर कार्ड के दस्तावेज के तौर पर शामिल किया गया है। 2021 में संशोधन किया गया और 2022 में इसे लागू किया गया, लेकिन चुनाव आयोग आधार कार्ड को एसआईआर में शामिल नहीं कर रहा है।
- **जज :** क्या वोटर कार्ड दस्तावेज एसआईआर में शामिल है?
- **एडीआर वकील :** नहीं। फॉर्म 6 में आधार कार्ड, मनरेगा, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज शामिल है, लेकिन एसआईआर में इसे शामिल नहीं किया गया। बिहार में एन्यूमरेशन फॉर्म 7.89 करोड़ मतदाताओं को देना है। ये नया फॉर्म चुनाव आयोग ने बनाया है इससे पहले ये फॉर्म नहीं था। अभी तक सिर्फ फॉर्म-6 था, जब नए वोटर का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता था।
- **जज :** आधार कार्ड नागरिकता के लिए नहीं हो सकता। ये आपका काम नहीं, गृह मंत्रालय का काम है।
- **चुनाव आयोग :** हमें समय दें। अभी प्रक्रिया चल रही है। पता नहीं है कि कितने लोग बाहर होंगे।
- **कपिल सिब्बल :** संविधान के आर्टिकल 10 और 11 में लिखा है कि सिटीजन बनने के लिए 3 कैटेगरी है। चुनाव आयोग कहता है हर व्यक्ति जो 18 साल और भारत का नागरिक है वो वोटर बन सकता है तो फिर चुनाव आयोग कैसे पूछ सकता है कि अगर आप ये फॉर्म नहीं भरेंगे तो आप वोट नहीं कर पाएंगे। ये हैरानी की बात है, जो 11 दस्तावेज उसके आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की बात कही गई है, वो बहुत ही कम लोगों के पास हैं।
- **जज :** क्या आप बोल रहे हैं कि बहुत बड़ी आबादी के पास ये 11 दस्तावेज नहीं है?
- **कपिल सिब्बल :** यही बात हम कहना चाहते हैं। नागरिकता साबित करने का दायित्व मुझ पर नहीं है। मुझे मतदाता सूची से हटाने से पहले, उन्हें ये दिखाना होगा कि उनके पास कोई ऐसा दस्तावेज है जो साबित करता है कि मैं नागरिक नहीं हूं।
- **अभिषेक मनु सिंघवी :** बिहार में करीब 4 करोड़ लोगों को अपने आप को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 3 अलग तरह के दस्तावेज देने होंगे। ये नागरिकता का मामला है। एक भी मतदाता को मताधिकार से वंचित करने से लोकतंत्र और बुनियादी ढांचे पर असर पड़ता है।
- **जज :** हम इस मामले में आपके साथ हैं। समरी रोल कराने को लेकर समय और उसकी प्रक्रिया संविधान में दिया गया है। लेकिन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर समय नहीं दिया गया।
- **अभिषेक मनु सिंघवी-** क्यों चुनाव आयोग ने जून के आखिरी में एसआईआर की घोषणा की? अब ये एसआईआर बंगाल में कराने वाले हैं। अगर ये प्रक्रिया पहले हुई होती तो कोई दिक्कत नहीं थी।
- **जज :** याचिकाकर्ता न सिर्फ आपके अधिकार बल्कि पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं और एसआईआर के समय को लेकर सवाल है। जज ने यह बात चुनाव आयोग के वकील से कही।
- **चुनाव आयोग के वकील :** इलेक्टोरल रोल बनाने का अधिकार चुनाव आयोग को आर्टिकल 1 में दिया गया है।
- **जज :** याचिकाकर्ता सीधे तौर पर आपके अधिकार पर नहीं, एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं।
- **चुनाव आयोग के वकील :** चुनाव आयोग का सीधे मतदाताओं से रिलेशन है। अगर मतदाता नहीं होंगे तो चुनाव आयोग का कोई काम नहीं।
- **जज :** हम पिछले 20 साल से चुनाव में शामिल हो रहें हैं तो अचानक से क्यों ये डॉक्यूमेंट मांग रहे?
- **चुनाव आयोग के वकील :** कौन लोग हैं जो ये सवाल पूछ रहें है, जो बिहार में मतदाता भी नहीं हैं।
- **जज :** हम 28 जुलाई को फिर से केस की सुनवाई करेंगे। आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड - मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए उपयोग करें।

# शादी के 4 साल बाद राजकुमार राव और पत्रलेखा बनने वाले हैं पेरेंट्स

## सोशल मीडिया पर दी प्रेग्नेंसी की घोषणा

कहानी फिल्म जगत की

*बॉलीवुड सेलिब्रिटी जोड़ी राजकुमार राव और पत्रलेखा 9 जुलाई, 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा करके बेहद खुश हैं। इस जोड़े ने एक संयुक्त सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए यह खुशखबरी साझा की और अपने जीवन के एक नए अध्याय का स्वागत करने की तैयारी में अपनी उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने नवंबर 2021 में शादी की थी।*



राजकुमार राव और पत्रलेखा ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी साझा की, जिसमें लिखा था, "बच्चा आने वाला है।" यह घोषणा तेज़ी से वायरल हुई और कई अभिनेताओं, मशहूर हस्तियों और फिल्म जगत के सदस्यों ने कमेंट सेक्शन में भावी माता-पिता के लिए प्यार और बधाई की बाढ़ ला दी। सोनाक्षी सिन्हा, नुसरत भरुचा, पुलकित सम्राट, ईशा गुप्ता, भूमि पेडनेकर, मानुषी छिल्लर, हुमा कुरैशी और फराह खान सहित कई अन्य लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएँ भेजीं। भूमि पेडनेकर, तृप्ति डिमरी, भारती सिंह, नेहा धूपिया, ईशा गुप्ता और कियारा आडवाणी समेत कई हस्तियों ने इंस्टाग्राम पर इस जोड़े को बधाई दी। फराह खान ने मज़ाक करते हुए लिखा, "आखिरकार, खबर सामने आ ही गई!! मुझे इसे अपने तक ही सीमित रखने में मुश्किल हो रही थी। बधाई हो।" सोनम कपूर ने लिखा, "आप दोनों के लिए बहुत खुश हूं, मेरे प्यारे दोस्तों।

**काम की बात करें :** काम की बात करें तो, 40 वर्षीय राजकुमार राव शुक्रवार, 11 जुलाई को अपनी फिल्म मालिक की रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं। उन्हें स्त्री 2, श्रीकांत, बधाई दो, ट्रैप्ड और शाहिद जैसी फिल्मों में उनके प्रशंसित अभिनय के लिए जाना जाता है। इस बीच, पत्रलेखा, जिन्होंने हंसल मेहता की फिल्म सिटीलाइट्स से अपने पति के साथ डेब्यू किया था, हाल ही में प्रतीक गांधी के साथ फुले में नज़र आईं। उन्होंने आईसी 814: द कंधार हाईजैक और मैं हीरो बोल रहा हूं।



### रिमझिम और तेज बारिशों के बीच आज सावन शुरू

# पहाड़ी मंदिर में सफाई और सड़कों की व्यवस्था पर पर निगम पीछे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिमझिम और तेज बारिशों के बीच आज सावन आया है। सावन का पवित्र महीना भगवान शिव और आदिशक्ति माता पार्वती की पूजा करने का अवसर होता है। पहाड़ी मंदिर रांची में सावन को लेकर समिति के द्वारा पहले से ही तैयारी की जाती है। पहाड़ी मंदिर समिति के अध्यक्ष जिले के उपायुक्त हैं और एसडीओ रांची सचिव हैं। सावन के महीने में पहाड़ी मंदिर में विशेष सुरक्षा की व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरे से भीड़ पर नजर रखी जाती है। आज से सावन शुरू हो रहा है और निगम ने स्वच्छता और सड़कों पर ध्यान नहीं दिया है। नाली की सफाई और मरम्मत नहीं हुई है जिससे नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। पूजा करने आने वाले श्रद्धालु जिसमें खाली पैर महिलाएं पूजा करने के लिए आती हैं उन्हें उन सड़क में बहते गंदे पानी में पांव रखकर मंदिर परिसर पर पहुंचना पड़ेगा। वहीं सड़कों पर बने गड्ढों को नहीं भरा गया है, नालियां भी खुली हुई है। पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ में नालियों का खुला रहना और सड़क पर गड्ढे बने होने से दुर्घटना की संभावना बनती है। पूजा के सामान की दुकानें रोड तक लगाइ गई है। इस बार पिछली बार से भी ज्यादा भीड़ होने की संभावना बताई जा रही है।



सावित्री देवी ने कहा कि निगम के कर्मियों को कई बार वेंकटेश्वर मंदिर के मोड़ पर नाली भरी होने की सूचना दिए मगर उन्होंने नाली साफ नहीं किया। पानी सड़कों में बह रहा है जिससे हम सभी महिलाओं को पूजा करने पहाड़ी मंदिर आने के लिए गंदे पानी पर पांव रखकर मंदिर पहुंचना होगा।



संजय राम ने कहा कि बानो मंजिल रोड में नाली टूटी हुई है जिससे शौचालय का पानी सड़क पर आता है। कि सावन में आने जाने वालों को गंदे पानी में पैर रखकर आगे बढ़ना होगा।



स्थानीय दुकानदार एमडी इकबाल ने बानो मंदिर रोड का बारे में बताया कि शौचालय का गंदा पानी सड़क पर बहता है, निगम ने नालियों की साफ सफाई और मरम्मत नहीं कराई है।









## न्यूज बॉक्स

### नकली कागज बना कर जमीन खरीद फरोख्त में एक आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** पिठोरिया थाना में प्राथमिकी आरोपी हसीब अंसारी रांची के ओरमांझी निवासी को फर्जी कागजात और वंशावली से जमीन को अवैध रुप से खरीद फ़रोख्त करने के आरोप में पिठोरिया थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों के विरुद्ध छापामारी जारी है।

### सड़े हाल में अज्ञात शव मिला, जांच में जुटी

रांची।आईटीआई बस स्टैंड के पास गुरुवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। बस स्टैंड के पास बने पानी टंकी के नीचे सड़ी गली अवस्था में शव मिला जिस से इलाकें में हडकंप का माहौल बन गया। शव मिलने के बाद पंडरा ओपी की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस हत्या सहित सभी बिंदु पर जांच में जुटी हुई है। चार पांच दिन पुराना शव मिलने के वजह से युवक की पहचान मुस्किल हो गई है। खबर लिखे जाने तक मृतक कि पहचान नहीं हो पाई थी।

### डोटिम में व्याख्यान देंगे डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** डोटिम (दलित,ओबीसी,थारू,स्वदेशी अल्संख्यक) का अंतरराष्ट्रीय कांन्फ्रेंस 12 जुलाई को नेपाल की राजधानी काठमांडू के अमृत भोग पार्टी पैलेस में आयोजित किया है। इस कांन्फ्रेंस में व्याख्यान देने पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो को विशेष अतिथि के रूम में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी डोटिम के प्रमुख सलाहकार डॉ पीके ठाकुर ने दी है।

## आरटीई उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर हो सख्त कार्रवाई : अजय राय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के 45 निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत चयनित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन नहीं लेने के मामले को झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने रांची उपायुक्त को एक ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई है और संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा तीन बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद भी जब इन 45 स्कूलों ने नामांकन नहीं किया, तो यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। श्री राय ने कहा कि "शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और इसे वंचित बच्चों से छीनना एक सामाजिक अपराध है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन इसके विरुद्ध हमेशा मुखर रहेगा।

उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह इस गंभीर मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल कार्रवाई करे, जिससे शिक्षा का अधिकार अधिनियम पूरी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ लागू हो सके।

### भारी बारिश को लेकर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने आज आपात बैठक बुलाई, कहा-

# राज्य सरकार हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है

- **राहत कार्यों में कोई कोताही नहीं होगी : डॉ इरफान अंसारी**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के विभिन्न हिस्सों में विगत कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के चलते अनेक क्षेत्रों में जलजमाव, आवागमन में बाधा, मकानों और फसलों को नुकसान जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। यह स्थिति राज्य के नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरी है।

इस आपदा की घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। राज्य की जनता को हो रहे नुकसान की भरपाई और राहत कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग की एक आपात बैठक आहूत की गई है। यह बैठक शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि स्थिति का समुचित मूल्यांकन कर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की रणनीति बनाई जा सके। राज्य सरकार जनता से अपील करती है कि वे अफवाहों से बचें, सतर्क रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## दिव्यांगजनों की सहायता करता है डालसा : शिवानी सिंह



- **शिवानी सिंह ने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम-2016 पर किया फोकस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चेशायर होम बरियातू में दिव्यांगजनों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा टीम के सदस्यों में एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह, पीएलवी सम्पा दास, स्नेहलता दुबे, विधि की छात्रा अम्बरीन फिरदौस समेत अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी सहायक, शिवानी सिंह ने दिव्यांगजनों के अधिकारों के बारे में संवैधानिक प्रावधान पर फोकस किया। दिव्यांग बच्चों को एक ऐसी शक्ति ईश्वर के द्वारा दी गई है, जो किसी सामान्य बच्चों को नहीं प्राप्त है। दिव्यांग बच्चे कभी अपने आप को असहाय, असहज महसूस न या हिन भावना से ग्रसित न समझे क्योंकि वह भी समाज के एक हिस्सा है। सुश्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों को किसी भी सहायता की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में अपना आवेदन पीएलवी के माध्यम से दे सकते है। उनके समस्याओं का समाधान कर उन्हें मदद पहुंचाना ही डालसा का उद्देश्य है। इसके अलावा उन्होंने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम-2016 के बारे में वहां के दिव्यांगजनों को बतलाया। संविधान के आर्टिकल-21 ए में शिक्षा का अधिकार दिया हुआ है, चाहे समाज के किसी भी तबके के किसी भी तरह के लोग हो उनको निःशुल्क शिक्षा मिलनी ही चाहिए। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उच्च शिक्षा में 5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण का प्रावधान है। रोजगार के अवसर में आरक्षण का प्रावधान दिया गया है। इनकम टैक्स में आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह भी ज्ञात हो कि सुश्री शिवानी सिंह ने नालसा द्वारा चलाये जा रहे योजना 'साथी' और 'आशा' तथा जागृति एवं डॉन के बारे में भी दिव्यांगजनों को जानकारी प्रदान की। नालसा टॉल फ्री नम्बर के बारे में भी जानकारी दी। विधि की छात्रा अम्बरीन फिरदौस ने साथी अभियान के तहत निराश्रित, अनाथ व असहाय बच्चों जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

## समिति धनबाद जिले की स्थल अध्ययन यात्रा अगले माह करेगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बजट सत्र 2025 के दौरान सदस्य चंद्रदेव महतो एवं अरूप चटर्जी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पर ,धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा एवं झरिया के भौरा में बीसीसीएल क्षेत्र 10 एवं एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा ज़बरन ओबी डम्प किए जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित "विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण)" की आज समिति कक्ष में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में समिति द्वारा संबंधित संस्थानों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया कि, विभिन्न संस्थानों से प्राप्त प्रतिवेदनों में अपेक्षित जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई गई है।

समिति ने यह निर्णय लिया कि अगले माह समिति धनबाद ज़िले की स्थल अध्ययन यात्रा करेगी। उस दौरान समिति रैयतों एवं ग्रामीणों से भी संबंधित विषयों पर वार्ता करेगी ।

विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) की बैठक में विशेष समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो, सदस्य राज सिन्हा, सदस्य सुदीप गुड़िया एवं सदस्य धनंजय सोरेन के साथ-साथ रंजीत कुमार संयुक्त सचिव, विरेन्द्र कुमार, अवर सचिव सचिव झारखंड विधानसभा उपस्थित रहे ।

### पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक झारखंड को राष्ट्रीय पटल पर रखने का अवसर :नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यह न केवल केंद्र और राज्य के बीच संवाद का मंच है, बल्कि झारखंड को अपनी अनूठी संभावनाओं और चुनौतियों को राष्ट्रीय पटल पर रखने का मौका भी है। इस बार, झारखंड को पारंपरिक मांगों जैसे बकाया राशि या संपत्ति बंटवारे से आगे बढ़कर उन अनछुए पहलुओं को उठाना चाहिए।



### संजय सेठ ने राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की बधाई

रांची। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से गुरुवार को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री सेठ ने कहा कि आपका जीवन और आपके कार्य, हर कार्यकर्ता और देशवासी के लिए अनुकरणीय है। ईश्वर से आपके आरोग्यपूर्ण दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

### तुष्टीकरण में डूबी बिहार कांग्रेस मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का कर रही विरोध : प्रदीप वर्मा



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद प्रदीप वर्मा ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। डॉ वर्मा ने कहा कि न्यायालय ने बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सही ठहराया है । आम जनता में भी इसे लेकर कोई परेशानी नहीं है लेकिन इंडी गठबंधन के घटक दल कांग्रेस राजद झामुमो इसे तुष्टीकरण के चश्मे से देख रहे हैं।और यही कारण है कि वे इसका विरोध कर रहे। कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास संवैधानिक संस्थाओं के विरोध से भरा हुआ है। जब इनके सोच के अनुकूल संस्थाएं कार्य नहीं करती तो ये पार्टियां उनकी विरोधी हो जाती है। आज ये लोग चुनाव आयोग, ईडी,सीबीआई सब के विरोधी बने हैं। आज ये जिस न्यायालय में याचिका दायर करते हैं उसी न्यायालय के फैसले को सत्ता मद में बदला है। राहुल गांधी जी ने तो अपनी पार्टी की सरकार के फैसले को भी चौराहे पर फाड़ दिया था। कहा कि कांग्रेस पार्टी को न लोकतंत्र में विश्वास है और न संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर। ये परिवारवादी पार्टियां परिवार के कानून से चलती हैं और देश को भी चलना चाहती हैं। कहा कि आज झारखंड में शेड्यूल 5 के तहत पेसा कानून लागू करने से कांग्रेस पार्टी भाग रही।

## पृष्ठ एक के शेष

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ददई दुबे...**
1990 के चुनाव में जनता ने उन्हें दोबारा विधायक बनाकर विधानसभा भेजा था। लेकिन 1995 में ददई दुबे आरजेडी के रामचन्द्र चंद्रवंशी से चुनाव हार गये थे। इसके बाद दोनों में हार-जीत का सिलसिला शुरू हो गया। 2000 में ददई जीते, तो 2005 चंद्रवंशी को जीत मिली। फिर 2009 में ददई दुबे ने बिश्रामपुर सीट पर कब्जा जमाया। कांग्रेस नेता ददई दुबे मजदूर संगठन इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहें। 2004 में धनबाद से सांसद भी चुने गये थे। राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार में वो ग्रामीण विकास मंत्री भी रहें।

**धरातल पर नहीं मिला आम...**
सेवक कनिय अभियंता, सहायक अभियंता, रोजगार सेवक और मेट पर 6048 रुपया का जुमार्ना लगाया। कई ऐसे मामले सामने आए जिस पर जीवरी के सदस्यों ने नियम के विरोध अपना फैसला दिया गया। उन योजनाओं की प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई में समीक्षा करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जूरी सदस्य में पंचायत समिति सदस्य श्रद्धा देवी, अध्यक्ष राहुल, मनरेगा मजदूर अनंत कुमार अनंत, समाजसेवी सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह, महिला संघ सहायता समूह के कलावती देवी, ऑडी टीम में टीम लीडर अनिल कुमार मेहता, अवधेश प्रजापति, मुकेश प्रजापति, जितेंद्र राम, नीलम देवी, अनामिका देवी शामिल थीं। इस मौके पर मुखिया विनय सिंह रोजगार सेवक, मुरारी सिंह विश्वनाथ सिंह राजेंद्र सिंह ललन बैठा नागेंद्र विश्वकर्मा संतोष कुमार शिशिर मिंज वार्ड सदस्य रजनी लकड़ा ज्योति मिंज शाहित भंडरिया पंचायत अंतर्गत भंडरिया सिकरिया नौका बंजारी दुगार्डीह भेजरिया मरदा के दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

**कैदियों, अधिवक्ता और जजों की...**
जायजा लिया। हाजत का जायजा लेने के क्रम में डीआइजी वहां लगाए गए कमजोर क्वालिटी के ताले को देखकर बिफर पड़े। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को फटकार लगाते हुए बड़ा और मजबूत ताला लगाने का निर्देश दिया। सीसीटीवी काम कर रहा है या नहीं इसकी भी जानकारी ली। डीआइजी ने पुलिसकर्मियों से कहा कि जिला न्यायालय की सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि तमाम सुरक्षा उपाय चुस्त दुरूस्त होने चाहिए। जिन पुलिसकर्मियों की जहां ड्यूटी लगी हो, उन्हें वहां पर मुस्तैद रहना होगा। डीआईजी ने कहा कि कैदियों के साथ-साथ अधिवक्ता और जजों की सुरक्षा पुलिस की जिम्मेवारी है। डीआइजी ने गेट से लेकर अंदर तक तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाद में डीआईजी ने पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश से मुलाकात की।

**रांची मेट्रो रेल परियोजना को...**
अलावा रिम्स -2 और छह नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए केंद्र से आर्थिक सहयोग की मांग की।

**धार्मिक स्थलों को रामायण सर्किट में शामिल करने की मांग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के धार्मिक स्थलों को रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट में शामिल किया जाए ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, झारखंड-बिहार के बीच लंबित परिसंपत्ति बंटवारे का मुद्दा भी उन्होंने जोरशोर से उठाया।

**केंद्र से 'सहकारी संघवाद' की अपील :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक चुनौतियों और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार को सहकारी संघवाद की भावना के तहत सहयोग करना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बैठक से झारखंड के कई लंबित मुद्दों का समाधान निकलेगा।

**मईयां सम्मान योजना का जिक्र :** मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत 18-50 वर्ष की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और सामाजिक बदलाव का रास्ता खुला है।

**राज्यों के विकास में केंद्र...**
से गंगा नदी का अविरल बहाव सुनिश्चित करने और बिहार-पश्चिम बंगाल सीमा पर कटावरोधी कार्यों के खर्च का शत-प्रतिशत भार केंद्र सरकार द्वारा उठाने की मांग की। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने गंगा और नेपाल व अन्य राज्यों से आने वाली नदियों के जल प्रबंधन के लिए समन्वित नीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में बैंकों की शाखाएं खोलने के लिए केंद्र से मदद का आग्रह किया। माझी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में 6,794 ग्राम पंचायतों में से सिर्फ 2,421 में ही बैंक शाखाएं हैं। शेष 4,373 ग्राम पंचायतें अब भी बैंक शाखाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र जरूरी कदम उठाए ताकि बैंकों को शेष पंचायतों में शाखाएं खोलने में सुविधा हो। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बैठक में शिरकत कर रहे वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने "भड़काऊ सोशल मीडिया" कंटेंट पर रोक लगाने के लिए कड़े राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने राज्य की ओर से केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के तहत लंबित बकाया भुगतान का मुद्दा उठाया।

**रात्रि गश्ती के बजाय अवैध वसूली में...**
समान या अवैध की जानकारी लेने के बजाय उनसे पैसे की वसूली की जाती है। बताते चलें कि शहरी क्षेत्र में बीते दिनों से चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है इसके बावजूद रात्रि गश्ती के स्थान पर पुलिस जवान घंटों वाहनों की कतार लगाकर वसूली करने में लगे रहते हैं जिस कारण चोरों का हौसला बढ़ा रहता है। स्थानीय लोगों की माने तो रांची रोड में प्रतिदिन पुलिस द्वारा मालवाहक वाहनों से अवैध वसूली की जाती है। इस दौरान वे बेखौफ होकर बिना किसी कार्रवाई के डर के दर्जनों वाहनों से हजारों रुपए ऐंठते हैं।

**दिन दहाड़े युवक को मारी...**
कि हम अपने दोस्त सदमान खान, तोहिद खान एवं लाडले खान के साथ गाड़ी से डीजल लेने मझिआंव जा रहे थे, इसी दौरान हम सब चौक पर पान खाने के लिए रुके और दुकानदार को पान लगाने के लिए बोले। इस दौरान पहले से मौजूद सफीर खान के पुत्र वसीम खान एवं एक लंबा कद दाढ़ी रखा हुआ व्यक्ति हमारे ऊपर गोली चल दिया। उस समय हम गाड़ी में ही बैठे हुए थे। दो गोली नहीं लगा, उसके बाद तीसरा गोली चलाने के दौरान हम अपना हाथ आगे किया लेकिन नहीं पकड़ पाए और गोली चलाने के बाद हाथ में लग गया है। उसके बाद दो-तीन अज्ञात लोग मोटरसाइकिल से वहां से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने शुरू किया विशेष अभियान

- **आरसीएच सभागार में ओरिएंटेशन का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शिशु मृत्यु दर कम करने और कमजोर बच्चों को स्वस्थ्य बनाने के उद्देश्य से रांची जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पे विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन संस्थान के साथ प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 250 वोलेंटियर तैयार किए जाएंगे जो बच्चों को गोद लेने के साथ उनकी देखभाल का भी ध्यान रखेंगे। इस अभियान के क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को नामकुम स्थित आरसीएच सभागार में अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा की अध्यक्षता में ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की डॉ रूपल और अन्य प्रतिनिधियों ने प्रजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में शिशु स्वास्थ्य कोषांग प्रभारी डॉ कमलेश, मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग प्रभारी डॉ पुष्पा, आईईसी कोषांग प्रभारी डॉ लाल माझी, रांची सिविल सर्जन सहित सभी संबंधित कोषांगों के परामर्शी और समन्वयक मौजूद थे।

आईआईटी मुंबई की ओर से तैयार हेल्थ स्पोकेन ट्यूटोरियल की मदद से स्टाफ को प्रशिक्षित किया जायेगा हेल्थ स्पोकेन ट्यूटोरियल में 15 भाषाओं में बच्चों के पोषण सुधार से संबंधित 102 प्रकार के लेक्चर सिरीज हैं। लर्निंग एंड एक्शन प्रोटोकॉल में आईईटी मुंबई सहयोग करेगा।

अभियान निदेशक ने निर्देश दिया कि इस अभियान के कार्यान्वयन में एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका का पूरा सहयोग लें। उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग की परामर्शी को निर्देश दिया की प्रत्येक प्रखण्ड से तीन-तीन लोगों का चयन करें, जिन्हें प्रशिक्षित कर मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य लिया जा सके। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर तैयार हो जाने से यह कार्यक्रम समुदाय स्तर तक पहुंचाने में आसानी होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनिसेफ से भी सहयोग लेने का निर्देश दिया। अभियान का मूल उद्देश्य गर्भवती धात्री माताओं के पोषण में सुधार और शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के व्यवहारों पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता का कौशल उन्मुखीकरण किया जाना है। अभियान के तहत नवजात बच्चों की देखभाल के लिए जन्म के बाद से ही कमजोर बच्चों की सूची तैयार कर गोद देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी साथ ही गोद लेने वाले बच्चों के सेहतमंद होने तक वोलेंटियर हेल्थ मॉनिटरिंग करेंगे।

# भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया



**एजेंसी। आइंडहोवन**

भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने मौजूदा यूरोप दौरे के दूसरे मैच में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड को 6-0 से मात दी। उत्तम सिंह ने एक बार फिर भारत-ए टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने भी गोल दागा। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहिल मोहसिन ने लगातार दो शानदार गोल दागे। वहीं, अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने भी एक-एक गोल किया। भारत-ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर देश के लिए दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, "आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई शानदार रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हम फ्रांसीसी टीम से खेलेंगे और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे।"मंगलवार को, भारत ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की थी। उत्तम सिंह ने टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य लालागे ने लगातार दो गोल दागे। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोरशीट में जगह बनाई। आयरलैंड सिर्फ एक गोल ही कर सका था। भारत अगले दो हफ्तों तक फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। यूरोप दौरे पर इन मैच के जरिए खिलाड़ियों की डेप्थ और तैयारी की परीक्षा ली जा रही है। राष्ट्रीय सेटअप भारतीय सीनियर टीम के लिए एक मजबूत प्रतिभा पूल तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस दौरे के माध्यम से, हॉकी इंडिया का टारगेट भारतीय पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए टैलेंट पूल को मजबूत करना और भारतीय हॉकी के अगले सितारों को अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का एक्सपीरियंस देना है। कप्तान संजय का मानना है कि यह दौरा टीम की ताकत को समझने का एक शानदार मौका है।

## सीनियर मेंस नेशनल कैंप के लिए 33 सदस्यीय कोर ग्रुप का ऐलान

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सीनियर मेंस नेशनल कोचिंग कैंप के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी। यह कैंप 14 जुलाई से 7 अगस्त तक बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित होगा। आगामी कैंप भारतीय टीम के लिए एक अहम तैयारी चरण है, क्योंकि टीम दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की तैयारी में जुटी है। यूरोप में भारत का एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में अभियान निराशाजनक रहा था। यहां भारत ने आठ में से केवल एक मैच जीता। उसे लीग में आठवें स्थान पर रहना पड़ा।

> "आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई शानदार रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं : कोच शिवेंद्र सिंह




# एक ही ओवर में रेड्डी ने इंग्लैंड को दिए दो झटके



**लॉर्ड्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट गुरुवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और लंच तक दो विकेट के नुकसान पर 83 रन बना लिए। ओली पोप 12 और जो रूट 24 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 43 के स्कोर पर बेन डकेट के रूप में लगा। वह 23 रन बनाकर आउट हुए। जैक क्रॉले की असफलता का दौर जारी रहा। वह दूसरे विकेट के रूप में 18 रन बनाकर आउट हुए। तब टीम का स्कोर 44 था। इंग्लैंड को दोनों झटके पारी के 14वें ओवर में नितीश कुमार रेड्डी ने दिए। इसके बाद ओली पोप और जो रूट ने सावधानी से बल्लेबाजी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दोनों के बीच 39 रन की साझेदारी हो चुकी है। पोप 34 गेंद में 12 और रूट 34 गेंद में 24 रन बनाकर खेल रहे हैं। ये दोनों बल्लेबाज दूसरे सेशन में कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर इंग्लैंड की पारी काफी हद तक निर्भर करेगी। अगर इनका विकेट गिरता है, तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी होगा। अगर ये आउट नहीं हुए, तो इंग्लैंड बड़ा स्कोर बना सकती है। दोनों टीमें मैच में बड़े बदलाव के साथ उतरी हैं। भारत ने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह दी है। उन्हें पिछले टेस्ट में वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया था। हालांकि बुमराह पहले सेशन में अपना प्रभाव छोड़ने में सफल नहीं रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने उन्हें सावधानी से खेला और कोई भी विकेट उन्हें नहीं दिया है। इंग्लैंड टीम ने भी एक बदलाव किया है। चार साल बाद जोफ्रा आर्चर टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्हें जोश यंग की जगह टीम में मौका दिया गया है।

## लंच तक इंग्लैंड के 83/2

# फीफा क्लब 2025 : रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर फाइनल में पीएसजी

**एजेंसी। न्यू जर्सी**



पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने रियल मैड्रिड को 4-0 से शिकस्त देकर फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पीएसजी की जीत के हीरो फाबियन रुइज रहे, जिन्होंने दो गोल दागे। यह मुकाबला मेटलाइफ स्टेडियम में गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को खेला गया। अब पीएसजी की टीम खिताबी मुकाबले में इंग्लिश क्लब चेल्सी से भिड़ेगी, जिसने सेमीफाइनल में फ्लुमिनेंस को 2-0 से हराया है। भारत में इस फाइनल मैच की शुरुआत 14 जुलाई को रात 12 बजकर 30 मिनट पर होगी। रियल मैड्रिड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में लुइस एनरिके की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल अपनाते हुए दबदबा बनाए रखा। मुकाबले के छठे मिनट फाबियन रुइज ने गोल दागकर पीएसजी को शुरुआती बढ़त दिला दी।

इसके बाद ओउस्माने डेम्बेले ने 9वें मिनट में गोल करते हुए टीम को 2-0 से बढ़त में ला दिया। बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड ने 2025 में अपने क्लब के लिए 33 मैचों में 27 गोल दागे हैं। 27वें मिनट फाबियन रुइज ने एक और गोल करते हुए पीएसजी के फैंस को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया। यहां से रियल मैड्रिड की टीम पर काफी दबाव था, लेकिन मैड्रिड गोल करने में कामयाब नहीं हुई। 87वें मिनट गोंसालो रामोस ने भी गोल करते हुए अपना खाता खोला और पीएसजी को 4-0 से लीड दिला दी। पीएसजी की टीम इससे पहले लीग-1, कप डे फ्रांस और यूईएफए चैंपियंस लीग अपने नाम कर चुकी है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। यह टूर्नामेंट हर साल आयोजित होता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम का फैसला करना है।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में दो या उससे अधिक मुकाबलों की टी20 सीरीज अपने नाम की है। भारत ने इंग्लैंड में पहली बार साल 2006 में टी20 क्रिकेट खेला था। इस दौरान सिर्फ एक ही टी20 मैच खेला गया, जिसमें भारत ने आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज का यह मुकाबला मैनचेस्टर में खेला गया, जिसमें इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड को अपना ही निर्णय भारी पड़ गया। टीम ने 21 के स्कोर पर डेनियल व्याट-हॉज (5) का विकेट खो दिया। इसके बाद टीम ने निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए। मेजबान टीम निर्धारित ओवरों तक सात विकेट खोकर महज 126 रन बना सकी। इस टीम के लिए सोफिया डंकले ने 19 गेंदों में सर्वाधिक 22 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए। भारत की ओर से श्री चरणी और राधा यादव को दो-दो विकेट हाथ लगे, जबकि अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

## हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सीईओ गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस के क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सीईओ और दो अन्य को जालसाजी, धोखाधड़ी और फंड्स के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीआईडी ने गुरुवार को बताया कि उसने एचसीए अध्यक्ष ए. जगन मोहन राव, कोषाध्यक्ष सी.जे. श्रीनिवास राव, सीईओ सुनील कांते, श्री चक्र क्रिकेट क्लब के महासचिव राजेंद्र यादव और चक्र क्रिकेट क्लब की अध्यक्ष जी. कविता को गिरफ्तार किया है। सीआईडी की एडिशनल डीजीपी चारु सिन्हा के अनुसार, यह आरोपियों के जरिए धोखाधड़ी और फंड्स के दुरुपयोग के उद्देश्य से दस्तावेजों की जालसाजी और आपराधिक विश्वासघात का मामला है। तेलंगाना क्रिकेट एसोसिएशन के धरम गुरुवा रेड्डी की शिकायत के आधार पर, सीआईडी ने 9 जून को विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया।

## ओमान मेंस टी20 वर्ल्ड कप एशिया एंड ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर की मेजबानी करेगा

**एजेंसी। दुबई**



ओमान इस साल अक्टूबर में आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप एशिया एंड ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर की संयुक्त मेजबानी करेगा। आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप एशिया एंड ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर में नौ टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं।

2024 के सब-रीजनल क्वालीफायर कुवैत, मलेशिया, यूएई, कतर, जापान, समोआ, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान ओमान के साथ मिलकर अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इन टीमों में से ओमान, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और यूएई पहले भी पुरुष टी20 विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। यह टूर्नामेंट 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें ग्रुप चरण 8-10 अक्टूबर तक खेला जाएगा। नौ टीमों को तीन-तीन के तीन ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी, जो 12-17 अक्टूबर तक खेला जाना है। सुपर सिक्स चरण के अंत में, शीर्ष तीन टीमें भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की करेंगी।

ग्रुप-1 में संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और कतर की टीमें शामिल हैं, जबकि ग्रुप-2 में नेपाल और कुवैत के साथ-साथ पूर्वी एशिया-प्रशांत की उभरती हुई ताकत जापान भी है। मेजबान ओमान, पापुआ न्यू गिनी और समोआ के साथ ग्रुप-3 में है।

## दूसरे टेस्ट के बाद टीम इंडिया पर दबाव कम होता दिख रहा है: शिखर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत-इंग्लैंड के बीच गुरुवार से लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। पूर्व भारतीय ओपनर शिखर धवन ने युवा कप्तान शुभमन गिल की तारीफ की है। उनके मुताबिक सीरीज में टीम इंडिया पर दबाव कम हो गया है। शिखर धवन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, "मैं पूरी टीम को 58 साल बाद एजबेस्टन में जीत के लिए बधाई देना चाहता हूं। यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। दूसरे टेस्ट में जिस तरह से भारतीय खिलाड़ियों ने वापसी की, इसने उनके जज्बे को दिखाया है।"

धवन ने युवा कप्तान की तारीफ में कहा, "शुभमन गिल ने 269 और 161 रनों की शानदार पारियों के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया। बुमराह की अनुपस्थिति में, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने गेंद से उनका शानदार साथ दिया। पहले टेस्ट में भले ही हम हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन पॉजिटिव था।"शिखर धवन ने लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट को लेकर कहा, "गिल ने 147 रन की मजबूत पारी खेली, जबकि ऋषभ पंत ने दो शतक जड़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सेंसेक्स 350 अंक तो निफ्टी में 100 अंक फिसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**




हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 10 जुलाई को सेंसेक्स 350 अंक गिरकर 83,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में 100 अंक से ज्यादा की गिरावट है, ये 25,360 पर कारोबार कर रहा है। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन 9 जुलाई को सेंसेक्स 176 अंक गिरकर 83,536 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 46 अंक की गिरावट है, ये 25,476 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की 225 नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार बीते दिनों सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70.15 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

**आय सत्र की शुरुआत:** भारत की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) आज वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के आय सत्र की शुरुआत करने वाली है। आईटी क्षेत्र वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें कमजोर वैश्विक मांग, व्यापार तनाव को लेकर बढ़ती चिंताएँ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव को लेकर अनिश्चितता शामिल है। सत्र के दौरान निफ्टी आईटी सूचकांक में 1 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

**व्यापार समझौते को लेकर चिंताएं:** भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशक सतर्क हैं। हालाँकि भारत का नाम अभी तक ट्रम्प प्रशासन द्वारा नए टैरिफ उपायों का सामना करने वाले देशों की सूची में नहीं है, लेकिन भविष्य में कार्रवाई की संभावना ने धारणा को नियंत्रित रखा।

**कमज़ोर वैश्विक संकेत:** एशियाई शेयरों में मिला-जुला कारोबार हुआ, जापान का निक्केई 225 सूचकांक 1 प्रतिशत तक गिर गया। अमेरिकी शेयर वायदा भी लाल निशान में रहे, जो वॉल स्ट्रीट की कमज़ोर शुरुआत का संकेत था।

**फार्मा शेयरों पर दबाव:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दवा उत्पादों पर संभावित 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने के संकेत के बाद, जिसे एक साल की मोहलत के बाद लागू किया जाएगा, फार्मा शेयरों पर भी दबाव देखा गया। इस कदम से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएँ बाधित हो सकती हैं और भारत, जो अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का एक प्रमुख निर्यातक है, पर गहरा असर पड़ सकता है।

### एफटीए से कृषि क्षेत्र की वृद्धि को मिल रहा बढ़ावा

## 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे गए : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) देशों और ब्रिटेन सहित विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से सहायक नीतियों, राजकोषीय प्रोत्साहनों, कम टैरिफ बाधाओं और नए बाजार तक पहुंच के जरिए कृषि क्षेत्र में प्रगति हुई है।



16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संतुलित उर्वरक इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे गए हैं और किसान क्रेडिट कार्ड पहल के माध्यम से फसल ऋण सुलभ कराए गए हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कृषि क्षेत्र को अपने विकास एजेंडे में लगातार सबसे आगे रखा है। पीएम-किसान सम्मान निधि योजना से बड़ी संख्या में किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 1,400 मंडियों को ई-नाम प्लेटफॉर्म के साथ इंटीग्रेट किया गया है, जिससे देश भर के किसानों को फसल की कीमतों की वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त करने और बाजार संपर्क बढ़ाने में मदद मिली है। केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों को बताया, "उर्वरक क्षेत्र में, सरकार ने किसानों को किफायती दामों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त सब्सिडी प्रदान की है। इसके अलावा, कोरोना महामारी के दौरान भी किसानों को समय पर उर्वरक की सप्लाई सुनिश्चित की गई।"

उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में उथल-पुथल और निर्यात में गिरावट के बावजूद, भारत के कृषि क्षेत्र ने शानदार मजबूती प्रदर्शित की है।

## विवादों के बीच लांच हुआ एलन मस्क का ग्रोक 4

**एजेंसी। नई दिल्ली**




एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) कंपनी एक्सएआई ने अपना नया और सबसे एडवांस AI चैटबॉट ग्रोक 4 लॉन्च कर दिया है। यह लॉन्च एक ऐसे समय में हुआ है जब कुछ दिन पहले ही ग्रोक को यहूदी-विरोधी और नस्लवादी टिप्पणियां करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद कंपनी ने ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट्स को हटा दिया था।

ग्रोक 4 को X (पहले ट्विटर) पर एक लाइवस्ट्रीम के दौरान पेश किया गया, जिसमें एलन मस्क और xAI टीम के सदस्य मौजूद थे। मस्क ने लॉन्च के मौके पर कहा कि उनके पास ग्रोक का टेस्ट करने के लिए सवाल खत्म हो गए हैं, और 'वास्तविकता ही अंतिम तर्क परीक्षा है।' मस्क ने ग्रोक 4 की भविष्य की क्षमताओं के बारे में भी बड़े दावे किए हैं। उनका कहना है कि इस साल के अंत तक ग्रोक नई टेक्नोलॉजी खोजनी शुरू कर सकता है, और अगले दो सालों में तो यह नई फिजिक्स भी ढूंढ सकता है। उन्होंने अपनी पोस्ट को यह कहकर खत्म किया, 'इसे समझ लीजिए।'

**ग्रोक 4 कैसे मिलेगा?**

ग्रोक 4, X पर एक नए प्रीमियम सब्सक्रिप्शन का हिस्सा होगा। इसे $300 प्रति माह के 'प्रो' सब्सक्रिप्शन के तहत खरीदा जा सकता है। यह उन लोगों के लिए बनाया गया है जो एक ऐसा चैटबॉट चाहते हैं जो सिर्फ बेसिक सवालों के जवाब देने से कहीं आगे बढ़कर जटिल विषयों और विचारों को भी समझ और संभाल सके।